



# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-175 ▶ मुंबई, मंगलवार, 21 जनवरी 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4




ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने बनाया कप्तान

...पेज 11

महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म एवं हत्या का मामला

# हत्यारोपी संजय राय को उम्रकैद

## ▶▶ 50 हजार का जुर्माना भी लगाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सियालदह की एक सत्र अदालत ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के अभियुक्त संजय रॉय को सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) दायर अभियोग पत्र पर प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयान और बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश अनिर्बान दास ने रॉय को शनिवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64, 66 और 103(1) के तहत दोषी ठहराया। सीबीआई ने आज अदालत से इस जघन्य अपराध के लिए अदालत से आरोपी को फांसी की सजा सुनाये जाने की दलील दी थी। अदालत ने आज अपराह्न करीब पौने तीन बजे इस मामले में अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी को उम्रकैद और 50 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनायी।



### हमने मृत्युदंड की मांग की : ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि "मुझे मीडिया से सजा के बारे में पता चला। हमने हमेशा मृत्युदंड की मांग की है और हम इस पर कायम हैं। हालांकि, यह अदालत का फैसला है और मैं इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती। तीन अन्य मामलों में, राज्य पुलिस ने गहन जांच के माध्यम से मृत्युदंड सुनिश्चित किया, जो 54-60 दिनों के भीतर पूरा हो गया। यह एक गंभीर मामला था। अगर यह हमारे अधिकार क्षेत्र में होता, तो हम बहुत पहले ही मृत्युदंड सुनिश्चित कर देते।"

### 'मुझे फंसाया जा रहा है'

दुष्कर्म और हत्या के दोषी संजय रॉय ने सोमवार को अदालत में दावा किया कि वह निर्दोष है और उसे गलत तरीके से दोषी ठहराया गया है। रॉय को पिछले वर्ष अगस्त माह में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म करने और उसकी गला दबाकर हत्या करने का दोषी ठहराया गया। रॉय ने अदालत से कहा, "मुझे फंसाया जा रहा है और मैंने कोई अपराध नहीं किया है। मैंने कुछ भी नहीं किया है फिर भी मुझे दोषी ठहराया गया है।"

### पीड़िता के परिवार को 17 लाख की क्षतिपूर्ति

सीबीआई ने बिरले से बिरला मामला बताते हुए दोषी को मौत की सजा दिये जाने की अपील की थी, लेकिन अदालत ने कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है। सजा सुनाते समय अदालत ने राज्य सरकार को पीड़िता चिकित्सक के परिवार वालों को क्षतिपूर्ति के रूप में 17 लाख रुपए की सहयोग राशि दिये जाने का आदेश भी दिया।

▶▶ सैफ पर हमले की जांच ने पकड़ी रफ्तार

# पुलिस हिरासत में कई खुलासे

## घटनास्थल से मिले आरोपी के 19 फिंगरप्रिंट

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हमला करने वाला आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद पुलिस हिरासत में है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है, इस दौरान कई खुलासे हुए हैं। सैफ अली खान हमला मामले में मुंबई पुलिस को अब तक घटनास्थल से आरोपी शहजाद के 19 फिंगरप्रिंट मिले हैं। पुलिस फिंगरप्रिंट्स और फोरेंसिक स्पेशलिस्ट की मदद से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने में लगी है। मुंबई पुलिस के अनुसार, सीढ़ियों, खिड़कियों समेत अन्य स्थानों पर आरोपी के हाथों के कई निशान पाए गए हैं। यह आरोपी के खिलाफ मजबूत सबूत हो सकते हैं। सैफ अली पर हुए हमले को लेकर मुंबई पुलिस अलर्ट है और केस को सुलझाने में लगी है। इस बीच आरोपी शहजाद को लेकर नए-नए खुलासे हो रहे हैं।





### तीन चार बार बदले कपड़े

आरोपी शहजाद को लेकर मुंबई क्राइम ब्रांच ने यह भी बताया कि सैफ पर हमले के बाद उसने 3 से 4 बार अपने कपड़े बदले थे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी लगातार घूम रहा था। वह बांद्रा स्टेशन गया। वहां से दादर, वर्ली, अंधेरी और फिर ठाणे चला गया।



### सहयोगी रिक्शाचालक की तलाश

शहजाद ने अभिनेता के घर में घुसने से पहले कई मशहूर हस्तियों के घरों की रेकी की थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ने रिक्शा चालक से बांद्रा इलाके में रहने वाली हस्तियों के घर के बारे में जानकारी हासिल की थी। पुलिस उस रिक्शा चालक की तलाश कर रही है, ताकि पता चल सके कि आरोपी ने किस-किस स्टार के घर की रेकी की थी।

### आरोपी के फोन में मिली संदिग्धों की फोटो

▪ मुंबई पुलिस के जांच अधिकारियों ने बताया कि शहजाद ने न्यूज चैनलों पर दिखाए गए संदिग्धों के स्क्रीनशॉट को अपने फोन में सेव कर लिए थे। मुंबई पुलिस ने शहजाद के फोन से उन संदिग्धों की तस्वीरें बरामद की हैं। जिनसे पुलिस ने मुख्य आरोपी को ढूंढने के लिए पूछताछ की थी। ये तस्वीरें मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए शहजाद तक पहुंचीं थीं।

### आरोपी के ईयरफोन और कपड़े बरामद

▪ पुलिस ने आरोपी शहजाद के पास से वारदात के वक्त पहने कपड़े और ईयर फोन को बरामद कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। मुंबई पुलिस ने अभिनेता सैफ अली पर हमले के आरोपी शहजाद के पास से वारदात के वक्त पहने कपड़े और ईयरफोन बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने कपड़ों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।







## न्यूज BRIEF

### सोपोर मुठभेड़ में घायल भारतीय जवान शहीद

कश्मीर। जम्मू-कश्मीर के सोपोर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में भारतीय सेना का एक जवान शहीद हो गया। जवान जालूरा गुज्जरपति में एक ठिकाने पर आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में घायल हो गया था और मुठभेड़ स्थल से बाहर ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इलाके में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन जारी है। आतंकियों को मार गिराने के प्रयास किए जा रहे हैं।



### मां के साथ ही रहेगा अतुल सुभाष का बेटा

**नई दिल्ली।** पत्नी के कथित उत्पीड़न के कारण अपनी जान देने वाले एआई इंजीनियर अतुल सुभाष की मां को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने अतुल सुभाष की मां की मांग ठुकरा दी और कहा कि बच्चा अपनी मां निकिता सिंघानिया के पास ही रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने अतुल सुभाष की मां को बच्चे की कस्टडी की मांग के लिए निचली अदालत जाने की छूट दी है।



### बुलंदशहर : सड़क हादसे में 17 यात्री घायल

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले में एक ट्रक और स्लीपर कोच के बीच जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि कार को बचाने चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर दूसरे लेन में जा घुसा। वहीं सामने से आ रही बस से जा टकराया। रामपुर से जयपुर जाते समय स्लीपर कोच बस और अनियंत्रित ट्रक के बीच भीषण टक्कर हुई है। ट्रक और बस की टक्कर में लगभग 17 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 8 घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

### मिल्कीपुर : चुनावी मैदान में 10 उम्मीदवार

**मुंबई।** मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव के लिए जिनके नामांकनपत्र वैध मिले थे वे सब चुनाव लड़ेंगे। किसी ने नाम वापस नहीं लिया। दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी का समय था। उस अवधि की समाप्ति के बाद निर्वाचन अधिकारी राजीवरतन सिंह ने सभी को चुनाव निशान आवंटित कर दिया। सपा प्रत्याशी को साइकिल व भाजपा उम्मीदवार को कमल चुनाव निशान आवंटित हुआ है।

बदलापुर यौन उत्पीड़न मामला

# हिरासत में आरोपी की मौत पांच पुलिसकर्मी जिम्मेदार

**मुंबई।** बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे की हिरासत में मौत के लिए मजिस्ट्रेटी जांच में पांच पुलिसकर्मियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। मजिस्ट्रेट ने सोमवार को अपनी जांच रिपोर्ट बंबई उच्च न्यायालय को सौंप दी। बंबई उच्च न्यायालय शिंदे के पिता अन्ना शिंदे की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। अन्ना शिंदे ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि उनके बेटे को पुलिस ने फर्जी मुठभेड़ में मार डाला था। अक्षय शिंदे (24) को अगस्त 2024 में बदलापुर के एक स्कूल के शौचालय के अंदर दो बच्चियों का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वह स्कूल में 'अटेंडेंट' था। सितंबर में तलोजा जेल से पूछताछ के लिए ले जाते समय शिंदे की कथित पुलिस गोलीबारी में मौत हो गई थी। पुलिस ने दावा किया कि उसने पुलिस वैन में मौजूद एक पुलिसकर्मी की बंदूक छीन ली, गोली चलाई और जवाबी गोलीबारी में वह मारा गया। पुलिस हिरासत में किसी



आरोपी की मौत के मामले में कानून के तहत मजिस्ट्रेटी जांच शुरू की जाती है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने रिपोर्ट का अवलोकन किया।

सीने में उठा दर्द

# विस अध्यक्ष देवनानी की तबीयत बिगड़ी

**पटना।** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को सोमवार पटना दौरे के दौरान सीने में दर्द की शिकायत के बाद इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देवनानी पीठासीन अधिकारियों के पटना में हो रहे सम्मेलन में भाग लेने के लिए एक दिन पहले ही पटना पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार सम्मेलन के दौरान ही सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि उनकी ईसीजी में गड़बड़ आई है। जिसके बाद डॉक्टरों ने उनके हार्ट अटैक होने की आशंका जाहिर करते हुए उनकी गहन जांच और इलाज शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार राजस्थान से भी डॉक्टरों की एक विशेष टीम पटना रवाना की गई है।



# पवार से मिले उद्धव

**मुंबई।** महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने को लेकर विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन के बीच मतभेदों के बीच शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने सोमवार को मुंबई में एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की है। मामले में पार्टी सूत्रों ने बताया कि उद्धव ठाकरे ने दक्षिण मुंबई में सिल्वर ओक में मौजूद पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार के आवास पर गए और उनसे एक घंटे से अधिक समय तक मुलाकात की।

▪ निकाय चुनाव एमवीए में कलह के बीच मंथन



### 'इंडी गठबंधन राष्ट्रीय, इसमें निकाय चुनाव की शर्त नहीं'

शरद पवार ने हाल ही में बताया कि केंद्र में इंडिया गठबंधन और महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी का जनादेश क्रमशः राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर एक साथ चुनाव लड़ना है, न कि स्थानीय स्तर पर। राकां प्रमुख शरद पवार ने कहा था, 'हमने कभी भी स्थानीय स्वशासन स्तर पर एक साथ चुनाव लड़ने पर चर्चा या सुझाव नहीं दिया है।' राजनीतिक सहयोगी पारंपरिक रूप से स्थानीय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ते हैं, लेकिन शिवसेना (यूबीटी) के फैसले ने एमवीए की व्यवहार्यता के बारे में अटकलें शुरू कर दी हैं, जिसमें शिवसेना (यूबीटी), राकांपा (एसपी) और कांग्रेस शामिल हैं।

### आपसी कलह को सुलझाने के प्रयास में पवार

▪ सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी गठबंधन के निर्माता शरद पवार ने एमवीए के भीतर उथल-पुथल को शांत करने के लिए कदम उठाया है और हाल ही में कहा कि वह आगामी स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने पर चर्चा करने के लिए गठबंधन के तीन घटकों की बैठक बुलाएंगे। शिवसेना (यूबीटी) ने घोषणा की है कि वह स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी।

पहले ही दिन एक्शन में होंगे ट्रंप

# 100 आदेशों पर करेंगे हस्ताक्षर

**वांशिगटन।** डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ लेते ही इमिग्रेशन, ऊर्जा नीति और संघीय सरकार के संचालन पर बड़े फैसले लेने की उम्मीद है। पूरी दुनिया की निगाहें उनके चुनावी वादों पर लगी होंगी, जिनमें से कुछ को उन्होंने पदभार ग्रहण करने के पहले दिन ही पूरा करने का वादा किया है। बता दें ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक ट्रंप ने कार्यालय में अपने पहले दिन 'करीब 100' कार्यकारी आदेश जारी करने का संकल्प लिया है। इनमें से कई ऑर्डर बाइडेन प्रशासन द्वारा लागू किए गए आदेशों को उलटने या समाप्त करने के लिए होंगे।



# एक वर्ग यूसीसी को कभी नहीं समझेगा : गोगोई

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई ने प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को राष्ट्रीय एकीकरण और सामाजिक न्याय की दिशा में "बेहद महत्वपूर्ण" कदम बताया। राज्यसभा सदस्य गोगोई ने कहा, "मैं समान नागरिक संहिता को एक बहुत ही प्रगतिशील कानून के रूप में देखता हूं जो विभिन्न पारंपरिक प्रथाओं की जगह लेगा जो कानून बन गए हैं।" गोगोई ने कहा कि इस बात पर कोई बहस नहीं है कि यह एक संवैधानिक लक्ष्य है और अनुच्छेद 44 में है। गोगोई ने कहा कि अगर यूसीसी को लागू किया जाता है, तो इससे सभी नागरिकों के लिए एक ही तरह का व्यक्तिगत कानून होगा, चाहे उनकी आस्था कुछ भी हो। यह विवाह, तलाक, गोद लेने, विरासत और भरण-पोषण जैसे मामलों पर लागू होगा।



# अमिताभ ने 83 करोड़ में बेचा डुप्लेक्स

**मुंबई।** पश्चिमी मुंबई के ओशिवारा इलाके में स्थित अपने डुप्लेक्स को अमिताभ बच्चन ने 83 करोड़ में बेचा है। यह अपार्टमेंट द अटलांटिस में है, जिसे क्रिस्टल ग्रुप ने बनाया है। अमिताभ बच्चन ने अप्रैल 2021 में इस डुप्लेक्स अपार्टमेंट 31 करोड़ रुपये में खरीदा था। 1.55 एकड़ में फैली इस प्रॉपर्टी में 4, 5 और 6 बीएचके अपार्टमेंट हैं। रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक 5,704 स्क्वॉयर फीट के इस प्रीमियम डुप्लेक्स का कार्पेट एरिया 5,185.62 स्क्वॉयर फीट है। इस प्रॉपर्टी के साथ अटैच्ड एक 4,800 स्क्वॉयर फीट की छत भी है और साथ ही 6 मेकेनाइज्ड कार पार्किंग भी है। इसकी स्टाम्प ड्यूटी 4.98 करोड़ रुपये और रजिस्ट्रेशन चार्ज 30,000 रुपये है। इसी अपार्टमेंट में कृति सेनन भी रह चुकी हैं। इसके लिए वह मासिक 10 लाख रुपये का रेंट भरती थीं, जबकि इसके लिए 60 लाख रुपये सिक्योरिटी डिपॉजिट के तौर पर रखा था।



जहर देकर मारा था बॉयफ्रेंड को

# केरल में युवती को फांसी की सजा

**नई दिल्ली।** केरल के तिरुवनंतपुरम की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सोमवार को 24 साल की एक युवती को फांसी की सजा सुनाई। युवती ने अक्टूबर 2022 में आयुर्वेदिक टॉनिक में जहर मिलाकर अपने बॉयफ्रेंड को पिलाकर उसकी हत्या कर दी थी। युवती की शादी कहीं और तय हो गई थी, इसलिए उसने बॉयफ्रेंड से पीछा छुड़ाने के लिए उसकी जान ले ली। उसके चाचा निर्मला कुमारण नायर को हत्या में साथ देने और सबूत मिटाने का दोषी पाया गया गया, उसे 3 साल की सजा सुनाई गई। जबकि युवती की मां को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। सजा सुनाए जाने के बाद दोषी ग्रीष्मा को महिला जेल और सुधार गृह, अट्टाकुलंगरा ले जाया गया। ग्रीष्मा के वकील ने कहा- वह पढ़ी लिखी है और अपने माता-पिता की इकलौती बेटी है।



### ये रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला : अदालत

ये रेयरेस्ट ऑफ द रेयर केस है। लड़की ने उस व्यक्ति को धोखा दिया जो उससे प्यार करता था और इससे समाज में अच्छा संदेश नहीं गया। कोर्ट ने 586 पन्नों के अपने फैसले में कहा- अपराध की गंभीरता के सामने दोषी की उम्र और अन्य परिस्थितियों को ध्यान में रखने की जरूरत नहीं है। 14 अक्टूबर 2022 को ग्रीष्मा ने शेरोन राज को कन्याकुमारी के रामवर्मनचिराई स्थित अपने घर बुलाया। वहां ग्रीष्मा ने शेरोन को आयुर्वेदिक टॉनिक में पैराक्वाट मिलाकर जहर दे दिया। जैसे ही शेरोन ग्रीष्मा के घर से निकला तो उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वो लगातार उल्टी करने लगा। घर वालों से उसे तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। 23 साल के शेरोन की 11 दिन बाद 25 अक्टूबर को अस्पताल में मौत हो गई थी। शेरोन तिरुवनंतपुरम के परसाला का रहने वाला था।

ऑक्सफैम की रिपोर्ट में भारत को लेकर दावा

# ब्रिटेन के लोगों ने लूटा भारत

## 33.8 ट्रिलियन डॉलर लूट ले गए केवल 10% अंग्रेज

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन ने 1765 से 1900 के बीच उपनिवेशवाद के दौरान भारत से 64.82 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर निकाले, जिनमें से 33.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर सबसे अमीर 10 प्रतिशत के पास गए – यह इतनी राशि थी कि लंदन में 50 ब्रिटिश पाउंड के नोटों के रूप में लगभग चार बार बिक सकते थे। यह रिपोर्ट अधिकार समूह ऑक्सफैम इंटरनेशनल की नवीनतम प्रमुख वैश्विक असमानता रिपोर्ट का हिस्सा है, जो हर साल विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के पहले दिन जारी की जाती है। रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन में आज सबसे अमीर लोगों की एक बड़ी संख्या अपने परिवार की संपत्ति का श्रेय गुलामी और उपनिवेशवाद को देती है, विशेष रूप से गुलामी समाप्त होने पर उनके मालिकों को दिए गए मुआवजे से उन्हें बड़ी आय हुई थी। "आधुनिक बहुराष्ट्रीय निगम उपनिवेशवाद की देन है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट में कहा गया है कि ईस्ट इंडिया कंपनी जैसी कंपनियों ने इसकी शुरुआत की थी, जो खुद ही कानून बन गई और कई औपनिवेशिक अपराधों के

### वैश्विक उत्पादन में 25% था भारतीय योगदान

रिपोर्ट में कहा गया है कि 1750 में, भारतीय उपमहाद्वीप में वैश्विक औद्योगिक उत्पादन का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा था। हालांकि, 1900 तक यह आंकड़ा तेजी से घटकर मात्र 2 प्रतिशत रह गया था। रिपोर्ट के निष्कर्षों से पता चलता है कि "इस नाटकीय कमी का श्रेय ब्रिटेन द्वारा एशियाई वस्त्रों के खिलाफ सख्त संरक्षणवादी नीतियों के कार्यान्वयन को दिया जा सकता है, जिसने भारत की औद्योगिक विकास क्षमता को व्यवस्थित रूप से कमजोर कर दिया। 200 वर्षों में ब्रिटेन ने भारत से 64.82 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर निकाले हैं।"

### प्रति सप्ताह बन रहे चार नए अरबपति

2024 में वैश्विक स्तर पर कुल अरबपतियों की संपत्ति में 2 ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि हुई, जिसमें 204 नए अरबपति बने। यह प्रति सप्ताह लगभग चार नए अरबपतियों का औसत है। "कुल अरबपतियों की संपत्ति 2023 की तुलना में 2024 में तीन गुना तेजी से बढ़ी। प्रत्येक अरबपति की संपत्ति में औसतन प्रतिदिन 2 मिलियन डॉलर की वृद्धि हुई। रिपोर्ट में बताया गया है कि सबसे अमीर 10 अरबपतियों की संपत्ति में औसतन प्रतिदिन 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है। पिछले साल ऑक्सफैम ने एक दशक के भीतर एक ट्रिलियनेयर के होने का अनुमान लगाया था।

नागपुर आरएसएस मुख्यालय पर कांग्रेस का प्रदर्शन

# नहीं पहुंचे 60 नेता, गिरी गाज

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के राम मंदिर निर्माण को असली आजादी बताए जाने पर कांग्रेस ने पिछले दिनों आंदोलन किया था। आरएसएस के नागपुर स्थित मुख्यालय तक मार्च निकाला गया था, लेकिन इस आयोजन में कांग्रेस के ही तमाम कार्यकर्ता शामिल नहीं हुए थे। अब कांग्रेस ने ऐसे लोगों पर ऐक्शन लिया है और कुल 60 कार्यकर्ताओं को पदों से हटा दिया गया है। कांग्रेस ने जिन नेताओं के खिलाफ ऐक्शन लिया है, वे यूथ विंग के सदस्य हैं या पदाधिकारी हैं। कांग्रेस ने जिन लोगों को हटाया है, उनमें कुछ वाइस प्रेसिडेंट, 8 महासचिव, 20 सचिव और कुछ जिलाध्यक्ष शामिल हैं। नेशनल यूथ कांग्रेस की ओर से 19 जनवरी को मार्च का आयोजन किया था, जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय चीफ उदय भानु ने किया था।



### प्रदर्शन से गायब रहे कई वरिष्ठ नेता

इस मार्च में महाराष्ट्र के यूथ कांग्रेस प्रेसिडेंट कुणाल रावत भी शामिल थे। इसमें कांग्रेस के कई कार्यकर्ता शामिल हुए थे, लेकिन कुछ नेता गायब रहे। इस पर सवाल उठे थे कि आखिर कांग्रेस के आंदोलन में नेताओं ने हिस्सा क्यों नहीं लिया। अंत में हाईकमान की मंजूरी के बाद 60 नेताओं के खिलाफ ऐक्शन ले लिया गया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आरएसएस मुख्यालय के पास ही मीटिंग की और फिर नारेबाजी की।

### गांधी सहित अन्य आंदोलनकारियों का अपमान

प्रदर्शन के बाद मीडिया से बात करते हुए उदय भानु और राउत ने कहा था कि मोहन भागवत का यह कहना कि असली आजादी राम मंदिर के निर्माण से मिली है, यह गलत है। उन्होंने कहा कि ऐसा बयान से सीधे तौर पर भगत सिंह, महात्मा गांधी और अन्य आंदोलनकारियों का अपमान है। इन लोगों ने स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया था, लेकिन मोहन भागवत के बयान से उन लोगों का अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का नाम भारत के इतिहास में अमिट है और उसे मिटाया नहीं जा सकता। लेकिन इस प्रदर्शन से ज्यादा चिंता कांग्रेस में इस बात को लेकर हुई कि आखिर उसके ही कई नेता क्यों नहीं पहुंचे। इन नेताओं को पदों से हटाने का आदेश रविवार को देर रात जारी किया गया। यह आदेश महाराष्ट्र यूथ कांग्रेस के प्रभारी अजय चिकारा की ओर से जारी किया गया।

राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन नोइंग सिटिजन्स नीड क्लब

# विद्यालयीय बुद्धि परीक्षण कार्यक्रम संपन्न

**पालघर।** पालघर जिले के बोईसर नगर के संजय नगर स्थित ज्ञान सागर इंग्लिश मीडियम स्कूल में राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन नोइंग सिटिजन्स नीड क्लब (केसीएन क्लब राष्ट्रीय कमेटी के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र महिला कमेटी मीरा सृजन द्वारा 20 जनवरी को मकर संक्राति व गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मेधावी छात्रों के प्रोत्साहन हेतु अंतर विद्यालय बुद्धि परीक्षण परीक्षा तृतीय का आयोजन किया गया। जिले के विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे मेधावी छात्रों के मानसिक उन्नति व परीक्षण हेतु राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन नोइंग सिटिजन्स नीड क्लब द्वारा अंतर विद्यालयीय बुद्धि परीक्षण परीक्षा तृतीय (इंटर स्कूल आई क्यु टेस्ट इक्जाम) का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जिसमे बालक बालिका वर्ग के मेधावी छात्रों को प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्ति पर पारितोषिक व सम्मान चिन्ह, प्रमाण पत्र वितरित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के महाराष्ट्र उपाध्यक्ष संगीता जायसवाल व आयोजक एवं संस्था की उपाध्यक्ष जयंती महतो द्वारा संस्थापिका के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पदाधिकारी राजनारायण यादव ने किया। आयोजन में 9वीं के बालिकाओं के बौद्धिक क्षमता परीक्षण प्रतियोगिता में रिंकी राजेश यादव,लक्ष्मी राजभर, डिम्पल यादव व बालको में सूरज प्रदीप सिंह,अक्षज देसाई, शुभम मिश्र को प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। छोटे बच्चों की प्रतियोगिता 6 वीं से 8 वीं तक के बालिकाओं में सृष्टी अरविंद यादव, अंजली राजकुमार चौहान, साक्षी प्रदीप सिंह व बालको में आयुष एल गुप्ता, राघवेंद्र श्रीवास्तव , प्रतीक संतोष यादव ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षण प्रक्रिया में प्रेम चन्द्र, अभिजीत मिश्र, गोपाल शर्मा, संगम सिंह, अभिलाषा पंकज महतो का विशेष सहयोग रहा व कुल 175 मेधावी छात्रों ने परीक्षा दी। सम्पूर्ण कार्यक्रम महाराष्ट्र प्रदेश कमेटी कोंकड मण्डल व जिला कार्यकारिणी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदन मिश्र त्यागी ने बच्चों को शिक्षा स्वास्थ्य सहित संस्कृति और संस्कार को सुंदर बनाने हेतु बेहतरीन टिप्स दिए। कार्यक्रम में सहयोगी संस्थाओं में परीक्षा केंद्र ज्ञान सागर इंग्लिश मीडियम स्कूल संजय नगर , मीरा सृजन शिक्षण संस्थान बोईसर केंद्र, जय योगेश्वर गुरुकुल विद्यापीठ एन्ड प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र बोइसर का सहयोग रहा। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में संस्था के इस्तेयाक खान, उधोजक रवि महतो, अरविंद दुबे सहित विद्यालय की प्रधानाचार्या उमा जोशी, शिक्षिका अनसुइया भोईर, अंजना मेनन, पल्लवी चौधरी, सुनील पवार उपस्थित रहें।



# पुणे में महिला डाक्टर ने खाया जहर

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे के बिबवेवाड़ी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक महिला डाक्टर की खुदकुशी का मामला सामने आया है। महिला डाक्टर के एक साथी पर शादी के नाम पर धोखा देने का आरोप लगा है। जब साथी ने 10 लाख रुपए लेकर शादी से इनकार किया तो महिला डाक्टर ने आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मानसिक सदमे के चलते महिला डाक्टर ने क्लीनिक में जहरीली दवा खाकर अपनी जान दे दी। खुदकुशी करने वाली महिला डाक्टर का नाम पल्लवी पोपट फड़तारे है। उनकी उम्र 25 वर्ष थी। कथित तौर पर महिला डॉक्टर को धोखा देने वाले आरोपी का नाम कुलदीप आदिनाथ सावंत है। पुणे के बिब्वेवाड़ी पुलिस स्टेशन में कुलदीप सावंत के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक पहले शादीशुदा होने के बावजूद आरोपी ने जीवन साथी डॉट कॉम वेबसाइट पर खुद को अविवाहित बताकर युवती को शादी का झांसा दिया था और फिर उससे 10 लाख रुपए ऐंठ लिए।



### शादीशुदा था आरोपी

- आरोपी कुलदीप सावंत ने महिला डाक्टर को बताया कि वह शादीशुदा है और उसकी पत्नी गर्भवती है। इस खुलासे के बाद महिला डॉक्टर को सदमा मार गया और फिर उसने जहरीली दवा खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

# ठाणे में आग की चार घटनाएं, दो वाहन जले

**ठाणे।** ठाणे शहर में सोमवार को चार अलग-अलग घटनाओं के कारण आग लग गई। एक खड़े दोपहिया वाहन के साथ-साथ चलती रिक्शा में भी आग लग गई। ये घटनाएं सोमवार मध्य रात्रि से लेकर दोपहर ढाई बजे के बीच के बारह घंटों में सामने आईं। एक घटना में रिक्शा चालक सौभाग्यवश बच गया क्योंकि वह समय रहते रिक्शा से उतर गया था। यह जानकारी आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने दी। सोमवार को करीब 2:45 बजे लोकमान्य नगर पाड़ा क्रमांक 04 में सड़क के किनारे खड़े एक दोपहिया वाहन में आग लग गई। स्थानीय नागरिकों और अग्निशमन विभाग द्वारा बीस मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में बाइक जलकर राख हो गई। एक और घटना, हजूरी स्थित गुरुप्रेरणा भवन की छठी मंजिल पर बिजली के तारों में मामूली आग लग गई। यह घटना सुबह करीब पांच बजे प्रकाश में आई। स्थानीय निवासियों और अग्निशमन कर्मियों ने शाम करीब 5:15 बजे छोटी सी आग पर काबू पा लिया। तीसरी घटना, सुबह करीब 8:30 बजे घोड़बंदर रोड पर नागला पोर्ट के पास खुले मैदान में पड़ी सूखी लकड़ियों में आग लग गई। अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। चौथी घटना भी सोमवार दोपहर करीब सवा दो बजे पोखरण रोड नंबर एक पर सिंघानिया स्कूल के सामने हुई। वर्तकनगर जाने वाली सड़क पर एक रिक्शा में आग लग गई। जब पता चला कि रिक्शा में आग लग गई है तो रिक्शा चालक रमेश राठौड़ रिक्शा छोड़कर भाग गया। सौभाग्यवश इस बार कोई यात्री नहीं था, इसलिए बड़ी दुर्घटना टल गई। अग्निशमन विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मियों के मौके पर पहुंचने से पहले स्थानीय निवासियों ने एक निजी टैंकर की मदद से आग पर काबू पा लिया था। इस घटना में रिक्शा जलकर राख हो गया। यह जानकारी आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने दी।


**महावितरण** — महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

**निविदा सुचना**

म.रा.वि.वि.कं. मर्या, कुडाळ विभागीय कार्यालय अंतर्गत पाच उपविभागातील लघु दाब वाहिनी (LT) उच्च दाब वाहिनी (HT) व वितरण रोहित्र केंद्र (DTC) या मधील बिघाड दुरुस्ती (breakdown maintenance) कामासाठी एक वर्षाच्या (२०२५-२६) करारासाठी परवाना धारक विद्युत ठेकेदारांची नामिका प्रविष्ट (Empanelment) करणेसाठी ई -निविदा क्रं. टी- २३ ते टी- २५/२४-२५ कामाकरिता

तसेच नामिकप्रविष्ट (Empanelment) योजने अंतर्गत नवीन वीज जोडणी / डी.पी.डी.सी./ इतर योजना (excluding AG), कामे करणेसाठी ई -निविदा क्रं . टी- २६ /२४-२५ कामाकरिता अनुभवी ठेकेदारांकडून सन २०२५-२६ (१ वर्षाकरिता) ऑनलाईन ई निविदा मागविण्यात येतआहेत. सदर निविदा महावितरण च्या https://etender.mahadiscom.in/eatapp/ संकेतस्थळावर उपलब्ध करण्यात आल्या आहेत. सदर निविदा विक्रीसाठी २१.०१.२०२५ पासून ०९.०२.२०२५ सकाळी ११. ००पर्यंत उपलब्ध राहील.

**PRO No. HO PRO No. 28/25 dt. 20.01.2025**

**कार्यकारी अभियंता, सं. व सु. विभाग, कुडाळ**

**महावितरण** — महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

**निविदा सूचना**

महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, सांगली ग्रामीण विभागीय कार्यालय अंतर्गत उच्चदाब वाहिनी, लघुदाब वाहिनी व रोहीत्र देखभाल व दुरुस्ती तसेच बिघाड झाल्यास दुरुस्तीच्या कामासाठी व नवीन वीज जोडणीसाठी पायाभूत कामासाठी NSC योजोअंतर्गत निविदा मागविण्यात येत आहेत. वरील निविदा ई-निविदा पध्दतीनेच भरता येतील. सदर निविदा करारासाठी मान्यता प्राप्त नामांकित परवानाधारक विद्युत ठेकेदारांसाठी ई-निवीदा क्रमांक टी- ०५, टी- ०६, टी-०७ व टी- ०८ /२०२४-२५ महावितरण कंपनीच्या संकेत स्थळावर https://etender.mahadiscom.in/eatApp/# वर दि. २०.०१.२०२५ पासुन उपलब्ध आहेत. निविदा सादर करणेची अंतीम तारिख - १०.०२.२०२५ सकाळी ११:०० वाजे पर्यंत आहे. माहिती करीता सांगली ग्रामीण विभाग, विश्रामबाग सांगली ७८७५७६९५२८ यांचेशी कार्यालयीन वेळेत संपर्क साधावा.

कार्यकारी अभियंता, ग्रामीण विभाग, सांगली

HO PRO No.- २९/२५ दि.२०.०१.२०२५

**महावितरण** — महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

**ई-निविदा सूचना**

महावितरण सोलापूर ग्रामीण विभागांतर्गत एमपॅनेलमेंट योजनेअंतर्गत उच्चदाब व लघुदाब वीजवाहिन्या , वीज वितरण रोहित्रांची देखभाल व दुरुस्ती करण्याच्या तसेच नामिकाप्रविष्ट (Empanelment) योजनेअंतर्गत नवीन वीजजोडणी/ डीपीडीसी/१००%डीडीएफ/NSC च्या कामाकरिता अनुभवी ठेकेदारांकडून सन २०२५-२६ ( १ वर्षाकरिता ) या कालावधीसाठी ऑनलाईन ई-निविदा मागविण्यात येत आहेत. ई-निविदा क्र. **EE/SUR/R/T/17** ते **20/ 2024-2025** असून, निविदा विक्री दि. २०.०१.२०२५ ते ०९.०२.२०२५ पर्यंत आहे. निविदा सादर करण्याची अंतिम दि. १०.०२.२०२५ दु. ११:०० वाजेपर्यंत राहील.सदर तपशील महावितरण कंपनीच्या अधिकृत http://works.mahadiscom.in/eTender/etender संकेतस्थळावर उपलब्ध असेल. सदरील निविदा स्वीकारणे / नाकारणे अथवा रद्द करण्याचे संपूर्ण अधिकार निम्न स्वाक्षरीदाराकडे राहतील.

**HO/PRO/NO/24/2024-25**

**कार्यकारी अभियंता, महावितरण, सोलापूर ग्रामीण विभाग**


# समाज को नई दिशा देंगे युवा संत : शाम्भवी पीठाधीश्वर

## स्वामी आनंद स्वरूप के दो शिष्यों ने ली संन्यास की दीक्षा

**प्रयागराज।** शाम्भवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप महाराज के दो शिष्यों ने संन्यास की दीक्षा ली। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दोनों शिष्य ब्रह्मचारी से संन्यासी बन गए। संन्यास की दीक्षा लेने के बाद उपस्थित लोगों ने उन्हें धार्मिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में गुरू के आदर्शों पर चलने के लिए शुभकामनाएं दीं। कई धर्माचार्यों ने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि धर्म के क्षेत्र में जीवन व्यतीत करने का संकल्प समाज के लिए शुभ संकेत है। कुंभनगर के सेक्टर 9 स्थित काली सेना शिविर में शाम्भवी पीठाधीश्वर आनंद स्वरूप महाराज ने ब्रह्चारी शिवम वाजपेयी एवं राघवेंद्र मिश्रा को संन्यास की दीक्षा दी। अब शिवम वाजपेयी स्वामी सदानंद भारती एवं राघवेंद्र मिश्रा स्वामी विश्वेश्वरानंद भारती के नाम से जाने जाएंगे। संन्यास की दीक्षा लेने के बाद जब स्वामी सदानंद भारती एवं स्वामी विश्वेशरानंद भारती माथे पर भभूत लपेटे गुरू शिविर से बाहर निकले तो वहां का वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक हो गया। उपस्थित धर्माचार्य एवं अन्य लोगों ने धर्म पथ पर जीवन पर्यंत चलने के लिए दोनों को शुभकामनाएं दीं। दोनों शिष्यों को संन्यास की दीक्षा देने के बाद स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ने कहा कि उनके दोनों शिष्य विद्वान एवं धर्म के मार्ग पर चलने वाले हैं। वे समाज को धर्म के क्षेत्र में नई दिशा देंगे। आज संत समाज को विद्वान एवं आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत युवाओं की जरूरत है। ऐसे ही युवा संन्यासी समाज को नई दिशा देंगे। उन्होंने स्वामी सदानंद भारती एवं स्वामी विश्वेशरानंद भारती को धर्म पथ आगे बढ़ने के लिए आशीर्वाद दिया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग)/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना संख्याः सीकेपी-बीआर-लाइन-24-25-27; कार्य का नामः** चक्रधरपुर मंडल (41 पुल) के अंतर्गत गर्डर पुलों के साथ साइड पाथवे का प्रावधान; **निविदा मूल्यः** ₹10,60,40,290.94; **बयाना राशिः** ₹6,80,200.00; **निविदा दस्तावेज की लागतः** शून्य; **निविदा खुलने की तिथिः** 07.02.2025। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदाकर्ता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। **नोटः- सभी निविदाकर्ताओं को ई-निविदा फॉर्म निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (प्राधिकरण रेलवे बोर्ड का पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/नीति दिनांक 16.07.2020)।** इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी ऐसे मैनुअल ऑफर को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **(PR-1034)**

**प्लांट की आपूर्ति, स्थापन एवं कमिशनिंग**

**ई-निविदा सूचना संख्या. 20-BOOT-KIR-24 तारीखः 13-01-2025।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **कार्य का नामः** बूट के आधार पर (बिल्ड ओन आपरेट ट्रांसफार के तोर पर) 10 सालों की एक अवधि हेतु कटिहार, किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी एवं बालुरघाट रेलवे स्टेशनों के कोचों पर प्रक्षालित लीनेन की लोडिंग एवं कटिहार, किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी एवं बालुरघाट रेलवे स्टेशनों से गंदे लीनेन का संग्रह। कटिहार पर स्थित यंत्रीकृत लांड्री का संचालन एवं संबंधित बुनियादी ढाँचा, साजो-सामान, प्लांट की आपूर्ति, स्थापन, कमिशनिंग हेतु टर्ण की ठेका। **निविदा राशिः** ₹94,55,72,413.50/-। **धरोहर राशिः** ₹48,77,900/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 18-02-2025** तारीख के **15.00** बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्र-पत्र के साथ संपूर्ण विवरण **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

**वरिष्ठ डीएमई/कटिहार**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में


# वसई विरार शहर महानगरपालिका मैराथन प्रतियोगिता




**विरार। वसई-विरार शहर महानगरपालिका द्वारा आयोजित 12वीं राष्ट्रीय वसई विरार शहर महानगरपालिका मैराथन प्रतियोगिता, जो आठ दिसंबर को आयोजित की गई थी, के फोटोग्राफी प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार हैं। प्रथम स्थान (15,000/- और स्मृति चिन्ह) विजेता राकेश रावल। द्वितीय स्थान (10,000/- और स्मृति चिन्ह) विजेता राजेंद्र तुपे। तृतीय स्थान (5,000/- और स्मृति चिन्ह) विजेता शिवराज वैद्य। प्रोत्साहन पुरस्कार-1 (स्मृति चिन्ह): नितिन लवाटे। प्रोत्साहन पुरस्कार-2 (स्मृति चिन्ह): मनहर खत्री। फोटोग्राफी प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह की तारीख और समय अलग से खेल विभाग द्वारा प्रकाशित किया जाएगा।**

# ट्रेन संख्या 12959/12960 का भाभर स्टेशन पर ठहराव

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 12959/12960 बांद्रा टर्मिनस-भुज साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 12965/12966 बांद्रा टर्मिनस-भुज एक्सप्रेस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेनों का भाभर स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। **1.** ट्रेन संख्या 12959 बांद्रा टर्मिनस-भुज साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का 25 जनवरी से भाभर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान का समय 04.42/04.44 बजे रहेगा। इसी तरह ट्रेन संख्या 12960 भुज-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का तत्काल प्रभाव से भाभर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान का समय 22.12/22.14 बजे रहेगा। **2.** ट्रेन संख्या 12965 बांद्रा टर्मिनस-भुज साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का 21 जनवरी 2025 से भाभर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान का समय 00.31/00.33 बजे रहेगा। ट्रेन संख्या 12966 भुज-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का 24 से भाभर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान का समय 22.12/22.14 बजे रहेगा।

# पति की हैवानियत से पुलिस भी दंग!



- पत्नी से संबंध बना दोस्त को भेजा वीडियो
- ठाणे पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अपनी पत्नी को कथित तौर पर परेशान करने और उस पर हमला करने के आरोप में 40 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार को आरोपी को उल्हासनगर शहर से गिरफ्तार कर लिया गया। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने कथित तौर पर अपनी पत्नी को नशीला पदार्थ दिया, उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें लीं और उन्हें सोशल मीडिया पर अपने दोस्त को भेज दिया। तस्वीरों के बारे में विरोध करने पर आरोपी ने महिला की पिटाई भी की। महिला की शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, धारा 77 (ताक-झांक), 78 (पीछा करना), 115(2), (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।


**ट्रैक मशीन साइडिंग एवं नये आरजीएम साइडिंग का प्रावधान**

**ई-निविदा सूचना संख्या. KIR/Engg./03 of 2025 तारीखः 13-01-2025।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **निविदा संख्या. 1। कार्य का संक्षिप्त विवरणः** राणीनगर जलपाईगुड़ी-किशनगंज एवं राणीनगर जलपाईगुड़ी-हलदिबारी-ट्रैक मशीन साइडिंग एवं सुविधाओं का प्रावधान-क्रमशः 3 संख्यक एवं 1 संख्यक। **निविदा राशिः** ₹4,77,03,994.86/-। **धरोहर राशिः** ₹3,88,500/-। **निविदा संख्या. 2। कार्य का संक्षिप्त विवरणः** हटवार-हलदिबारी एवं सिलीगुड़ी जंक्शन-अलुआबारी रोड-नये आरजीएम साइडिंग का प्रावधान-क्रमशः 4 संख्यक एवं 1 संख्यक। **निविदा राशिः** ₹7,56,00,891.49/-। **धरोहर राशिः** ₹5,28,000/-। **निविदा संख्या. 3। कार्य का संक्षिप्त विवरणः** वरिष्ठ डीईएन/III/कटिहार एवं डीईएन/लाइन/कटिहार अधिक्षेत्र के अधीन वेलडिंग के कमप्रेसड एयर प्रीहिटिंग सिस्टम एवं सिंगल शॉट क्रुसिबल मेथॉड के इस्तेमाल के लिए 52 केजी 90 यूटीएस रेल एवं 60 केजी/60 ई1 आर260 ग्रेड हेतु एटी वेलडिंग पोर्शन का निर्माण एवं आपूर्ति। **निविदा राशिः** ₹59,71,171.46/-। **धरोहर राशिः** ₹1,19,400/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 10-02-2025** तारीख के **15.00** बजे में **एवं खुलेगीः 10-02-2025** तारीख के **15.30** बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्र-पत्र के साथ संपूर्ण विवरण आगामी **10-02-2025** तारीख के **15.00** बजे तक **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

**डीआरएम (डब्ल्यू), कटिहार**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में


माहिम-बांद्रा के बीच पुल का पुनर्निर्माण कार्य

# 25-26 को कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित




**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा माहिम और बांद्रा स्टेशनों के बीच पुल संख्या 20 के साउथ एबटमेंट के पुनर्निर्माण के सिलसिले में 24/25 जनवरी, 2025 (शुक्रवार/शनिवार) और 25/26 जनवरी, 2025 (शनिवार/रविवार) की मध्यरात्रि को मेजर ब्लॉक लिये जाएंगे। यह ब्लॉक 24/25 जनवरी 2025 को 23:00 बजे से 08:30 बजे तक अप एवं डाउन स्लो लाइनों पर तथा 00:30 बजे से 06:30 बजे तक डाउन फास्ट लाइन पर लिया जाएगा। 25/26 जनवरी, 2025 को 23:00 बजे से 08:30 बजे तक अप एवं डाउन स्लो लाइन और डाउन फास्ट लाइनों पर तथा 23:00 बजे से 07:30 बजे तक अप फास्ट लाइन पर ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, कार्य निष्पादन के दौरान उपनगरीय सेवाएं प्रभावित रहेंगी।

**24/25 को प्रभावित ट्रेनें**

विरार की ओर जाने वाली अंतिम स्लो ट्रेन चर्चगेट से 23:58 बजे प्रस्थान करेगी। शुक्रवार को 23.00 बजे के बाद चर्चगेट से रवाना होने वाली सभी स्लो ट्रेनें मुंबई सेंट्रल और सांताक्रुज़ के बीच फास्ट लाइन पर चलेंगी, इसलिए महालक्ष्मी, लोअर परेल, प्रभादेवी, माटुंगा रोड, माहिम और खार रोड स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी। इसी प्रकार, 23:00 बजे के बाद विरार, भायंदर और बोरीवली से रवाना होने वाली सभी स्लो सेवाएं सांताक्रुज़ और मुंबई सेंट्रल के बीच फास्ट लाइन पर चलेंगी, इसलिए खार रोड, माहिम, माटुंगा रोड, प्रभादेवी, लोअर परेल और महालक्ष्मी स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी। कार्य निष्पादन के दौरान ट्रेनें चर्चगेट और दादर के बीच फास्ट लाइनों पर परिचालित की जाएंगी। गोरेगांव और बांद्रा के बीच पश्चिम रेलवे और मध्य रेल की कुछ ट्रेनें हार्बर लाइनों पर परिचालित की जाएंगी। 25 जनवरी की सुबह विरार, नालासोपारा, वसई रोड, भायंदर और बोरीवली से चलने वाली स्लो और फास्ट ट्रेनें केवल अंधेरी तक चलेंगी। ब्लॉक के बाद चर्चगेट के लिए पहली फास्ट ट्रेन सेवा विरार से 05:47 बजे प्रस्थान करेगी और 07:05 बजे चर्चगेट पहुँचेगी। ब्लॉक के बाद पहली डाउन फास्ट लाइन की ट्रेन चर्चगेट से 06:14 बजे प्रस्थान करेगी। ब्लॉक के बाद पहली डाउन स्लो लाइन की ट्रेन चर्चगेट से 08:03 बजे प्रस्थान करेगी। शुक्रवार/शनिवार को लगभग 127 उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी और 60 ट्रेनें आंशिक रूप से निरस्त रहेंगी।

**चर्चगेट और दादर के बीच ट्रेनें फास्ट लाइनों पर चलेंगी।**

शनिवार की रात/रविवार की सुबह विरार, नालासोपारा, वसई रोड, भायंदर और बोरीवली से चलने वाली स्लों और फास्ट दोनों ट्रेनें अंधेरी तक चलेंगी। गोरेगांव और बांद्रा के बीच कुछ पश्चिम रेलवे और मध्य रेल की ट्रेनें हार्बर लाइनों पर चलेंगी। अप फास्ट लाइन पर आखिरी लोकल विरार-चर्चगेट होगी, जो विरार से 22:07 बजे चलेगी और अप स्लो लाइन पर बोरीवली-चर्चगेट होगी, जो बोरीवली से 22:22 बजे चलेगी। डाउन फास्ट लाइन पर आखिरी लोकल चर्चगेट-बोरीवली होगी, जो चर्चगेट से 22:33 बजे चलेगी और डाउन स्लो लाइनों पर आखिरी लोकल चर्चगेट-भायंदर होगी, जो चर्चगेट से 22:26 बजे चलेगी। इन ट्रेनों को विरार तक विस्तारित किया जाएगा। डाउन फास्ट लाइन पर ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन चर्चगेट-विरार होगी, जो चर्चगेट से 08:35 बजे चलेगी और डाउन स्लो लाइन पर पहली ट्रेन चर्चगेट-बोरीवली होगी, जो चर्चगेट से 08:35 बजे चलेगी। अप फास्ट लाइन पर ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन विरार-चर्चगेट होगी, जो विरार से 07:38 बजे चलेगी और अप स्लो लाइन पर पहली ट्रेन विरार-चर्चगेट होगी, जोविरार से 07:35 बजे चलेगी। शनिवार/रविवार को लगभग 150 उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी और 90 ट्रेनें आंशिक रूप से निरस्त रहेंगी।

**निरस्त होने वाली ट्रेनें**

**1.** 25 जनवरी की ट्रेन संख्या 12267 मुंबई सेंट्रल-हापा दुरंतो एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। **2.** 26 जनवरी की ट्रेन संख्या 12268 हापा- मुंबई सेंट्रल दुरंतो एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।


**MAHAVITARAN** — Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.

**E-TENDER NOTICE**

The Executive Engineer, M.S.E.D.C.L., Ground Floor, Tejshree Building, Karnik Road, Kalyan West invites e-Tenders from Registered Contractors / Agencies for the following work.

| S. N. | Tender No. | Particulars | EMD Rs. | Tender Fee with 18% GST |
|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/KLN(W)/ T-05/2024-25 | Empanelment of agencies for breakdown maintenance of DTC under Kalyan West Division for FY 2024-25. | 10,000/- | 1000+180 i.e. Rs.1180/- |
| 2 | EE/KLN(W)/ T-06/2024-25 | Empanelment of agencies for breakdown maintenance of HT Lines under Kalyan West Division for FY 2024-25. | 10,000/- | 1000+180 i.e. Rs.1180/- |
| 3 | EE/KLN(W)/ T-07/2024-25 | Empanelment of agencies for LT breakdown maintenance work under Kalyan West Division for FY 2024-25. | 10,000/- | 1000+180 i.e. Rs.1180/- |
| 4 | EE/KLN(W)/ T-08/2024-25 | Empanelment of agencies for Infrastrucpure development to release new connections under Kalyan West Division for FY 2024-25. | 25,000/- | 10000+180 i.e. Rs.1180/- |

Bid documents will be available on website from Date 20.01.2025 to 09.02.2025.
Last date for submission of bid is on Date 10.02.2025 up to 11.00 Hrs.
Pre-bid Meeting Date: 27.01.2025 at 15.00 Hrs.
Probable date of opening of E-tender Technical Bid: 10.02.2025 at 16.00 Hrs.
Probable date of Opening of Commercial Bid: will be opened later for qualified bids only.
If the same day happens to be holiday, or any other reason, it will be opened on very next working day.
No hard copy of the Tender Document will be issued by this office.
The undersigned reserves the right to reject any or all tenders received without giving any reason thereof. For more details log on to MSEDCL official website http://works.mahadiscom.in/eTender/etender
Or contact to undersigned on 0251-2329496 (Extn 501, 502, and 508)/8879626333 Or E.mail - eeklnu@gmail.com

Sd/-
**Executive Engineer Kalyan West Division**

# भारत का डेटा सेंटर कैपिटल बनेगा महाराष्ट्र: फडणवीस



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सोमवार को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में शामिल होने के लिए पहुंचे। उनके आगमन पर हिंदू स्वयंसेवक संघ और सेवा स्विट्जरलैंड संस्था की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि महाराष्ट्र भारत का पावर हाउस है और देश के पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के एक या दो साल के भीतर महाराष्ट्र पहली उपराष्ट्रीय ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा। एआई तकनीक में अग्रणी महाराष्ट्र भारत का डेटा सेंटर कैपिटल है। महाराष्ट्र में इनोवेशन सिटी बनाई जाएगी।

## मराठी भाइयों-बहनों का प्यार अमूल्य

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड में बृहन्महाराष्ट्र मंडल, स्विट्जरलैंड की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह में मुख्यमंत्री फडणवीस ने वैश्विक मराठी परिवार के अपने मराठी भाइयों-बहनों के साथ खुले मन से संवाद किया। बृहन्महाराष्ट्र मंडल, स्विट्जरलैंड के प्रेम का कोई मूल्य नहीं है, मैं इसी प्यार में रहना चाहता हूं, इन शब्दों में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

## छत्रपति शिवाजी ने लड़ना सिखाया

छत्रपति शिवाजी महाराज ने हमें भगवान, देश और धर्म के लिए लड़ना सिखाया। उन्होंने हमें अपनी संस्कृति और भाषा पर गर्व करना सिखाया, और मराठी लोगों ने स्विट्जरलैंड में भी इस विरासत को संजोया है और इसे अगली पीढ़ी को भी दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा दिया है, और इसे ज्ञान की भाषा के रूप में स्थापित करने का हमारा प्रयास है। इसके लिए स्विट्जरलैंड सहित वैश्विक मराठी परिवार के मराठी भाई-बहन हमारे राजदूत हैं। इस अवसर पर बृहन्महाराष्ट्र मंडल, स्विट्जरलैंड के अध्यक्ष अमोल सावरकर, सचिव कीर्ति ताई गद्रे, महेश बिरादार और अन्य मान्यवर उपस्थित थे।



## महाराष्ट्र में बनाएंगे इनोवेशन सिटी

### बच्चों ने सीएम का किया स्वागत

स्थानीय मराठी समुदाय ने महाराष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर का सम्मान करते हुए पारंपरिक लेझीम नृत्य के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर, ज्यूरिख के बच्चों ने मराठी गौरव गीत प्रस्तुत करते हुए 'पुनः आने' की भावना को उजागर किया। छोटे बच्चे वेदांत, ऋषिकेश, रश्मि और अद्विका ने अपनी शुभकामनाएं देकर सभी का दिल जीत लिया।



## खो-खो विश्वकप जीतने पर दी बधाई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खो-खो के पहले विश्व कप में भारत का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाली भारतीय महिला और पुरुष टीमों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह विजय अविस्मरणीय है। इस उपलब्धि पर महाराष्ट्र को गर्व है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए विश्व विजेता महिला टीम की कप्तान प्रियंका इंगळे के साथ टीम की खिलाड़ी अश्विनी शिंदे, रेश्मा राठौड़, वैष्णवी पवार, और पुरुष टीम के कप्तान प्रतीक वाईकर के साथ सुयश गरगटे, अनिकेत



पोटे, आदित्य गनपुले और रामजी कश्यप की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। इस जीत में पुरुष टीम के कोच शिरीन गोडबोले, महिला टीम की कोच प्राची ताई वाईकर, और फिजियोथेरेपिस्ट डा.अमित रावहाटे के मार्गदर्शन का बड़ा योगदान है।

इन सभी ने अपनी टीम वर्क से देश के लिए यह ऐतिहासिक जीत हासिल की है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने सभी को दिल से बधाई दी और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रकट की हैं।

## खेलमंत्री ने भी दी बधाई, काम आई दस करोड़ की मदद



खो-खो की भारतीय टीम ने नेपाल को हराकर ऐतिहासिक जीत हासिल की। इस जीत के बाद खेल मंत्री दत्तात्रय भरणे ने दूरदर्शन प्रणाली के माध्यम से खिलाड़ियों से बातचीत कर उन्हें बधाई दी। भरणे के निर्देश पर दस करोड़ रुपए की राशि हाल ही में दी गई थी। इस अनुदान के लिए खिलाड़ियों ने खेल मंत्री भरणे का धन्यवाद किया। इस अवसर पर खेलमंत्री भरणे ने कहा कि अनुदान देना हमारी जिम्मेदारी है, लेकिन खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और काबिलियत से इस राशि का सही उपयोग किया है। भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धियों ने देशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है।

# सैफ का हमलावर कुश्ती प्लेयर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** सैफ अली खान केस में लगातार कई चौंकाने वाली बातें सामने आ रही हैं। अब पुलिस सोर्सेज का कहना है कि हमलावर बांग्लादेश में नैशनल लेवल का कुश्ती प्लेयर रहा है। यही वजह है कि अच्छी-खासी फिजीक के सैफ उससे जीत नहीं पाए। इतना ही नहीं यह भी सामने आया है कि अगर उसका मकसद सिर्फ चोरी ही था तो उसने सैफ अली खान की बिल्डिंग ही क्यों चुनी। शहजाद ने बताया कि उसे सैफ की बिल्डिंग ज्यादा ऊंची नहीं लगी। वह वहां जा चुका था और पता था कि किस वक्त सिक्योरिटी लूज रहती है। शहजाद ने बताया है कि वह बांग्लादेश में कुश्ती प्लेयर था। वहां उसके पास कुछ काम नहीं था तो काम की

## आरोपी जानता था बिल्डिंग सिक्योरिटी लूज रहती



तलाश में मुंबई आया था। यहां से वापस लौटने के लिए 50 हजार रुपए की जरूरत थी। इस वजह से वह चोरी करने गया था।

### पराठा, पानी की बोतल और यूपीआई ट्रांजेक्शन

मुंबई पुलिस, शहजाद तक पहुंची कैसे, पुलिस ने शहजाद के यूपीआई ट्रांजेक्शन से उसका मोबाइल नंबर निकाला। फिर उसका नंबर ट्रेस किया और लोकेशन का पता चलते ही 100 पुलिसकर्मी तलाशी में जुट गए। सुराग न मिलने पर वे वहां से निकलने की तैयारी करने लगे, लेकिन फिर उन्होंने दोबारा उस एरिया की जांच करने का फैसला लिया। जब उन्होंने दोबारा तलाशी ली तब उन्हें जमीन पर कोई सोया हुआ दिखाई दिया। जैसे ही एक अधिकारी उस शख्स के करीब पहुंचा, वह व्यक्ति उठकर भागने लगा। लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

## तुलसीनगर में श्रीनारायण धाम एवं पंच देव मंदिर का भूमिपूजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नालासोपारा।** नालासोपारा पूर्व, बिलालपाड़ा, तुलसीनगर में वरिष्ठ समाजसेवक सुनिल घरत ने मंदिर के लिए भूमि दान की। जहां पर 14 जनवरी मंगलवार को श्रीनारायण धाम एवं पंच देव मंदिर निर्माण के लिए भूमि का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कमलेश पांडेय और निलेश पांडेय के शुभ हाथों से हुआ। मंदिर का निर्माण सुशील सिंह उर्फ डब्बू के देख रेख में होगा। श्री साईं विद्यालय एंड जूनियर कालेज के संस्थापक राजनाथ पाल ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन शुभ मुहूर्त में श्रीनारायण धाम एवं पंचदेव मंदिर की आधारशिला रखी गई। पंडित पुजारी बाबा ने वेद मंत्रों के साथ पूजा पाठ करवाई। इस मौके पर राजेश



शर्मा, कान्तु चौहान, मुकेश प्रजापति, मिथिलेश पांडेय,राजेश विश्वकर्मा, रिंकू शुक्ला, विनय शुक्ला,प्रदीप तिवारी,बृजेश पांडेय,पप्पू यादव, एडवोकेट दिनकर मिश्रा, रितेश, प्रदीप यादव,राजू सिंह,निर्मल सिंह, महेंद्र पाल, सुनिल कनौजिया, मोनू यादव लाइट वाले सहित तमाम तुलसी नगर के रहिवासी मौजूद थे। इसकी जानकारी श्री साईं विद्यालय एंड जूनियर कालेज के संस्थापक राजनाथ पाल ने दी है।

## फ्लैट में मिला मराठी एक्टर का शव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** 'शिव शक्ति - तप त्याग तांडव' से मशहूर हुए एक्टर योगेश महाजन का निधन हो गया है। टेलीविजन और मराठी फिल्मों के एक्टर योगेश महाजन का 19 जनवरी, 2025 को अचानक कार्डियक अरेस्ट के कारण मौत हो गई। योगेश के यूं अचानक दुनिया को अलविदा कहने से हर कोई सदमे में है और सोशल मीडिया उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। चल रहे टीवी शो 'शिव शक्ति' में वह अपनी भूमिका गुरु शुक्राचार्य के लिए मशहूर थे। निर्धारित शूटिंग के लिए रिपोर्ट ना करने के बाद वे अपने उमरगांव फ्लैट में बेहोश पाए गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## राममनोहर त्रिपाठी के आदर्शों पर चलना मेरा परम लक्ष्य : तिवारी

वरिष्ठ पत्रकार श्रीनारायण तिवारी को डा. राममनोहर त्रिपाठी पत्रकारिता सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** वरिष्ठ पत्रकार श्रीनारायण तिवारी को उनके उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए डा. राममनोहर त्रिपाठी पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान युगप्रवर्तक संस्था द्वारा जोगेश्वरी पूर्व, सेंट मेरी स्कूल के पास बने श्रीराम मंदिर आश्रम हॉल में दिया गया। इस मौके पर श्रीनारायण तिवारी ने कहा कि डाक्टर राममनोहर त्रिपाठी के बताए आदर्शों पर चलना ही मेरा परम लक्ष्य है। स्व.डा. रामनोहर त्रिपाठी के सुपुत्र वरिष्ठ पत्रकार अनुराग त्रिपाठी, सहित्यनुरागी पंडित बंसीधर शर्मा ने श्रीनारायण तिवारी को पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए शॉल, पुष्पगुच्छ और प्रशस्ति पत्र दे कर उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान से समानित किया।

### अटल विहारी वाजपेयी पुस्तक का विमोचन

इस अवसर पर काव्य संध्या एवं पं. दिनेश चंद्र मिश्र (बैसवारी) द्वारा लिखित पुस्तक अटलविहारी वाजपेयी का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर रमेश बहादुर सिंह, ओपी तिवारी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात शिवम बैसवारी ने सरस्वती वंदना से की। युग प्रवर्तक साहित्य संस्था के अध्यक्ष पंडित दिनेश चंद्र मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व नगरसेवक सुरेंद्र दुबे, राममंदिर के महंत मधुसूदन समेत बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी, कवि, समाज सेवक उपस्थित थे।

## बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेगी सपा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव से पहले महाविकास अघाड़ी गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। समाजवादी पार्टी ने गठबंधन से अलग रहकर बीएमसी चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

- 150 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी

समाजवादी पार्टी बीएमसी की 150 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। पार्टी ने उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसी बीच अबू आजमी ने कहा है कि महाविकास अघाड़ी में कोई समन्वय नहीं है। समाजवादी पार्टी से पहले उद्धव ठाकरे ऐलान कर चुके हैं कि शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) भी बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेगी। ऐसे में कांग्रेस और एनसीपी ही इस चुनाव के लिए एमवीए में दो बड़े दल बचे हुए हैं। अबू आजमी ने कहा कि वह अच्छे उम्मीदवारों को टिकट देंगे। चुनाव तैयारी शुरू करने का आदेश भी उन्होंने दे दिया है।

## ठाणे में सरगना सहित दो गिरफ्तार

- शादी का झांसा देकर महिलाओं को था ठगता
- पुलिस ने की कॉल सेंटर की संपत्ति जब्त
- एक महिला से ठगे साढ़े 13 लाख



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** फर्जी कॉल सेंटर चलाकर लोगों को शादी का झांसा देकर ठगने वाले गोरखधंधे के मुख्य मास्टरमाइंड को मुंब्रा पुलिस ने नौ जनवरी को उत्तर प्रदेश के लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया। उसने एक महिला से 13 लाख 54 हजार रुपए की ठगी की थी। इस मामले में मुंब्रा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। ठाणे पुलिस उसे ठाणे ले आई और ठाणे अदालत में ले गई, जहां उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। मुंब्रा पुलिस स्टेशन की साइबर सेल टीम ने जीवन शादी डॉट कॉम की हुबहु फर्जी साइट बनाकर महिलाओं से ठगी करने के आरोपी मास्टरमाइंड जैद फुल खान उम्र 24 वर्ष निवासी चंदा सैलून दुकान, एस.टी.अपार्टमेंट, कमरा नं. 101, से गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ मध्य प्रदेश के भोपाल में भी मामला दर्ज किया गया था। परिवादी ने शिकायत की कि आरोपी जैद खान ने शादी के लिए 13 लाख 54 हजार 981 रुपए लिए थे और वापस नहीं किए। पुलिस के साइबर विभाग ने जीवखंडार डॉट कॉम के बारे में जानकारी हासिल कर मोबाइल नंबर हासिल कर लिया है। ईमेल आईडी और आईपी एड्रेस, अपराध में प्रयुक्त मोबाइल की सीडी और आईपी की जांच करने के बाद साइबर दस्ता उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुआ और वहां छद्म वेश में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल फोन का विश्लेषण करते हुए एजाज अहमद इम्तियाज अहमद उर्फ फहाद के कॉल सेंटर को बंद कर 9 लैपटॉप, जिओ कंपनी का राउटर मोबाइल फोन, सिम कार्ड व अन्य सामग्री जब्त कर उसे न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने उसे रिमांड पर लिया है। 22 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### वसई- विरार शहर महानगरपालिका

## रंगोली प्रतियोगिता संपन्न, 26 तक रंगोली देखने की अनुमति

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वसई-विरार।** वसई- विरार शहर महानगरपालिका के मुख्य कार्यालय की तीसरी मंजिल पर स्वच्छ भारत अभियान के कार्यक्रम के अंतर्गत 20 जनवरी को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस



अवसर पर "मी स्वच्छ अभियानात सहभागी होईन, आपले शहर स्वच्छ ठेवीन " ऐसा घोषवाक्य दिया गया। वसई विरार शहर मनपा के आयुक्त अनिल कुमार पवार ने इस रंगोली प्रतियोगिता का उद्घाटन फीता काटकर किया और तैयार की गई रंगोलियों का निरीक्षण किया। इस दौरान समाज को सामाजिक संदेश देने वाली अनेक रंगोलियां बनाई गईं। महाराष्ट्र राज्य में बढ़ती दहशत, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, शहर का दूषित प्रदूषण, वृक्षों की बड़े पैमाने पर कटाई, पानी का बढ़ता दुरुपयोग, बढ़ते रोग, शहर की गंदगी जैसे विषयों पर आधारित रंगोलियां आकर्षण का केंद्र बनीं। इन रंगोलियों का निरीक्षण करने के लिए मनपा आयुक्त अनिलकुमार पवार, अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवडे, मनपा उप आयुक्त नानासाहेब कामठे और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। 26 जनवरी तक यह भव्य रंगोली प्रदर्शनी जनता के लिए खुली रहेगी। नागरिकों से अनुरोध है कि इस भव्य रंगोली प्रदर्शनी का अवलोकन करें और इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों और नागरिकों के प्रेरणादायक योगदान को देखें, ऐसा अपील घनकचरा प्रबंधन विभाग के उप आयुक्त नानासाहेब कामठे के माध्यम से की गई है।

### बिड़ला समूह के संस्थापक स्वर्गीय बीके बिड़ला स्मृति

## कुमार मंगलम बिड़ला और नितिन मुकेश ने किया "भज गोविंदम" का अनावरण

कार्यक्रम का आयोजन कोलकाता स्थित संगीत कला मंदिर में



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई/कोलकाता।** बिड़ला समूह के संस्थापक स्वर्गीय बसंत कुमार बिड़ला की स्मृति में आयोजित आदित्य उत्सव 2025, इस समारोह में आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला और नितिन मुकेश के हाथों आदि शंकराचार्य द्वारा रचित "भज गोविंदम" इस भक्तिमय संगीत रचना का अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कोलकाता में स्थित संगीत कला मंदिर में किया गया था। इस कार्यक्रम में पद्मश्री अनुराधा पौडवाल, कविता पौडवाल एवं समूह ने आदि शंकराचार्य निर्मित भक्ति काव्य रचनाएं प्रस्तुत कीं।

### पहल का हिस्सा बनकर खुशी हो रही : कुमार मंगलम

इस अवसर पर कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि आदित्य बिड़ला समूह की ओर से आदि शंकराचार्य के इस भक्ति काव्य के अनावरण और उसके बारे में जागरूकता पैदा करने की इस नेक पहल का हिस्सा बनकर हमें बहुत खुशी हो रही है। पद्मश्री अनुराधा पौडवाल की मधुर आवाज में भक्ति रचनाओं की मनमोहक प्रस्तुति हर किसी को इन भक्ति रचनाओं को समझने में सक्षम बनाती है। "यह भक्ति रचनाओं की प्रस्तुति से परे एक पहल है, जिसे देश और हमारी सबसे बड़ी आध्यात्मिक निधि के रूप में समर्थन देने पर हमें गर्व है। 'भज गोविंदम' कॉलर ट्यून जल्द ही वैश्विक दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। यह एक भक्ति रचना है जिसकी रचना की पृष्ठभूमि इस प्रकार है।

### शंकराचार्य ने दिया 'भज गोविंदम' स्तोत्र

एक बार आदि शंकराचार्य अपने कुछ शिष्यों के साथ ज्ञान की परमधाम पवित्र नदी गंगा के तट पर काशी की सड़कों पर घूम रहे थे। रास्ते में उन्हें एक बूढ़ा व्यक्ति संस्कृत व्याकरण का अध्ययन करते हुए मिला। इसका कारण बताते हुए उस व्यक्ति ने स्वीकार किया कि उसने जीवन भर भगवान की स्तुति नहीं की, क्योंकि वह संस्कृत व्याकरण नहीं समझता था। आदि शंकराचार्य ने उन्हें अपना मन केवल ईश्वर की भक्ति की ओर लगाने का आग्रह करते हुए "भज गोविंदम" नामक एक स्तोत्र दिया। "भज गोविंदम" एक प्रार्थना है जो भगवान का ध्यान हमारी ओर आकर्षित करती है तथा उन तक पहुंचने में हमारी असहायता को व्यक्त करती है। इस प्रार्थना की विशेषता यह है कि इस प्रार्थना का सार बहुत ही सरल भाषा में संगीत के माध्यम से खूबसूरती से व्यक्त किया गया है, ताकि हर कोई इसे आसानी से पढ़ सके और मन की शांति पा सके।

**भज गोविंदम का अर्थ**

'भज गोविंदम' का अर्थ है कि एक मनुष्य के रूप में, मैं प्रार्थना की विधि से अनभिज्ञ हूँ और केवल आप ही मेरे निरर्थक शब्दों का अर्थ समझ सकते हैं।

### 'एक पेड़ मां के नाम' पहल



## कांदिवली-दहिसर में पौधारोपण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** कांदिवली और दहिसर क्षेत्रों में बीएमसी द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' इस पहल के तहत 20 जनवरी को पौधारोपण किया गया। इस पहल में मुंबई मनपा के स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के निर्देशानुसार इस पहल का आयोजन किया गया।

छात्रों द्वारा उनकी 'मां के नाम' के साथ तैयार किए गए फलक पर लगाए गए पेड़, इस पहल को विशेष बनाया गया। पौधारोपण के लिए आर उत्तर विभाग की मनपा स्कूलों के छात्र, विबग्योर हाई स्कूल, रुस्तमजी इंटरनेशनल स्कूल और आर दक्षिण विभाग की स्वामी विवेकानंद स्कूल (कांदिवली) के छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। उप आयुक्त (परिमंडल सात) डॉ. भाग्यश्री कापसे ने स्कूली छात्रों को 'एक पेड़ मां के नाम' की अवधारणा के बारे में विस्तार से बताया और हर छात्र से इस विचार को अपने आसपास और अपने रिश्तेदारों के बीच प्रसारित करने का अनुरोध किया। इस पहल के दौरान दहिसर में बकुल, अमरूद, ताम्हण, बहावा और करंज जैसे विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाए गए। इसी तरह, कांदिवली क्षेत्र में भी पांच हजार पेड़ों का रोपण किया गया।

सहायक आयुक्त नयनीश वेंगुर्लेकर, मनीष सालवे और स्वामी विवेकानंद स्कूल के ट्रस्टी इस अवसर पर उपस्थित थे। छात्रों ने अपनी मां के नाम के फलक के साथ लगाए गए पेड़ों के साथ सेल्फी लेकर इस पहल को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## बांग्लादेशी घुसपैठिए की खोज में जुटी ठाणे पुलिस

**ठाणे।** ठाणे के घोड़बंदर रोड स्थित एक ऊंचे रिहायशी इलाके में सैफ अली खान पर हमला करने वाले बांग्लादेशी नागरिक को रविवार सुबह हीरानंदानी एस्टेट से गिरफ्तार कर लिया गया। मुंबई पुलिस ने ठाणे पुलिस की मदद से बांग्लादेशी आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद और रोहिल्ला अमीन फकीर (30) को गिरफ्तार कर लिया गया। ठाणे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण यह बांग्लादेशी नागरिकों के लिए आश्रय स्थल बन गया है। सूत्रों का कहना है कि ठाणे पुलिस अब बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाने के अभियान पर जुट गई है। ठाणे के हीरानंदानी एस्टेट इलाके में लेबर कैंप के पास मिले आरोपी ने अब इलाके में आतंक मचा रखा है। सैफ अली खान पर हमला करने वाला आरोपी इसी इलाके में मिला था। अब ठाणे और मुंबई पुलिस ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है।

जागरूक गौ सेवा संस्थान, जीरावल
द्वारा महाशिवरात्रि महापर्वोत्सव के उपलक्ष्य में लगातार दूसरे वर्ष
महारुद्राभिषेक एवं भजन संध्या
का भव्य आयोजन
शुभ दिन
बुधवार, 26 फ़रवरी 2025
महाप्रसाद : सायं 5 बजे से
शुभ पूजन स्थल
जागरूक गौ सेवा संस्थान, जीरावल (मोडकनाथ ग्रीन)
निमंत्रक एवं आयोजक
जागरूक गौ सेवा संस्थान, जीरावल

# मांगों पर पटवार संघ का प्रदर्शन जारी

- नौ दिन से लगातार कार्य बहिष्कार
- दस सूत्रीय मांगों के समर्थन में कलेक्टर को ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बाड़मेर पटवार संघ ने अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर आक्रोश रैली निकाली। यह रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। वहां पर प्रमुख शासन सचिव राजस्व विभाग के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर को दिया। पटवारियों का कहना है कि जब तक हमारी मांगों को नहीं माना जाएगा तब तक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। मांग पूरी नहीं होने पर जयुपर में धरना प्रदर्शन और घेराव की भी चेतावनी दी है। बता दें कि उपखंड स्तर से लेकर जिला मुख्यालय पर पटवारियों ने कार्य बहिष्कार करते हुए 13 जनवरी से धरने पर बैठे हैं। पटवार संघ बाड़मेर जिला अध्यक्ष मनोज विश्नोई ने बताया कि राज्य के समस्त पटवारी संपूर्ण कार्य बहिष्कार करते हुए तहसील व उपखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन दे रहे हैं। इसके विरोध में जिला मुख्यालय पर रैली निकाली गई। कलेक्टर टीना डाबी को प्रमुख शासन सचिव के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन देकर जल्द मांगों को पूरा करने की मांग रखी गई है। मांग पूरी नहीं होने पर जयपुर में विशाल रैली एवं धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।




## 10 सूत्री मांगें

पटवारी पद को तकनीकी पद घोषित करते हुए ग्रेड पे 3600 (एल-10) किया जाए। गिरदावरी में पटवार संघ के ज्ञापन क्रमांक 101 दिनांक 27.12.2024 के अनुसार अपेक्षित आवश्यक संशोधन करवाया जाए ताकि गिरदावरी कार्य पटवारी द्वारा ही किया जाना संभव हो सके तथा पटवार संघ सर्वेयर नियुक्ति का विरोध करता है, पटवारी द्वारा सर्वेयर की नियुक्ति नहीं की जाएगी। 1035 पटवार मंडल एवं भानोत कमेटी में वित्तीय स्वीकृति से शेष पटवार मंडल एवं भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त की वित्तीय स्वीकृति - बजट घोषणा संख्या 177 वर्ष 2023-24 के अंतर्गत 1035 नवीन पटवार मंडलों की घोषणा की गई थी लेकिन आज तक उक्त पटवार मंडलों की तथा भानोत कमेटी में वित्तीय स्वीकृति से शेष पटवार मंडल एवं भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त की वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है। लंबित / रिव्यू DPC का आयोजन- पटवारी से भू अभिलेख निरीक्षक पद की DPC भू अभिलेख निरीक्षक से नायब तहसीलदार पद की DPC, NTSP क्षेत्र की वर्ष 2022-23 की पटवारी से वरिष्ठ पटवारी पद की रिव्यू डीपीसी एवं डैफर्ड एवं लिफाफा बंद प्रकरणों का निपटारा करवाया जाए। 752 नव सृजित भू अभिलेख निरीक्षक पदों के निर्धारण संबंधित पत्रावली विगत 1 साल से लंबित है।

## संसाधन एवं कार्यालय फर्नीचर

राज्य सरकार द्वारा बजट 2024-25 की बजट घोषणा के पॉइंट संख्या 97.2 में डेस्कटॉप, प्रिंटर्स, लेपटॉप्स एवं टेबलेट्स की घोषणा की है, जिसके कम में वित्त विभाग की आई.डी. क्रमांक 162401546 दिनांक 25.10.2024 से 9000 पटवारी एवं 1000 गिरदावर के लिए 12000 रुपए के टैबलेट की सहमति प्रदान की है। विभिन्न ऑनलाइन कार्यों की पूर्ति के अनुसार पटवारी को दिए जाने वाले टैबलेट की स्पेसिफिकेशन संशोधित करवाते हुए समस्त स्वीकृत पद पटवारी 13561 (1035 पदों सहित) एवं भू अभिलेख निरीक्षकों 4258 को 8/256 जीबी स्टोरेज का टैबलेट / लैपटॉप मय प्रिंटर, इंटरनेट सुविधा के उपलब्ध करवाया जावे। भू अभिलेख निरीक्षक से नायब तहसीलदार में पदोन्नति कोटा बढ़ाया जाने वाली पत्रावली विगत 2 साल से लंबित है। तहसीलदार पद पर मंत्रालयिक संवर्ग के कोटे का पुनर्निर्धारण किए जाने वाली पत्रावली विगत 2 साल से लंबित है। भू-प्रबंध आयुक्त द्वारा दिनांक 01.04.2023 की स्थिति में नियम विरुद्ध जारी वरिष्ठता सूची को निरस्त फरमाते हुये combine cadre की वरिष्ठता सूची जारी करावें। हार्ड ड्यूटी एवं स्टेशनरी भत्तों में बढ़ोतरी–विगत काफी वर्षों से पटवारी की हार्ड ड्यूटी एवं स्टेशनरी भत्तों में बढ़ोतरी नहीं की गई है। अतः हार्ड ड्यूटी 2250 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए तथा स्टेशनरी भत्ता 400 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए प्रतिमाह किया जाये।

# लेपर्ड ने बछड़े को बनाया निवाला

- घसीटकर जंगल में ले गया
- ग्रामीणों के शोर मचाने पर भी नहीं छोड़ा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजसमंद के चारभुजा कस्बे की गोशाला में लेपर्ड ने गाय के बछड़े का शिकार कर लिया। इसके बाद बछड़े को घसीटकर जंगल में ले गया। चारभुजा बस स्टैंड के पास से गुजर रहे कार सवार 3 लोगों ने लेपर्ड का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया। जानकारी के अनुसार चारभुजा निवासी किशन भंडारी, गोपाल गुर्जर और भरत



गुर्जर रविवार रात को भीलवाड़ा से चारभुजा लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे चारभुजा बस स्टैंड के पास स्थित गोशाला के बाहर लेपर्ड ने गाय के बछड़े को मुंह में दबोच रखा था। किशन भंडारी की लेपर्ड पर नजर पड़ी तो उन्होंने तुरंत कार को रोका।

## छुड़ाने की सारी कोशिशें रहीं नाकाम

किशन भंडारी ने बछड़े को लेपर्ड से छुड़ाने के लिए कार की हेडलाइट लेपर्ड पर डाली, लेकिन लेपर्ड ने बछड़े को छोड़ना तो दूर वहां से हिला भी नहीं। इसके बाद कार में कार सवार किशन दरवाजा खोलकर बाहर उतरे और बछड़े को छुड़ाने के लिए शोर मचाया, लेकिन लेपर्ड पर इसका कुछ भी असर नहीं हुआ। लेपर्ड ने एक बार कार की तरफ देखा और फिर अपने शिकार को खाने लगा। लेपर्ड के हमला करने की आशंका के कारण किशन ने भी ज्यादा शोर नहीं किया और अपनी कार में बैठ गया। इसके बाद लेपर्ड अपने शिकार को घसीटते हुए जंगल में ले गया। लेपर्ड के जंगल में जाने के बाद किशन भंडारी ने गोशाला के कर्मचारी जगदीश गुर्जर को आवाज देकर दरवाजा खुलवाया और पूरा घटनाक्रम बताया। साथ ही लेपर्ड को लेकर सतर्क किया।

## चारभुजा गोशाला में यह पहला मामला

जानकारी के अनुसार, चारभुजा गोशाला में 70 से अधिक गायें हैं। रात करीब 11 बजे गोशाला के बाहर लेपर्ड ने गोशाला से बछड़े को शिकार बनाया जो की यह पहला मामला है। एक साल पहले कस्बे में एक मकान के बाड़े में बंधे बछड़े का लेपर्ड ने शिकार किया था।

# राजेश्वर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

- सिर पर कलश रख महिलाएं शामिल
- नेताओं समेत देशभर से शामिल होंगे नामी-गिरामी लोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी में 3 दिवसीय राजेश्वर मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुरुआत हुई। डीजे की धुन के साथ गुड़ामालानी कस्बे के मुख्य मार्गों से श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर शामिल हुई। शिकारपुरा धाम के गादीपति महंत दयाराम महाराज के सानिध्य में प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को आलपुरा स्थित कलबी समाज की भूमि पर नवीन स्कूल का शिलान्यास भी किया जाएगा। दरअसल, आंजणा कलबी समाज की ओर से तीन दिवसीय राजेश्वर मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन गुड़ामालानी स्थित राजाराम मंदिर में किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को कलश यात्रा राजा मंदिर से रवाना होकर बस स्टैंड, राणा प्रताप बाजार, कोर्ट परिसर, मेगा हाईवे कृषि मंडी, अहिंसा सर्किल होते हुए वापस राजा मंदिर तक पहुंच कर संपन्न हुई। कलश यात्रा में पुरुष पारंपरिक वेशभूषा पहनकर शामिल हुए। शोभायात्रा के बाद वहां पर भामाशाहों का सम्मान किया गया। वहीं रात को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।



## आज होगा स्कूल का भूमि पूजन

महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को आलपुरा गांव स्थित कलबी समाज भूमि पर नवीन स्कूल का शिलान्यास किया जाएगा। महोत्सव के तीन दिन तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। वहीं अंतिम दिन मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ विशाल धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। कलबी समाज के अध्यक्ष टीकमाराम पटेल ने बताया- महोत्सव में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, राज्य मंत्री के के विश्नोई, जालोर सांसद लुम्भाराम चौधरी, सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल सहित देशभर से जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। तीन दिवसीय महोत्सव की भजन संध्या में गौभक्त वेलाभाई थराद एंड पार्टी चेतना पटेल, चंद्रिका चौधरी, किंजल पटेल, हेमराज गोयल पाली, अशोक प्रजापत प्रस्तुतियां देंगे।

## अलग-अलग होंगे पांडाल

भगवान राजेश्वर मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर बड़ा पांडाल तैयार किया गया है। पांडाल के पीछे पांच बड़े-बड़े डोम भी लगाए है। इसमें भोजन, संतों, महिलाओं व आमजन के लिए बैठने व रहने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। पांडाल में प्रदर्शनी, झांकियां व मंच की व्यवस्था रहेगी। जागरण के दौरान पांडाल में एक लाख से अधिक लोगों की बैठने की व्यवस्था की गई है। दरअसल, आंजणा कलबी समाज की ओर से तीन दिवसीय राजेश्वर मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन गुड़ामालानी स्थित राजाराम मंदिर में किया जा रहा है।

### तालाब में जहरीला रसायन

# कबूतर-मछलियों की मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बालोतरा।** बालोतरा के सिणली जागीर गांव में स्थित तालाब में सैकड़ों मछलियों और कई कबूतरों की मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। प्रारंभिक जांच में तालाब के पास केमिकल के निशान मिलने से प्रदूषण की आशंका गहरा गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के आसपास संदिग्ध रासायनिक पदार्थों के अवशेष मिले हैं। यह तालाब न केवल गांव का प्रमुख जलस्रोत है, बल्कि जलीय जीवों का महत्वपूर्ण आवास भी है। ग्रामीणों ने चिंता जताई है कि अगर तालाब में वास्तव में जहरीले पदार्थ मिलाए गए हैं, तो यह मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा हो सकता है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्राथमिक जांच में तालाब के पानी में कुछ संदिग्ध रासायनिक पदार्थों की मौजूदगी की पुष्टि हुई है।

# बाड़मेर में सर्दी पर लगा ब्रेक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बाड़मेर में मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। सर्दी से राहत मिलते हुए दिन-रात का तापमान भी चढ़ गया है। न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री और अधिकतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया है। हालांकि रात के समय में ठंड का असर ज्यादा है। सोमवार को सुबह तेज धूप खिलने से सर्दी का असर कम रहा। लगातार उतार-चढ़ाव से लोग परेशान नजर आए। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में फिर से शीतलहर चलने की संभावना है। दरअसल, जिले में लगातार मौसम में बार-बार बदलाव हो रहा है। बीते एक 10 दिनों में अधिकतम तापमान 20 से 30 डिग्री के बीच रहा है।

## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का भाव | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 845 | 848 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 262 | 259 |
| जिंक स्लैब | 279 | 279 |
| लीड इन्गॉट | 181 | 180 |
| टिन स्लैब | 2655 | 2634 |
| निकल | 1395 | 1390 |
| मेटल स्क्रैप | आज का भाव | पूर्व बंद |
| सभी दरें रुपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 803 | 804 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 795 | 794 |
| कॉपर आर्मेचर | 781 | 784 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 735 | 735 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 535 | 533 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 573 | 575 |
| एल्युमिनियम | 196 | 196 |

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9151 | +75 |
| टिन | 29690 | +0 |
| लीड | 1964 | -1725 |
| जिंक | 2932 | -2225 |
| एल्युमिनियम | 2691 | -2500 |
| निकल | 15850 | +720 |

# दर-दर भटक रहे सत्ताधारी विधायक: पायलट

- इंडिया गठबंधन मजबूत था और रहेगा
- राजनीति में हिंसा की जगह नहीं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पर सचिन पायलट का स्वागत किया गया। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा कि राजस्थान सरकार में पावर के बहुत सारे सेक्टर बन गए हैं। सरकार के विधायकों की सुनवाई नहीं हो रही है। पायलट ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान सरकार स्कूलों को बंद करने, जिले खत्म करने के जो फैसले लिए हैं, वो सब नकारात्मक निर्णय हैं। प्रदेश में अफसर शाही बहुत हावी है। सरकार में बहुत पावर सेक्टर बन गए है कि सत्ता दल के जो विधायक है वे भी दर-दर भटक रहे है। सरकार की जवाबदेही तय हो इसके लिए हम विधानसभा में अपनी बात रखेंगे। पायलट बोले, सरकार को पारदर्शिता के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। सदन में हर विषय पर चर्चा हो, सरकार अपने जवाब दें, हम हमेशा सदन चलाने के पक्ष में हैं। पायलट बोले कि अलग-अलग नेताओं को पार्टी जिम्मेदारी देती है। मुझे छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी दे रखी है लेकिन राजस्थान के साथ मेरा संबंध और रिश्ता अटूट है। यहां के कार्यकर्ताओं और जनता के प्रति हमारे दिल में जो जगह है, उसे कोई कम नहीं कर सकता है। आज हम विपक्ष में हैं लेकिन कार्यकर्ताओं को जहां जरूरत है वहां हम जाते हैं। एक परिवार के रूप में हम काम कर रहे है, यही हमारी ताकत है। राजस्थान से चुनकर गया हूं। यहां सत्ता और विपक्ष में रहकर काम करने का मौका मिला है। यहां के लोग, जनता,



कार्यकता और यहां की मिट्टी के साथ जो संबंध है वही मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि है। दिल्ली चुनाव को लेकर पायलट ने कहा कि दिल्ली में चुनाव होने वाले हैं। जो सरकार है उसको दिल्ली की जनता ने कई बार मौके दिए है। पिछले 10 से 12 सालों से केंद्र और राज्य सरकार के वर्चस्व की लड़ाई से दिल्ली के लोग पिस रहे है। इसमें कांग्रेस पार्टी बेहतर विकल्प बनकर सामने आई है। दिल्ली में शीला दीक्षित की कांग्रेस सरकार थी तब जो विकास हुआ उसको जनता आज याद कर रही है। वे बोले कि शीशमहल और राजमहल में कितना रुपया खर्च हुआ इन चर्चाओं से हटकर कांग्रेस ने मजबूत ब्लू प्रिंट तैयार किया है। कांग्रेस मजबूती से लड़ेगी और परिणाम अच्छे आएंगे और कांग्रेस का परफोरमेंस बेहतर रहेगा।

# व्यापार जगत

## सेंसेक्स तेजी के साथ हरे निशान पर बंद

- निफ्टी भी 141 अंक चढ़ा
- प्राइवेट बैंकिंग सेक्टर में सबसे ज्यादा बढ़त

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन 20 जनवरी को सेंसेक्स 454 अंक की तेजी के साथ 77,073 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 141 अंक की तेजी रही, ये 23,344 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में तेजी और 13 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 29 में तेजी और 21 में गिरावट रही। जबकि, एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। NSE सेक्टोरल इंडेक्स में प्राइवेट बैंकिंग सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.99% की तेजी रही।



### एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.17% की तेजी और कोरिया के कोस्पी में 0.14% की गिरावट रही। वहीं चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.079% की तेजी के साथ बंद हुआ। कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और एसबीआई ने बाजार को ऊपर चढ़ाया। जबकि, जोमैटो, टीसीएस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईटीसी ने सेंसेक्स को नीचे खींचा। एनएसई के डेटा के अनुसार, 17 जनवरी को विदेशी निवेशकों (एफआईआईज) ने 3,318.06 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (डीआईआईएस) ने 2,572.88 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 17 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.78% की तेजी के साथ 43,487 पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स 1.00% चढ़कर 5,996 पर बंद हुआ।

## तीसरी तिमाही में पेटीएम को 208 करोड़ का घाटा

**मुंबई।** पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में नेट लॉस कम होकर 208 करोड़ रुपए हो गया है। एक साल पहले की समान तिमाही में पेटीएम का घाटा 220 करोड़ रुपए था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 36% गिरकर 1,828 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही यानी, Q3FY24 में यह 2,850 करोड़ रुपए था। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिलने वाला पैसा रेवेन्यू होता है। दूसरी तिमाही में पेटीएम को 930 करोड़ का नेट प्रॉफिट हुआ था, मूवी टिकटिंग बिजनेस की ब्रिक्री का कंपनी के नेट प्रॉफिट में 1,345 करोड़ का एकमुश्त योगदान रहा था। इस अमाउंट को छोड़कर पेटीएम को 415 करोड़ का घाटा हुआ था। पेटीएम का शेयर 6 महीने में दोगुना हुआ नतीजों की घोषणा के बाद पेटीएम के शेयर मामूली तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। पेटीएम का शेयर 0.46% चढ़कर 900 रुपए के करीब है। बीते एक महीने में इस शेयर ने -4.38% और 6 महीने में 99% का रिटर्न दिया है। पिछले 1 साल में पेटीएम के शेयर ने 19% का रिटर्न दिया है। 2009 में हुई थी पेटीएम की शुरुआत पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने अगस्त 2009 में पेटीएम पेमेंट ऐप को लॉन्च किया था। इसके फाउंडर विजय शेखर शर्मा है। अभी देश में पेटीएम के 30 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं। पेटीएम का मार्केट कैप करीब 28 हजार करोड़ रुपए है।




## सोने के दाम में तेजी, चांदी में गिरावट

**10 ग्राम सोना 79383 रुपए, चांदी 139 रुपए सस्ती**

**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार (20 जनवरी) को सोने के दाम में तेजी देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईवीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 144 रुपए महंगा होकर 79,383 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले शुक्रवार (17 जनवरी) को इसकी कीमत 79,239 रुपए पर थी। वहीं, चांदी के दाम में गिरावट है। एक किलो चांदी की कीमत 139 रुपए कम होकर 90,681 रुपए पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को एक किलो चांदी 90,820 रुपए में बिक रही थी।



**चार महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,380 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,230 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 74,500 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 81,230 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,230 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,280 रुपए है।

**पिछले सप्ताह सोना-चांदी में रही थी तेजी** पिछले हफ्ते सोने-चांदी के दाम में तेजी रही थी। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेआई) के अनुसार, पिछले शनिवार यानी 11 जनवरी को 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का दाम 78,018 रुपए था, जो अब यानी 18 जनवरी को 79,239 रुपए पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसके दाम 1,221 रुपए बढ़े हैं। वहीं इस हफ्ते चांदी 552 रुपए महंगी होकर 90,820 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। पिछले शनिवार को ये 90,268 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

## जोमैटो का तीसरी तिमाही में मुनाफा 57.25% कम

**मुंबई।** फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी जोमैटो को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 59 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें 57% की कमी आई है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 138 करोड़ रुपए का कॉन्सोलिडेटेड मुनाफा हुआ था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जोमैटो का ऑपरेशनल रेवेन्यू सालाना आधार पर 64% बढ़कर 5,405 करोड़ रुपए रहा। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में जोमैटो ने 3,288 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिलने वाली राशि को रेवेन्यू या राजस्व कहा जाता है। दूसरी तिमाही के मुकाबले कंपनी का मुनाफा 66.47% कम हुआ है। जुलाई-सितंबर 2024 में कंपनी को 176 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। इस दौरान रेवेन्यू की बात करें तो इसमें 12.63% की तेजी रही। पिछली तिमाही में कंपनी ने 4799 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। कंपनियों के रिजल्ट दो भाग में आते हैं- स्टैंडअलोन और कंसॉलिडेटेड। स्टैंडअलोन में केवल एक यूनिट का वित्तीय प्रदर्शन दिखाया जाता है, जबकि कंसॉलिडेटेड या समेकित फाइनेंशियल रिपोर्ट में पूरी कंपनी की रिपोर्ट दी जाती है। यहां, जोमैटो की ब्लिंकिट समेत 28 सब्सिडियरी, 1 ट्रस्ट और 1 एसोसिएट कंपनी हैं। इन सभी के फाइनेंशियल रिपोर्ट को मिलाकर कंसॉलिडेटेड कहा जाएगा। वहीं, अगर ब्लिंकिट के अलग रिजल्ट को स्टैंडअलोन कहा जाएगा। तिमाही नतीजों के बाद जोमैटो के शेयर में बड़ी गिरावट देखने को मिली। सोमवार, 20 जनवरी को कंपनी का शेयर 7.27% गिरकर 230.70 के स्तर पर बंद हुआ। पिछले 5 दिन में जोमैटो का शेयर 1.64%, एक महीने में 18.22% और इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 16.56% गिरा है। जबकि, बीते 6 महीने में 4.08% और एक साल में 77.33% का पॉजिटिव रिटर्न दिया है।




## आपका राशिफल 21 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपके द्वारा प्रस्तुत योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-2-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-6-8-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। शुभांक-3-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। विवाद को टालें। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। शुभांक-4-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-3-5-7

# आमजन की परिवेदनाओं का समय पर करें निस्तारण : डॉ गावंड़े

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कलक्टर ने समस्त विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों से जिले में जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों, एफआर प्रोजेक्ट, इआर प्रोजेक्ट, डीआर प्रोजेक्ट, सीलू-जैसला-भाटकी परियोजना सहित शहरी क्षेत्रों के लिए पेयजल योजना अमृत 2.0 की प्रगति की समीक्षा कर जिलेभर में सुचारू पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डिस्कॉम के अधिकारियों को विभाग द्वारा जारी किए गए घरेलू विद्युत कनेक्शन, आरडीएसएस योजना के तहत स्थापित किए जा रहे तहत 33 केवी फीडर एवं जीएसएस निर्माण कार्यों की समीक्षा कर सुदृढ़ विद्युत प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत वर्तमान तक लिए गए खाद्य पदार्थों के सैंपल की जानकारी ली। नगर परिषद के अधिकारियों को जिला मुख्यालय पर संचालित आश्रय स्थलों (रैन बसेरों) की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की संचालित योजनाओं की विभागवार चर्चा कर जरुरतमंद को लाभ देने के निर्देश दिए।



## बीसूका की समीक्षा में निर्देश

जिला कलक्टर ने बीस सूत्री कार्यक्रम की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को बीस सूत्री कार्यक्रम के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना सहित विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में विभागीय अधिकारियों को चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, उप चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भजनाराम, विश्नोई, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) भैराराम, नगर परिषद जालोर के आयुक्त दिलीप माथुर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पंचायत समिति की सामान्य बैठक 23 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** पंचायत समिति कि सामान्य सभा की बैठक गुरुवार को पंचायत समिति के सभा भवन में आयोजित की जाएगी। कार्यवाहक विकास अधिकारी पृथ्वीसिंह ने बताया कि प्रधान विमला चौहान के निर्देशानुसार सामान्य सभा की बैठक में पंचायत समिति क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, जिला स्तरीय एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे।

## नई सीधी भर्ती मेरिट व बोनस से कराने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** राजस्थान सयुंक्त मोर्चा संघर्ष समिति जालोर की ओर से सोमवार को मुख्यमंत्री व चिकित्सा मंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नई सीधी भर्ती मेरिट व बोनस से कराने की मांग की गई। ज्ञापन में आगामी नर्सिंग ऑफिसर व पैरामेडिकल की नियमित भर्ती मेरिट व बोनस 10, 20, 30 अंक से ही सुनिश्चित करवाने व जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करवाने की मांग की। कुलदीपकुमार, प्रकाशकुमार, जीतेन्द्रकुमार, अभिमन्युकुमार, विष्णु शर्मा, जीतनकुमार एवं उदयसिंह आदि मौजूद रहे।



# अभियान के तहत किया यज्ञ, अर्पित की आहुतियां

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** सनातन संस्कृति जागरण संघ द्वार घर घर यज्ञ अभियान के तहतह सोमवार को जटियों के मोहल्ले में 117वें यज्ञ का आयोजन किया। डॉ प्रेमराज परमार ने बताया कि यज्ञ में गंगाराम सुखाडिया सपत्नीक मुख्य यजमान बने और उनके अलावा कुंड पर अन्य परिवारजनों एवं बस्ती के बंधुजनों ने बैठ आहुतियां दी। यज्ञ के उपरांत चर्चा का मुख्य विषय धर्म प्रचार एवं शस्त्र व शास्त्रों की शिक्षा देने हेतु प्राचीन परम्परा के गुरुकुलों के निर्माण के लिए भीनमाल के बड़े मंदिर ट्रस्टों की भूमिका निर्धारित एवं निश्चित करने तथा इस कार्य के लिए ट्रस्टों को आगे आने का आह्वान मनोहर सुखाडिया एवं एडवोकेट मोहनलाल आंजना ने किया। प्रताप पुरोहित, दुर्गाराम सुखाड़िया, नैनाराम चौहान, बोदाराम, धन्नाराम सुखाडिया, खुशालाराम, ओटाराम मेघवाल, डॉ प्रेमराज परमार, मनोहरमल सुखाड़िया, नरेश सुखाड़िया, प्रभुराम जीनगर, किशोर सुखाडिया, वालाराम मौर्य, सुमेरमल सुखाडिया, रमेश माली, जितेंद्र छीपा, तारचंद फुलवारिया, राजूसिंह माली, अर्जुन बंजारा, राजेश, रमेश राणा, दूदाराम मेघवाल, आर्य मोहनलाल आंजना, राहुल जीनगर, आर्य राहुल बंजारा, आर्य अक्षय बंजारा, मांगीलाल मेघवाल, आर्य रोहित मेघवाल, भानुप्रतापसिंह आदी मौजूद थे। यज्ञ का सम्पादन राव विक्रमसिंह आर्य ने वैदिक रीति से करवाया।

## जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जन्म और मृत्यु की घटनाओं के क्रियान्वयन एवं रजिस्ट्रीकरण कार्य के मूल्यांकन करने तथा रजिस्ट्रीकरण के क्रियान्वयन के समन्वयन को लेकर गठित जिला समन्वय समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के.गावंडे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं उप निदेशक डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जन्म-मत्यु एवं विवाह पंजीयन वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा विकसित 'पहचान पोर्टल' के माध्यम से क्षेत्र के सम्बन्धित रजिस्ट्रारों द्वारा किया जा रहा है। पंजीयन के लिए आमजन, इ-मित्र अथवा स्वयं पहचान पोर्टल के माध्यम से सीधे ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा जन्म प्रमाण-पत्र में नाम जोड़ने का विकल्प पहचान पोर्टल पर दिया गया है। जिससे व्यक्ति घर बैठे एक वर्ष के भीतर जन्म प्रमाण-पत्र में नाम जुड़वा सकता है। जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि जन्म-मृत्यु एवं विवाह पजीयन के जो आवेदन पहचान पोर्टल पर प्राप्त होते हैं, उन्हें तय समय सीमा में निस्तारित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। 1 जनवरी 2018 से पूर्व के जन्म मृत्यु एवं विवाह की पंजीकृत घटनाओं जिन पर इ-साइन नहीं हो रखे हैं, उन पर विशेष अभियान के तहत माह फरवरी 2025 के अंत तक इ-साइन करवाना सुनिश्चित करें।

# सड़क सुरक्षा जागरुकता को आगे आए युवा




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** नेहरू युवा केंद्र संगठन, इम्मानुअल मिशन सीनियर सैकेंडरी स्कूल तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जालोर से जुड़े माय भारत वॉलंटियर्स ने अस्पताल चौराहा व कलेक्ट्रेट रोड पर सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत यातायात नियमों के लिए आमजन को जागरूक किया। नेहरु युवा केंद्र के अमित सचदेवा ने स्वयंसेवकों को यातायात के नियम, नशा मुक्ति के उपाय व साइबर क्राइम जैसे तात्कालिक समस्याओं पर भी स्वयंसेवकों का ध्यान आकर्षित किया। स्वयंसेवकों ने वाहन-चालकों को पुष्प देने के साथ ही अपील करते हुए कहा कि जब भी दो पहिया वाहन का प्रयोग करें तो हेलमेट अवश्य पहनें और स्पीड को नियंत्रण में रखें। सभी स्वयंसेवकों को नेहरू युवा केंद्र के द्वारा टी-शर्ट और केप देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान यातायात पुलिस के साथ नेहरु युवा केंद्र के खसाराम सहित 25 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सभी स्वयंसेवक 17 से 23 जनवरी तक अस्पताल चौराहा, हरिदेव जोशी सर्किल व पंचायत समिति चौराहा पर यातायात पुलिस के साथ मिल कर वाहन चालकों व आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देंगे। 23 जनवरी को सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन पर सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।



# एवीएम में 400 बालिकाओं ने दी संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** आदर्श विद्या मंदिर बालिका उच्च माध्यमिक और अन्य विद्यालयों में विद्या भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की 400 छात्राएं शामिल हुई। परीक्षा ओएमआर शीट से ली गई।प्रधानाचार्य अमित व्यास ने बताया कि परीक्षा का उद्देश्य है कि स्कूली बच्चों में भारतीय संस्कृत के तथ्यों से अवगत हों तथा उसमें निहित महान तत्वों को आत्मसात कर सकें। परीक्षा का आयोजन तीन वर्गों में आयोजित की गई। जिसमें कक्षा छह से बारह तक के विद्यार्थी शामिल हुए। सुशीला राव, अरविंद सेन, योगेश वैष्णव, विक्रम जीनगर, भगवती फुलवारिया, नीतू सुखाड़िया, कल्पना, सीमा, निशा, मीनाक्षी, भावेश एवं नवल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## रात्रि चौपाल आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे मंगलवार को मालवाड़ा में रात्रि चौपाल करेंगे। आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करेंगे।

## बैठक कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्चच्छता मिशन की 31वीं बैठक आयोजित की जाएगी। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि बैठक के दौरान गत बैठक में लिए गए निर्णयों एवं दिशा-निर्देशों, जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल की वस्तुस्थिति, नर्मदा परियोजना के तहत स्वीकृत योजनाओं, जेजेएम में पूर्ण योजनाओं एवं एसबीएम-जी2 कार्यों सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

# मेंगलवा में एक ही रात में टूटे कई घरों के ताले

## चोर चुरा ले गए आभूषण व नकदी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** पुलिस की सुस्ती और अनदेखी के चलते चोरों के हौसलें बुलंद होते जा रहे है। मेंगलवा गांव में एक ही रात में अज्ञात चोरों ने आधा दर्जन घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। खास बात यह रही कि चोर एक के बाद एक घरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते रहे। लेकिन, किसी को भी चोरी की आहट नहीं हुई। पुलिस के अनुसार मेंगलवा निवासी सुरेशदास पुत्र मीठादास वैष्णव, बालकदास पुत्र किशोरदास एवं विरमाराम प्रजापत समेत तीन अन्य सूने घरों को निशाना बनाया। इन घरों से चोरों ने लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चुरा ली। सूचना पर सीआइ सुरेन्द्रसिंह व एसआइ महिपालसिंह मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का मुआयना किया। दोपहर में जालोर वृताधिकारी गौतम जैन व तकनीकी टीम भी मौके पर पहुंची तथा मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाने के साथ पूछताछ भी की। इधर क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों को लेकर व्यापारी से लेकर आमजनता तक सभी में पुलिस के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है।

### रात्रि गश्त पर सवालिया निशान

थानाक्षेत्र में चोर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे है, लेकिन पुलिस चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। ऐसे में पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवालिया निशान लग रहा है। लोगों का कहना है कि रात्रि गश्त के नाम पर पुलिस केवल कागजी कोरम पूरा कर रही है। लेकिन, रात्रि गश्त नहीं हो रही है। अगर हकीकत में पुलिस की प्रभावी रात्रि गश्त होती तो चोरी की घटनाएं नही होती।

### पहले भी हो चुकी चोरी की वारदातें

थानाक्षेत्र के मेंगलवा में 9 नवंबर 2021 को 1 मंदिर, 2 सूने घर व 1 दुकान में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जबकि 23 अप्रेल 2022 की रात्रि में 7 सूने मकानों व 17 सितम्बर 2022 में 6 सूने मकानों को निशाना बनाया था। इन मकानों से चोरों ने लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चुरा ली।



# ग्राम विकास अधिकारी का तबादला, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** जिले में ग्राम विकास अधिकारियों के तबादले के बाद रानीवाड़ा उपखंड के रानीवाड़ा खुर्द ग्राम पंचायत में विरोध प्रदर्शन देखने को मिला है। सोमवार को रानीवाडा खुर्द सरपंच शोभना सुथार ने ग्रामीणों के साथ मिलकर ग्राम पंचायत के ताला जड़कर जमकर प्रदर्शन किया गया। दरअसल रानीवाड़ा खुर्द के ग्राम विकास अधिकारी शांतिलाल चौधरी का रानीवाड़ा खुर्द ग्राम पंचायत से जोडवास एवं गांग ग्राम विकास अधिकारी सुण्डाराम का गांग से रानीवाड़ा खुर्द तबादला हो गया। आदेश जारी होने के बाद से ही रानीवाड़ा खुर्द ग्राम पंचायत में विरोध देखने को मिला है। लोगों का कहना है कि उन्हें ग्राम विकास अधिकारी का तबादला नहीं चाहिए। इसी सिलसिले में सोमवार को पंचायत के ताला लगाया। वहीं नए ग्राम विकास अधिकारी सुण्डाराम जोइनिंग करने के लिए पहुंचे तो जोइनिंग नहीं दी। अतिरिक्त विकास अधिकारी भैरूसिंह मौके पर पहुंचे तथा समझाइस की। सरपंच सुथार ने कहा कि जब तक ग्राम विकास को बदलोगे नहीं तब तक ग्राम पंचायत का ताला नहीं खोला जाएगा। लोगों ने अतिरिक्त विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द समस्या का समाधान की मांग की है। सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत के लोगों की राय के अनुसार ग्राम विकास सुण्डाराम लगे है। उनका तबादला कर दूसरा ग्राम विकास अधिकारी लगेगा तब ही ताला खुलेगा।



### पदभार ग्रहण कर लिया है

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पदभार ग्रहण कर लिया है। ग्राम पंचायत में रहकर लोगों के कार्य किए जाएंगे।

**सुण्डाराम-ग्राम विकास अधिकारी रानीवाड़ा खुर्द।**

### मामले की जांच की जाएगी

तालाबंदी की सूचना पर अतिरिक्त विकास अधिकारी को मौके पर भेजा है। मामले की जांच की जाएगी।

**हेमलता विश्नोई**
**विकास अधिकारी पंचायत समिति रानीवाड़ा।**

# नव प्रसारक नीति से होगा जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** सरकार की योजनाओं की पहुंच आमजन तक शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने की दिशा में जिलों एवं सम्भाग स्तर पर प्रचार-प्रसार के लिए नव प्रसारक लगाए जाएंगे। जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 जनवरी रखी गई है। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में जोड़ने के लिए कौशल आधारित नव प्रसारक नीति (योजना) जारी की गई है।

### यह रहेगी योग्यता

नव प्रसारक के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की आधारभूत समझ, हिंदी और अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान, इंटरनेट इस्तेमाल करने का कौशल आदि निर्धारित किए गए हैं। इसी के साथ विशेष योग्यता के रूप में सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स के रूप में राज्य सरकार उन्हें मान्यता प्रदान करेगी। जो फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम और यूट्यूब में से किन्हीं एक पर अपना अकाउंट बनाकर किसी एक में नियमित कंटेंट अपलोड कर रहे हों। इसके लिए दो श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। श्रेणी ए में 1 लाख से अधिक सब्स्क्राइबर या फॉलोअर्स तथा श्रेणी बी में 7 हजार से 1 लाख तक सब्स्क्राइबर या फॉलोअर्स निर्धारित किए गए हैं। इसी के साथ सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स का अकाउंट एक वर्ष से चल रहा हो व अकाउंट पर गत एक वर्ष में 100 पोस्ट होनी चाहिए।

# मरू उड़ान के तहत ब्लॉक स्तरीय संवाद आयोजित





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** पंचायत समिति सभागार में सोमवार को महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार व आत्मरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यक्रम तहसीलदार नीरज कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, साथिन, किशोरी बालिकाओं को मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य के संबध में जानकारी प्रदान की। साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को भी जागरूक करने व महिला बाल विकास विभाग, महिला अधिकारिता विभाग की सरकारी योजना एवं कौशल प्रशिक्षण को प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया। महिला बाल विकास की सुपरवाइजर सुमन पुनिया ने ओसीडीएम की योजनाओं के बारे में व महिला अधिकारिता विभाग की सुपरवाइजर सोहनी ने महिला अधिकारिता विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बीसीएमओ डॉ प्रशांत सैन ने मानसिक स्वास्थ्य व शारीरिक स्वास्थ्य के संबध में जानकारी साझा की। कार्यवाहक विकास अधिकारी पृथ्वीसिंह, विष्णुकुमार गुप्ता, पूर्णा विश्नोई एवं एएनएम बबीता सहित कई लोग मौजूद रहे।

## हथकढ़ी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामसीन।** पुलिस की ओर से विशेष अभियान के तहत कार्रवाई कर एक युवक से पांच लीटर हथकढ़ी शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। थानाधिकारी तेजूसिंह ने बताया कि थानास्तरीय टीम ने हथकढ़ी शराब बेचने और परिवहन करने के आरोप में धानसा निवासी प्रकाश कुमार पुत्र पुनमाराम वागरी को गिरफ्तार कर उसके पास से पांच लीटर हथकढ़ी शराब बरामद की गई। कार्रवाई में उप निरीक्षक भूराराम, कांस्टेबल धीरजसिंह, जयंतीलाल और रामनिवास का सहयोग रहा।

## डोडा पोस्त बरामद, एक गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामसीन।** पुलिस ने मुड़तरासिली में नाकाबंदी के दौरान एक युवक के पास से 40 किलो 500 ग्राम डोडा पोस्त बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी तेजूसिंह ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान जीप सवार शेरपुर बामरला बाड़मेर निवासी रूपाराम पुत्र ठाकराराम को रुकवाकर जीप की तलाशी ली तो उसमें 40 किलो 500 ग्राम डोडा पोस्त मिला। इस पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने जीप को भी जब्त किया। हैड कांस्टेबल पदमसिंह, कांस्टेबल बंशीलाल, प्रकाशकुमार, भागीरथराम, सुरेंद्रकुमार, चालक भैरूसिंह का योगदान रहा।

**पश्चिम रेलवे**

**ट्रैक रिलेइंग ट्रैन कार्य**

वरि. डीईएन(दक्षिण), मुंबई सेंट्रल द्वारा **निविदा सूचना क्र. बीसीटी/24-25/262 दि. 17..01.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान:** चर्चगेट-विरार खंडः मुंबई सेंट्रल मुंबई सेंट्रल खखंड अंतर्गत वरि. डीईएन (एस) मुंबई सेंट्रल खखंड अंतर्गत टीआरटी (गाडी का ट्रैक रिलेइंग) द्वारा टीएसआर (पी) 65.094 किमी तथा टीएसआर (पी) 63.968 किमी। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 13,61,08,593.97/- **ईएमडी:** रु. 8,30,600/-, **जमा करने की दिनांक तथा समय:** 11.02.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 11.02.2025 को 15.30 बजे। **आगामी जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट www.ireps. gov.in देखें।** 0986

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर का नवीनीकरण कार्य**

एडीईई/टीआरडी/बीएल द्वारा **ई-निविदा सूना क्र. ईएल-टीआरडी-डब्ल्यू-118-24-25-15-आर दिनांक 17..01.2025** आमंत्रित है। **कार्य का नाम:** मुंबई मंडल के विरार-सूरत खंड में वेडछा ट्रैक्शन उपनगरिय में 21.6/30/6/30 एवएमवी 132केवी/ 27 केवी ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर का नवीनकरण कार्य। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 1,21,52,627/- **धरोहर राशि:** रु. 2,10,800/-, **जमा करने की दिनांक तथा समय:** 11.02.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 11.02.2025 को 15.30 बजे। **आगामी जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट www.ireps. gov.in देखें।** 0987

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्री की आपूर्ति**

**ई-अधिप्राप्ति निविदा सूचना क्र. एस/05/2025 दिनांक 17.01.2025**

| क्र. सं. | मद का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 34 | ब्रेक कैलिपर का सेट | 16 सेट | 10-फेब-25 |
| 35 | दो मदों सहित ब्रेक कैलिपर का सेट की युनिट | 16 सेट | 11-फेब-25 |
| 36 | सिलिकॉन रेक्टिफायर हेतु ब्लोअर | 160 सेट | 17-फेब-25 |
| 37 | 60 किग्रा रेल्स हेतु जॉगल्ड फिश प्लेट्स | 29150 सेट | 18-फेब-25 |
| 38 | वाइडर स्लीपर हेतु हाय विस्कोस नायलॉन (एचवीएन)- 66 इंसूलेटींग लाइन्स। | 288600 नग | 19-फेब-25 |
| 39 | 52 किग्रा रेल्स के साथ 52 किग्रा कॉंक्रीट स्लीपर्स पर ईआरसी एमके-।।। के साथ उपयोग हेतु ाय विस्कोस नायलॉन (एचवीएन) - 66 इंसूलेटींग लाइनर्स। | 300000 नग | 24-फेब-25 |

विस्तृत **सूचना, ईएमडी, क्रय मर्यादाएं तथा विस्तृत निविदा शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in तथा www.wr.indianrailways.gov.in देखें।**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly. हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly 0984

**शोक संदेश**

(स्वर्गवास : 19-01-2025)



**स्व. श्री अर्जुन लाल पुरोहित**

शोक सभा : दिनांक 23-01-2025 गुरूवार को

समस्त राज पुरोहित फॉदर परिवार

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

## सुविचार

किसी को दुख पहुंचाने से पहले ये ज़रूर सोचें कि अगर आपके साथ वैसा कोई करता तो क्या होता।

**- अज्ञात**

# जागरूक संपादकीय

## संजय रॉय को उम्र कैद

कोलकाता के आरजीकर रेप केस में जज ने संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा जज ने उसके ऊपर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। हालांकि अधिकांश लोग चाहते थे कि आरोपी को (जो कि अब अपराधी साबित हो चुका है) फांसी की सजा दी जाए। लेकिन कोर्ट ने इस अपराध को रेयरेस्ट माना है लेकिन रेयरेस्ट ऑफ द रेयर मानने से इंकार कर दिया है। बीते साल 9 अगस्त को 32 साल की ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। इसके चलते देशभर में जमकर विरोध प्रदर्शन हुए थे। कोलकाता पुलिस से केस ले चुकी सीबीआई ने रॉय के लिए मौत की सजा की मांग की थी। लेकिन जज अनिर्बान दास ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह रेयरेस्ट ऑफ द रेयर केस नहीं है। इसके आधार पर उन्होंने आरोपी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई। हालांकि आरोपी रॉय खुद को निर्दोष बता रहा है। उसने कोर्ट में कहा, मुझे बगैर किसी कारण के फंसाया जा रहा है। मैंने आपको पहले बताया है कि मैं हमेशा रुद्राक्ष की माला पहनता हूं। अगर मैंने अपराध किया होता, तो वो अपराध वाली जगह पर टूट जाती। मुझे बोलने का मौका ही नहीं दिया गया। उन लोगों ने मुझसे जबरन पेपर पर साइन कराए। मुझे बोलने का मौका नहीं मिला। आपने भी यह सब देखा है सर। मैंने आपको पहले भी बताया है। जज अनिर्बान दास ने शनिवार को रॉय को दोषी ठहराया था और कहा था कि वह फैसला सुनाने से पहले उसकी बात सुनेंगे। सोमवार को जज ने कहा, 'मुझे मेरे सामने पेश सबूत के आधार पर फैसला लेना होगा। मैंने 3 घंटों तक तुम्हारी बात को सुना। आपके वकील ने आपका केस पेश किया। आरोप साबित हो चुके हैं। अब मैं सजा पर आपके विचार जानना चाहता हूं।' अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय के जस्टिस दास ने रॉय को शनिवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64, 66 और 103(1) के तहत दोषी ठहराया। कार्यवाही के दौरान सीबीआई के अधिवक्ता ने दोषी को कड़ी से कड़ी सजा देने का अनुरोध करते हुए अदालत से कहा, 'हम समाज में लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए कड़ी से कड़ी सजा का अनुरोध करते हैं।' जहां एक ओर आरोपी को कोर्ट ने सजा सुनाई है, वहीं पीड़िता परिजनों को 17 लाख रुपए का मुआवजा दिए जाने का भी फैसला सुनाया है। लेकिन पीड़िता के परिजनों ने किसी भी तरह का मुआवजा लेने से मना कर दिया है। उनका कहना है कि उनकी बेटी चली गई, वो इस मुआवजे को नहीं लेना चाहते हैं। हालांकि अब इस फैसले पर राजनीतिक बयानबाजियां चल पड़ी हैं। ममता बनर्जी कह रही हैं कि अगर केस कोलकाता पुलिस के हाथों में होतो तो उम्र कैद नहीं फांसी ही होती।

### अनगिनत अंदेशों के बीच

# अमरीका में ट्रंप युग की शुरुआत



लोकमित्र गौतम



21 जनवरी 2025 की सुबह जब हम भारतीय सोकर जगेंगे, तब तक अनगिनत अंदेशों के बीच अमेरिका में ट्रंप युग शुरू हो चुका होगा। क्योंकि गुजरी 20 जनवरी 2025 को भारतीय समय के मुताबिक रात 10 बजे अमेरिकी संसद कैपिटल हिल में, करीब 700 विशिष्ट अतिथियों के सामने, अमरीकी सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स का, डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाना तय था। सवाल है हम भारतीयों को यह सब इतनी बारीकी से याद रखने की जरूरत क्यों है? इसका जवाब यह है कि अकेले हम भारतीय ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया, दूसरी बार शुरू हो रहे इस ट्रंप युग की एक एक घड़ी का हिसाब रख रही है। क्योंकि 'अनप्रिडेक्टेबल' ट्रंप के शपथ लेने के साथ ही दुनिया में अनगिनत आर्थिक, राजनीतिक और कूटनीतिक अंदेशों के आकार लेने के कयास लगाए जा रहे हैं या यूं कहें कि ट्रंप ने खुद ही इन्हें हवा दे रखी है।

**- इमेज**


राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के पहले ही जिस तरह से ट्रंप ने कनाडा, ग्रीनलैंड, पनामा आदि को तो सीधे सीधे खुद में मिला लेने की धमकी दी है और चीन व भारत को अप्रत्यक्ष तरीके से व्यापार के मोर्चे में देख लेने की बात कही है, उससे उनका कार्यकाल शुरू होने के पहले ही कई तरह के सवालों से घिर गया है। हम दुनिया के बजाय अगर भारत की चिंताओं का जायजा लें और देखें कि ट्रंप के 45वें अमरीकी राष्ट्रपति बनने के बाद भारत के सामने किस तरह चुनौतियां दरपेश हो सकती हैं, तो बिना किसी क्षेत्र विशेष का जिक्र किए सबसे पहले तो इसी बात पर सोचना होगा कि क्या ट्रंप के इस दूसरे कार्यकाल में भारत और अमरीका के रिश्ते उतने ही दोस्ताना और सौहार्दपूर्ण रह पाएंगे, जितने पिछले दो दशकों से लगातार बेहतर होते रहने की स्थिति में बने हुए हैं? ऐसा सोचने की मजबूरी इसलिए बन रही है क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस तरह से एक दूसरे को, एक दूसरे का अच्छा दोस्त बताते रहे हैं, वैसा कुछ फिलहाल तो व्यवहार में नहीं दिख रहा है। उल्टे राष्ट्रपति चुने जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने पहले तो भारत को यह कहकर अप्रत्यक्ष रूप से धमकाने की कोशिश की कि अगर पिछले साल ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान 'ब्रिक्स करंसी' पर शुरू हुई बात को व्यवहारिक रूप देने की कोशिश की गई, तो भारत के खिलाफ व्यापार में अमरीका टैरिफ के ट्रंप कार्ड का इस्तेमाल करने से जरा भी नहीं हिचकिचाएगा। मतलब यह कि ट्रंप ने राष्ट्रपति चुने जाने के तुरंत बाद हमें चेतावनी दे दी है कि हम आजतक की ही तरह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अमरीका की मुद्रा डॉलर को अपना माई-बाप बनाए रहें। अगर भारत ने डॉलर से मुकाबला करने की किसी रणनीति को अमल में लाने की कोशिश की तो अमरीका भारत से इसका जबर्दस्त बदला लेगा। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रंप, 'अमेरिका फर्स्ट' पॉलिसी के तहत भारतीय पेशेवरों को एच1बी बीजा की मुश्किलें खड़ी करने की बात कह चुके हैं। उनकी इस बात को गंभीरता से लिया जाना अभी भी इसलिए जरूरी है, क्योंकि ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी एच1बी बीजा के नियमों में बदलाव किया था। इस बदलाव के तहत ट्रंप ने विदेशी कर्मचारियों के लिए सैलरी तो अमरीकी कर्मचारियों के बराबर ही रखी थी, लेकिन प्रवासी कामगारों पर कई तरह की नई शर्तें थोप दी थीं। यही नहीं ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान बड़ी संख्या में एच1बी बीजा एप्लीकेशन को नकाराने की रणनीति अपनाई गई थी। साथ ही बीजा प्रोसेसिंग का तय समय भी बढ़ा दिया था। इस सबका भारतीय कामगारों पर असर पड़ा था। हालांकि अमरीका में अब भी सबसे ज्यादा प्रवासी भारतीय ही हैं। यही नहीं 2023 में जिन कुल 3,86,000 प्रवासियों को एच1बी बीजा दिया गया, उसमें 2.79 लाख लोग भारतीय ही थे। यही नहीं अमरीका में 16 साल और उससे ऊपर के जो 72 फीसदी प्रवासी कामगार हैं, वो भारतीय हैं। इसलिए अगर बार बार धमकी देने के बाद अब जबकि ट्रंप दोबारा से अमरीका के राष्ट्रपति बन चुके हैं, अगर धमकियों पर अमल करते हैं तो ढाई से तीन लाख प्रवासी भारतीयों को अमरीका में अपनी नौकरी गंवानी पड़ सकती है और 90 हजार से 1 लाख 10 हजार तक ऐसे भारतीयों की उम्मीदों को झटका लग सकता है, जो 2025 में एच1बी बीजा पाने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। यही नहीं ट्रंप चुनाव प्रचार के दौरान बार बार यह बात कहते रहे हैं कि वह अमरीका में आए अवैध प्रवासियों को 20 जनवरी 2025 से निकालना शुरू कर देंगे और इस धमकी पर भी अगर वाकई अमल शुरू हुआ तो बहुत बड़ी संख्या में भारतीय ही अमरीका से भारत की वापसी की फ्लाइट में बैठाए जाएंगे। क्योंकि 2024 में ही अमरीका में अवैध रूप से घुसने के आरोप में 90,415 भारतीय गिरफ्तार हुए हैं। जानकारों का मानना है कि एच1बी बीजा को लेकर शायद डोनाल्ड टंप अपनी धमकियों में ढील देंगे, क्योंकि अमरीका का तकनीकी तंत्र ऐसे भारतीयों के कंधों पर टिका है जो इसी एच1बी बीजा की बदौलत वहां पहुंचे हुए हैं। लेकिन शायद ट्रंप अवैध प्रवासियों के मामले में हमें जरा भी छूट नहीं दे पाएंगे, क्योंकि ट्रंप ने एक नहीं कई बार इस बात को स्पष्ट कर दिया है कि वह अवैध रूप से घुसने वाले प्रवासियों पर सख्त रहेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने बार बार इस बात को दोहराया है कि हमें सिर्फ वैध प्रवासी चाहिए, उन्होंने यह भी कहा है कि कुशल और वैध भारतीय प्रवासियों से उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह तीन तीन बार कनाडा को अमरीका के 51वें प्रदेश के रूप अमरीका में शामिल किए जाने की बात कही है, ग्रीनलैंड में अमरीकी कब्जे और पनामा नहर को अमरीकी नियंत्रण में लेने की बात कही, वह शुरू में तो मजाक जैसे लग रहा था। लेकिन जैसे ही लोगों को लगा कि यह मजाक नहीं बल्कि ट्रंप की मंशा है, तो लोगों को यह बहुत ही डरावनी और तानाशाहीपूर्ण लगी। माना जा रहा है कि कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रुडो ने तो ट्रंप के इसी रवैय्ये से घबराकर इस्तीफा दे दिया है और ग्रीनलैंड व पनामा ने कई तरह से ट्रंप के इस आक्रामक तानाशाही रवैय्ये की आलोचना की है, लेकिन दुनिया जानती है कि अमरीका को अपने हितों के सामने अपनी आलोचना से कोई फर्क नहीं पड़ता।

## पंचांग

21 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| विक्रम संवत् | - | 2081 |
| शक संवत् | - | 1946 |
| ऋतु | - | शिशिर |
| माह | - | माघ |
| पक्ष | - | कृष्ण |
| तिथि | - | सप्तमी 12.40 तक |
| वार | - | मंगलवार |
| नक्षत्र | - | चित्रा 23.36 तक |
| योग | - | धृति 27.49 तक |
| करण | - | बालव 26.01 तक |
| सूर्योदय | - | 07.16 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - | 06.23 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - | 07.27 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - | 06.17 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - | कन्या 10.04 तक |
| अभिजित् मुहूर्त | - | 12.27 से 13.12 |
| राहु काल | - | 15.37 से 17.01 |
| व्रत, त्यौहार | - | श्री रामानंदाचार्य जयंती, कालाष्टमी, बुधास्त पूर्व, मंगल वक्री मिथुन में 10.09, राजयोग 12.40 तक |
| दिशा शूल | - | उत्तर |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## बीमारियों से छुटकारा पाने हनुमान जी के स्त्रोत का पाठ!

हिंदू धर्म में हनुमान जी को भगवान शिव का 11वां रूद्र अवतार माना गया है। हनुमान जी को बजरंगबली, संकट मोचन, पवन पुत्र, अंजनी पुत्र और ना जाने कितने नामों से पुकारा जाता है। बजरंगबली को प्रसन्न करने के लिए मंगलवार का दिन बहुत ही उत्तम माना जाता है। कहते हैं बजरंगबली की सच्चे मन से आराधना करने से व्यक्ति के जीवन के बड़े से बड़े संकट भी दूर हो जाते हैं और सब कुछ मंगलमय होता है। वहीं अगर किसी व्यक्ति के जीवन में बीमारियां और परेशानियां खत्म नहीं हो रही हैं। तो ऐसे में उसे मंगलवार के दिन हनुमान बाहुक का पाठ करना चाहिए। धार्मिक मान्यता के अनुसार, ऐसा करने से तमाम परेशानियों का अंत हो सकता है।

**हनुमान बाहुक-** हनुमान बाहुक पाठ की रचना गोस्वामी तुलसीदास ने की थी। कहते हैं कि एक बार कलयुग के प्रकोप से तुलसीदास जी को रोग और शारीरिक पीड़ा हुई, तब उससे बचने के लिए उन्होंने हनुमान बाहुक रचना की थी। यह भी कहा जाता है कि इस स्त्रोत का पाठ करने से तुलसीदास की सभी शारीरिक पीड़ा दूर हो गई थी।

**कब और कैसे करें पाठ?-**मंगलवार के दिन स्नान कर हनुमान जी की मूर्ति या तस्वीर के सामने एक पात्र में जल भरकर तुलसी का पत्ता डाल दें। हनुमानजी को अबीर, गुलाल आदि चढ़ाएं और लाल फूल अर्पित करें। गाय के शुद्ध घी का दीपक जलाएं तो पाठ के अंत तक जलता रहे। उसके बाद हनुमान बाहुक का पाठ करें। पाठ पूरा होने के बाद पात्र में रखे तुलसी के पत्ते सहित जल को पी लें या जिस किसी के हित के लिए भी ये पाठ किया गया हो उसे पिला दें। मान्यता है कि ऐसा करने से तमाम शारीरिक कष्ट और बीमारियां दूर होने लगती हैं।

**हनुमान बाहुक पाठ के लाभ-**हनुमान बाहुक का पाठ करने से शारीरिक कष्ट और बीमारियों से तो छुटकारा मिलता ही है साथ ही ये पाठ जातक को भूत-प्रेत जैसी बाधाओं से भी दूर रखता है। ऐसी किसी भी प्रकार की बुरी शक्ति हनुमान बाहुक का पाठ करने वाले भक्त के आसपास भी नहीं आती है।

## तारीख विशेष

## रास बिहारी बोसः भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक

भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में रास बिहारी बोस का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उनका जीवन संघर्ष और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। 25 मई 1886 को पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले में जन्मे रास बिहारी बोस ने अपने साहसिक कदमों से ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी। गतिविधियां रास बिहारी बोस का झुकाव बाल्यकाल से ही स्वतंत्रता संग्राम की ओर था। वे पढ़ाई के साथ-साथ भारत की तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों को समझने में रुचि रखते थे। उन्होंने बंगाल विभाजन के खिलाफ आवाज बुलंद की और युवाओं को संगठित करना शुरू किया। जल्द ही वे गदर पार्टी के प्रमुख सदस्यों में से एक बन गए। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में रास बिहारी बोस का सबसे बड़ा योगदान था अज़ाद हिंद फौज (इंडियन नेशनल आर्मी) का गठन। उन्होंने जापान में रहते हुए भारतीय स्वतंत्रता के लिए समर्थन जुटाया। 1942 में टोक्यो में आयोजित सम्मेलन में उन्होंने इंडियन इंडिपेंडेंस लीग की स्थापना की। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नेतृत्व सौंपा और अज़ाद हिंद फौज को एक सशक्त संगठन बनाया। रास बिहारी बोस ने ब्रिटिश सरकार के अत्याचारों का विरोध करते हुए अपनी पूरी जिंदगी स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित कर दी। उनकी देशभक्ति और साहस ने लाखों युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने भारत के बाहर रहते हुए भी स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूत करने का कार्य किया। 21 जनवरी 1945 को रास बिहारी बोस का निधन जापान में हुआ। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन नायकों में से एक हैं, जिन्होंने अपनी अंतिम सांस तक मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। उनकी मृत्यु भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के लिए एक अपूरणीय क्षति थी। रास बिहारी बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक ऐसे महानायक थे, जिन्होंने अपनी क्रांतिकारी गतिविधियों से स्वतंत्रता की नींव को मजबूत किया।



### चमोली का अनोखा मंदिर

# पुजारी आंख पर पट्टी बांधकर करता पूजा

समीर चौधरी

**पिछले साल की बात है, गर्मियां शुरू हो गईं थीं और दिल्ली की गर्मी से बचने के लिए मैं एक दोस्त के निमंत्रण पर राजधानी से 431.1 किमी दूर उत्तराखंड के चमोली में था। दोस्त ने कहा कि बहुत शुभ अवसर पर आए हो, कल (23 अप्रेल 2024) को लाटू देवता मंदिर के कपाट खुलने वाले हैं। मैंने इस मंदिर के बारे में कभी नहीं सुना था, इसलिए इसके महत्व को जानने की जिज्ञासा उत्पन्न हो गई। दोस्त ने बताया कि क्षेत्रपाल देव लाटू देवता चमोली मां नंदा देवी के धर्म भाई हैं। इनका मंदिर पास के ही वाण गांव में है जोकि ज़िला चमोली के देवाल ब्लाक में है।**

**- इमेज**

पिछले साल की बात है, गर्मियां शुरू हो गईं थीं और दिल्ली की गर्मी से बचने के लिए मैं एक दोस्त के निमंत्रण पर राजधानी से 431.1 किमी दूर उत्तराखंड के चमोली में था। दोस्त ने कहा कि बहुत शुभ अवसर पर आए हो, कल (23 अप्रेल 2024) को लाटू देवता मंदिर के कपाट खुलने वाले हैं। मैंने इस मंदिर के बारे में कभी नहीं सुना था, इसलिए इसके महत्व को जानने की जिज्ञासा उत्पन्न हो गई। दोस्त ने बताया कि क्षेत्रपाल देव लाटू देवता चमोली मां नंदा देवी के धर्म भाई हैं। इनका मंदिर पास के ही वाण गांव में है जोकि ज़िला चमोली के देवाल ब्लाक में है। मंदिर के कपाट साल में केवल एक बार ही, एक दिन के लिए, दर्शन हेतु खुलते हैं, उसी दिन शाम को बंद भी कर दिए जाते हैं, लेकिन कोई भी व्यक्ति मंदिर के अंदर प्रवेश नहीं कर सकता। अगर कोई मंदिर की दहलीज पर कदम भी रख दे तो वह अंधा हो जाता है। इसलिए श्रद्धालु मंदिर से 50 से 75 फीट की दूरी से पूजा अर्चना करते हैं। लाटू देवता सबकी मनोकामना पूरी करते हैं। लोग बहुत दूर दूर से अपनी मुरादें लेकर आते हैं।

इस विवरण ने मेरी जिज्ञासा अतिरिक्त बढ़ा दी थी। अगले दिन मंगलवार था। दोपहर का भोजन जल्दी करके मैं अपने दोस्त के साथ लगभग 1:30 बजे वाण गांव पहुंचा। दोपहर ठीक 2 बजकर 10 मिनट पर पुजारी, जिनकी आंखों पर काली पट्टी बंधी हुई थी कि उनकी आंखें सुरक्षित रहें, ने लाटू मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए। पुजारियों ने सफाई के लिए गर्भगृह में प्रवेश किया। लगभग आधे घंटे तक मुख्य पुजारी ने आंख व मुंह पर पट्टी बांधकर मंदिर के अंदर पूजा अर्चना की और सबके सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। जैसे ही मंदिर के कपाट खुले वहां मौजूद श्रद्धालुओं व पर्यटकों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर पारंपरिक ढोल व दमाऊ की थाप पर जागरों के साथ झोडा, झुमेला लोकनृत्य कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। मंदिर परिसर लाटू देवता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर मेले का भी आयोजन किया गया था।

मैं अब भी यह नहीं समझ पाया था कि पुजारियों ने आंख व मुंह पर पट्टी बांधकर ही गर्भगृह में प्रवेश क्यों किया और किसी भी महिला व पुरुष को मंदिर के अंदर प्रवेश करने की अनुमति क्यों नहीं है? ठीक है, लोग अंदर प्रवेश करने पर अंधे हो जाते हैं, लेकिन क्यों? ऐसा क्या रहस्य है? मेरे दोस्त ने बताया कि यहां भक्त तो क्या पुजारी भी भगवान के दर्शन नहीं कर पाते हैं। पुजारियों को केवल यह अनुमति है कि वह साफ़ सफाई के लिए अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर मंदिर में प्रवेश कर सकते हैं और वह भी सिर्फ उसी दिन, कपाट खोलने व कपाट बंद करने के समय पर। आम भक्त या पर्यटक को यह अनुमति भी नहीं है कि वह अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर मंदिर के अंदर प्रवेश कर सके। इसलिए भक्त मंदिर से 50 मीटर के फासले पर रहकर ही दर्शन व पूजा अर्चना करते हैं। दरअसल, इस मंदिर में लाटू देवता के साथ ही नागराज और उनकी अद्भुत मणि भी विराजमान है। मान्यता यह भी है कि लाटू देवता ही मंदिर में नागराज के रूप में कैद हैं। मणि का तेज इतना अधिक तीव्र बताया जाता है कि कोई उसे देख नहीं सकता। जो देख लेता है वह अपनी आंखों की रोशनी खो बैठता है। इसलिए दूर से ही दर्शन करने की व्यवस्था है।

लोक मान्यताओं के अनुसार लाटू देवता उत्तराखंड की आराध्य देवी, नंदा देवी के धर्म भाई हैं। वाण गांव में प्रत्येक 12 सालों में होने वाली उत्तराखंड की सबसे लम्बी पैदल यात्रा नंदा देवी राजजात का 12वां पड़ाव है। लाटू देवता वाण गांव से होमकुंड अंतिम पड़ाव तक नंदा देवी का अभिनंदन करते हैं। मंदिर का द्वार वर्ष के एक ही दिन वैशाख मास की पूर्णिमा के दिन खुलता है। इस दिन, जैसा कि ऊपर बताया गया, पुजारी अपनी आंखों व मुंह पर पट्टी बांधकर मंदिर के कपाट खोलते हैं। देवता के दर्शन भक्त दूर से ही करते हैं। जब मंदिर के कपाट खुलते हैं तब विष्णु सहस्त्रनाम और भगवती चंडिका के पाठ का आयोजन किया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान शिव का माता पार्वती के साथ विवाह हुआ तो पार्वती (नंदा देवी) को विदा करने के लिए सभी भाई कैलाश की ओर चल पड़े, इसमें उनके चचेरे भाई लाटू भी शामिल थे। रास्ते में लाटू देवता को प्यास लगी। वह पानी के लिए इधर उधर भटकने लगे। उन्हें एक कुटिया दिखाई दी और वह उसके अंदर पानी पीने के लिए चले गए। कुटिया में दो मटके रखे हुए थे, एक में पानी था और दूसरी में मदिरा थी। लाटू देवता ने भूलवश मदिरा पी ली और उत्पात मचाने लगे। इससे नंदा देवी को गुस्सा आ गया और उन्होंने लाटू देवता को श्राप दे दिया। मां नंदा देवी ने गुस्से में लाटू देवता को बांधकर कैद करने का आदेश दिया। लाटू के पश्चाताप करने पर मां नंदा देवी ने कहा कि वाण गांव में उनका मंदिर होगा और वैशाख मास की पूर्णिमा को ही उसकी पूजा होगी।



## गीता सार

**एवं बुद्धेः परं बुद्ध्वा संस्तभ्यात्मानमात्मना ।**
**जहि शत्रुं महाबाहो कामरूपं दुरासदम् ॥ (43)**

**भावार्थ :**

इस प्रकार हे महाबाहु अर्जुन! स्वयं को मन और बुद्धि से श्रेष्ठ आत्मा-रूप समझकर, बुद्धि के द्वारा मन को स्थिर करके तू कामनाओं रूपी दुर्जय शत्रुओं को मार।

## बोले तो...



हम सभी ने दोषी के लिए मृत्युदंड की मांग की थी, लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला हमसे जबरन ले लिया गया। अगर यह (कोलकाता) पुलिस के पास ही रहा होता, तो हम सुनिश्चित करते कि उसे मौत की सजा मिले।

**- ममता बनर्जी**



आम आदमी पार्टी, कांग्रेस के घोटालों की बात करने आई थी। लेकिन उनका छाप जो आप है वो अराजकता, अलगाववाद, आतंकवाद, अफवाहें फैलाने और अपराधियों को शरण देने के लिए जाना जाता है। ऐसी कौन सी मजबूरी है कि इन देश विरोधी ताकतों से हाथ मिलाना जरूरी है।

**-अनुराग ठाकुर**



मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में एकनाथ शिंदे की हालत बहुत खराब है। ऐसा लग रहा है कि उन्हें किनारे किया जा सकता है। मुझे आश्चर्य हो रहा है कि क्या शिंदे की राजनीतिक उपयोगिता खत्म हो चुकी है? उद्धव ठाकरे को बाहर कर एकनाथ शिंदे को लाया गया था।

**-विजय वडेट्टीवार**

## कुछ अलग | अजब गजब

# हैलो मैम, चार करोड़ का घर आपके नाम पर है, ले लो', फोन कॉल सुनकर फ्रॉड समझी महिला, निकला सच

आजकल ज़माना साइबर फ्रॉड का है। हर दूसरे शख्स के पास कुछ न कुछ अलग बहाने से ऐसी कॉल्स आ रही हैं कि आदमी खड़े-खड़े ही डर जाए। आपकी एक छोटी सी भी गलती आपका खाता खाली कर सकती है। यही वजह है कि कोई भी अनजान नंबर से आ रही कॉल्स को उठाने से डरता है। अगर उसने कॉल उठा भी ली, तो इस पर मिलने वाली जानकारी पर यकीन करना तो बेहद मुश्किल है, खासतौर पर अगर ये किसी प्रॉपर्टी या बैंक बैलेंस से जुड़ी हुई हो। एक ऐसा ही मामला कनाडा में सामने आया। एक रिपोर्ट के मुताबिक यहां रहने वाली लॉरेन गेसेल नाम की महिला के पास एक फोन कॉल आया, जिसमें उसे बताया गया कि यूनाइटेड किंगडम में उसने मामा ने मरते-मरते एक प्रॉपर्टी छोड़ी है, जिसकी कीमत 4 करोड़ से भी ज्यादा है। उसके अलावा इस प्रॉपर्टी पर किसी ने दावा नहीं किया है। 60 साल की लॉरेन गेसेल कनाडा में रहती हैं और उन्हें एक दिन यूनाइटेड किंगडम के एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले शख्स ने बताया कि उनकी मां के एक इंग्लिश कज़न (चचेरे भाई) की मौत सितंबर, 2021 में हुई। उन्होंने अपने पीछे 400,000 यानि करीब 4.22 करोड़ का एक घर छोड़ा है, जिसकी अकेली हकदार वही हैं। उसने बताया कि रेमंड नाम के उनके दूर के मामा ने कभी शादी नहीं की थी और उनके बच्चे भी नहीं थे। एयरलाइन कैबिन क्रू के तौर पर काम करते हुए उन्होंने ट्विकेनहैम में एक दो बेडरूम का फ्लैट खरीदा था। चूंकि उनका कोई रिश्तेदार नहीं था, ऐसे में उन्हें सिर्फ उन्हीं के बारे में पता चला है और वे इस प्रॉपर्टी पर दावा कर सकती हैं। लॉरेन बताती हैं कि उन्हें ये कॉल बिल्कुल ही फ्रॉड लगी और उनके बेटे ने भी कहा कि ये फंसाने वाली कॉल हो सकती है। चूंकि लॉरेन की मां 1951 में कनाडा में शिफ्ट हो गई थीं, ऐसे में दो साल पढ़ाई को छोड़कर लॉरेन कभी यूके नहीं गईं। उन्हें यकीन था कि ऐसा कुछ हो ही नहीं सकता लेकिन फाइंटर्स एजेंसी की ओर से उन्हें पूरा खानदानी इतिहास भेज दिया गया। दरअसल मरने वाले रेमंड, लॉरेन की मां के कज़िन थे और लॉरेंस के नाना, रेमंड की मां के भाई। ऐसे में लॉरेंस, रेमंड की भांजी हुईं, जिसकी वजह से उन्हें प्रॉपर्टी दी जा रही थी।




## पाठक पाती

## सादगी में ही करें आयोजन

समाज में रहते हुए मनुष्य को कई रस्में पूरी करनी पड़ती है। यदि नहीं करता है तो उन्हें लगता है कि समाज क्या कहेगा? नाक कट जाएगी। यह मनुष्य की सोच है। गांवों में यह रिवाज है कि बुजुर्ग की मौत के दस दिन बाद उसकी आत्मिक शांति के लिए समारोह किया जाता है। रिश्तेदारों, दोस्तों तथा गांववासियों को खाना खिलाया जाता है। जाते समय हर किसी को लिफाफे भर-भर कर मिठाईयां दी जाती हैं। यदि कोई व्यक्ति नया मकान बनाता है तो उसका गृह प्रवेश करता है। इसमें भी लोगों को आमंत्रित करके खाना खिलाया जाता है। शाम को जाम भी छलकता है। कुछ इसी प्रकार विवाह में भी होता है, बड़े-बड़े डीजे साउंड, पंडाल, रंग-बिरंगी लाइटें आदि लगाया जाता है। यह सब सिर्फ पैसा दिखाने के लिए किया जाता है। उपरोक्त सभी समारोह यदि सादे ढंग से किए जाएं तो खर्चों से बचा जा सकता है। अमीर लोगों को तो कोई फर्क नहीं पड़ता, मगर गरीबों के लिए यह खर्च झेलना मुश्किल हो जाता है। मनुष्य को सिर्फ सोच बदलने की जरूरत है। महंगाई के इस दौर में फिजूलखर्ची से बचना चाहिए। इस बात की परवाह नहीं करनी चाहिए कि समाज क्या कहेगा? थोड़े समय की वाहवाही बंटोरने से क्या फायदा? जब बाद में सिर चढ़ा कर्ज उतारना मुश्किल हो जाए। समय की जरूरत है कि फिजूल के रस्मों-रिवाज बंद हो। इस तरह कार्य भी हो जाएंगे और खर्चा भी अधिक नहीं होगा।

**-संदीप कुमार, मधुपुर (झारखंड)**

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# 'जल संरक्षण को दैनिक आदत में शामिल करें'

## जिला कलेक्टर ने प्राचीन जोहड़ व स्कूल का किया निरीक्षण



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने ब्लॉक सरदारशहर के घड़सीसर जोहड़, मलसीसर के गैबानिया जोहड़ा, धीरासर में प्राचीन कुंड और राउमावि, कराला मॉडल तालाब कंवलासर का अवलोकन कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने कि भौगोलिक परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुए जोहड़ों और जल संरचनाओं के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में बेहतरीन प्रयास हैं। हम सभी भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए जल संरक्षण को अपनी दैनिक आदत का हिस्सा बनाएं। जल संरचनाओं के विकास पर ध्यान दें और ऐतिहासिक विरासतों का भी संरक्षण करें। हमारी ऐतिहासिक जल संरचनाओं का स्थापत्य भी मनमोहक है। इन संरचनाओं का संवर्धन और संरक्षण कर भावी पीढ़ी को सुरक्षित जीवन दें, यह हमारा ध्येय हो। उन्होंने पानी से लबालब जोहड़ को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह जोहड़ पशु-पक्षियों के संरक्षण का भी सशक्त माध्यम हैं। महानरेगा जैसी ग्रामीण विकास की योजनाओं में बनीं जल संरचनाएं आज वरदान साबित हो रही हैं। धीरासर स्कूल का निरीक्षण कर उन्होंने कहा कि स्कूल में ग्राम पंचायत, जिला परिषद सहित जनप्रतिनिधि कोटे से अच्छा भवन बनाया गया है। संसाधनों का विकास ही सुरक्षित भविष्य की नींव है। घड़सीसर सरपंच मनोज कुमार तथा कंवलासर में गौरीशंकर शर्मा ने जोहड़ व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान अपूर्वा पाठक, नायब तहसीलदार प्रहलाद पारीक, विकास अधिकारी महेंद्र सोलंकी, सरपंच विमला शर्मा, गौरीशंकर शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी मोहनराम थौरी, जयकिशन मीना, लेखाधिकारी अंजुम सैयद, जेईएन नन्दलाल सिद्ध, रोलासर सरपंच दीपक शर्मा, जोरावरसिंह हाडा, बृजलाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

# ढ़ांढ़ण शक्ति दादी की दिव्य ज्योति यात्रा पहुंची शेखावाटी में

**चूरू।** श्री ढ़ांढ़ण शक्ति दादी की दिव्य ज्योति यात्रा 40 दिन के अखंड भारत भ्रमण के पश्चात मरुधरा के शेखावाटी अंचल में प्रवेश किया। यात्रा 11 दिसंबर को जगत जननी के दिव्यज्योति स्वरूप के साथ दादीजी के निज धाम से प्रस्थान किया था। रविवार को सुबह गुलाबी नगरी जयपुर से ब्रह्म मुहूर्त की पूजा के पश्चात यात्रा ने शेखावाटी अंचल में प्रवेश किया। रास्ते में भव्य स्वागत करते हुए लक्ष्मणगढ़ के भक्तों द्वारा भव्य मंगल यात्रा निकालकर भव्य भजन-कीर्तन व अराधना की गई। भजन संध्या में कोलकाता के मोनू मोर व मूलचंद बजाज ने भजनों से दादी को रिझाया व विदर्भ कुमारी नेतल शर्मा ने अपनी मधुर वाणी से भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। अखिल भारतीय मां टीडा गैला बसंतोत्सव परिवार के प्रवक्ता ने बताया कि यह दिव्य ज्योति यात्रा हिंदुस्तान के विभिन्न 50 शहरों में भ्रमण करते हुए पधारी है। प्रवक्ता के अनुसार दादी लक्ष्मणगढ़, चुरू, रतनगढ़ व फतेहपुर में भव्य कार्यक्रमों के पश्चात 23 जनवरी को फतेहपुर, रोलसाहबसर होते हुए भव्य शोभा यात्रा में परिवर्तित हो जाएगी। 24 जनवरी को एक शाम शिव शक्ति के नाम से उज्जैन के किशन भक्त के भजन होंगे। 25 जनवरी को कविता पौडवाल और अनूप जलोटा की भजन प्रस्तुति होगी। 26 जनवरी को भव्य कार्यक्रम में लखा सिंह, रूपम शुभम जैसे अनेक कलाकार अपनी प्रस्तुति देगें।

# सीएलजी सदस्य की बैठक आयोजित

## साइबर अपराध व सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को किया जागरूक



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** थाना परिसर पर सीएलजी बैठक का आयोजन थानाधिकारी श्रवण कुमार नील की अध्यक्षता में कियाा। बैठक मे विभिन्न मुद्दों व कानून व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। इस दौरान सदस्यों से पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे साइबर अपराधों की रोकथाम व सड़क सुरक्षा के अभियान के प्रति जागरूकता के लिए अपील की गई। उपस्थित सीएलजी सदस्यों ने पुलिस की वर्तमान कार्य प्रणाली की प्रशंसा की। शहर में गश्त बढ़ाने एवं चोरी की घटनाओं पर व सुख नशे पर अंकुश लगाने सहित यातायात एवं कानून व्यवस्था, तथा वर्तमान समय में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रचलन से साइबर फ्रॉड की घटनाओं में हो रही वृद्धि ठगी पर चर्चा हुई। इस दौरान थाना अधिकारी श्रवण कुमार नील ने बताया कि जागरूकता एवं जानकारी के अभाव में कई लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं, जिससे बचने के लिए आमजन अनजाने लिंक पर क्लिक नहीं करें, अनजाने नंबर से आने वाली वाट्सअप कॉल नहीं लेने, ओटीपी शेयर नहीं करने,ई-ट्रेडिंग में पैसा लगाते हो तो पूर्णत सावधानी रखने सहित डिजिटल अरेस्ट से बचने के लिए सावधानी रखने को कहा। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को मोबाइल के सावधानी पूर्वक उपयोग के बारे में बताएं एवं समय-समय पर अपने सोशल मीडिया एकाउंट के पासवर्ड बदलते रहना चाहिए। साथ ही साइबर फ्राड के संबंध में टोल फ्री नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज अहूजा, पालिका प्रतिपक्ष नेता संजय शर्मा,पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह शेखावत, विमल सोनी,मुकेश गहनोलिया सहित स्थानीय व्यापारी व सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

# न्यूज़ ब्रीफ

## भाजपा मण्डल के पुनः अध्यक्ष बने प्रणव क्याल



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** भाजपा मंडल अध्यक्ष के पद पर पुनः प्रणव क्याल को अध्यक्ष मनोनीत किया है । मुख्य मंत्री राजस्थान भजनलाल शर्मा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड के निर्देशानुसार जिला चुनाव अधिकारी जसवीर छाबा,सह चुनाव अधिकारी शिवजी राम, जिलाध्यक्ष दक्षिण राजेश गुर्जर की सहमति से फुलेरा नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष पद पर पुनः प्रणव अग्रवाल को मनोनीत किया है। अग्रवाल के मनोनयन पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, पूर्व अध्यक्ष भाजपा कैलाश नारायण साहू,आलोक तिवारी, पार्षद महावीर प्रसाद जैन, सुरेश मिश्रा, गजेन्द्र सिह शेखावत, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिक मंडल फुलेरा रतन राजोरा, मनोज आहूजा,नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक,संजय वार्ष्णेय, पार्षद सरदार चौधरी,पूजा भाठी, श्रवण वर्मा, जितेन्द्र वर्मा,हेमलता सैनी,यतेन्द झांकडा, अभिषेक वर्मा, त्रिलोक भाटी,ताराचंद सैनी, विजय लक्ष्मी गौड, मदन गढवाल, आशा सैनी,अंजना जैन, राजेन्द्र वर्मा, गिरधारी सिह शेखावत, विजय पापटवान,राजेश अरोडा, गजेन्द्र कुमावत,महेन्द्र कुमावत, मुरारी सिवांल, मुकेश पारीक, कमल शर्मा,सुनिल गुर्जर,गोविन्द सिह बडगूजर,मनीष गगरानी, शिवचरण सैनी,महेश सोनी,निशान्त सारास्वत, त्रिलोक शर्मा,सुरेश सैनी,सुरेश सांखला,दिलीप सुरोलिया,अनिल शर्मा,महावीर बड़जात्या, हितेश सिह, मोहन सिंह तंवर, राजेश रांवका, सन्तोष धोल, मुकेश लखन, दौलत सिंह राठौर, सुमित्रा नाथावत, पूनम कुमावत, तारासोनी,संजीव गुप्ता,नेमी गुर्जर, सहित सैंकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने अग्रवाल को बधाई देते हुए मंडल अध्यक्ष पद पर अग्रवाल को पुन:अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना हो प्रमुख उद्देश्य : डॉ. मीणा

## नव नियुक्त सीएमएचओ ने बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिले के नवनियुक्त सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीणा ने सोमवार को जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा अनुरूप अंतिम छोर पर बैठे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाना ही प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने बैठक में कहा कि राज्य स्तर से मिलने वाले निर्देशों की पालना निर्धारित समय पर हो। वहीं लक्षित कार्यों में सभी रूचि लेकर गुणवत्तापूर्ण कार्य करें ताकि जिले को स्वास्थ्य क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जा सके। उन्होंने इसी तरह शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत लगातार कार्रवाई होगी ताकि आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थ मिल सके। ई-केवाईसी, पीसीटीएस, अनीमिया मुक्त राजस्थान की विस्तार से समीक्षा की गई। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने कार्य भार ग्रहण करने के के पहले दिन ब्लॉक बाड़ी का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव मीणा, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिव कुमार शर्मा, डीपीओ शशांक वशिष्ठ सहित सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# गुणात्मक ढंग से संस्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक सेवाओं के उन्नयन हेतु करें प्रयास

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न



**धौलपुर।** साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में किया गया। उन्होंने बैठक में सभी उपखण्डाधिकारियों को स्वच्छ भारत मिशन के कार्यां का सतत मूल्यांकन, अन्नपूर्णा रसोइयों का यादृच्छित निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी महज संख्यात्मक नहीं बल्कि गुणात्मक ढंग से संस्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक सेवाओं में उन्नयन का प्रयास करें। उन्होंने शीत लहर को देखते हुए रैन बसेरों में सभी व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्राचार्य मेडिकल कॉलेज एवं अन्य संबंधित एर्जेसियों को मेडिकल कॉलेज में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु कहा।उन्होंने कहा कि जिले में वर्षा से क्षतिग्रस्त हुए सड़कें, राजकीय भवनों के लिये आपदा प्रबन्धन से जारी की गई राशि से किये जा रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का उपखण्डाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने आगामी समय में रीट एवं राजस्थान प्रशासनिक एवं अधीनस्थ सेवा की परीक्षाओं के लिये चिन्हित केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सेवाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था की उपलब्धता हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिले में अनुपयोगी बोरवेल की जानकारी एकत्रित कर उनको बंद कराये जाने हेतु निर्देश दिये।

**महावितरण** महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

**ई-निविदा सुचना**

म.रा.वि.वि.कं. मर्या, जयसिंगपूर विभागीय कार्यालय अंतर्गत पाच उपविभागातील लघु दाब वाहिनी (LT)उच्च दाब वाहिनी (HT) व वितरण रोहित्र केंद्र (DTC) या मधील बिघाड दुरुस्ती (breakdown maintenance) कामासाठी एक वर्षाच्या (२०२५-२६) करारासाठी स्थानिक परवाना धारक विद्युत ठेकेदारांची नामिका प्रविष्ट (Empanelment) करणेसाठी ई -निविदा क्रं. टी- १७ ते टी- १९/२४-२५ कामाकरिता तसेच नामिका प्रविष्ट (Empanelment) योजने अंतर्गत नवीन वीज जोडणी / डी.पी.डी.सी./ इतर करणेसाठी (शेती वगळून) ई -निविदा क्रं . टी- २० /२४-२५ कामाकरिता अनुभवी ठेकेदारांकडून सन २०२५-२६ (१ वर्षाकरिता)ऑनलाईन ई निविदा मागविण्यात येत आहेत.सदर निविदा महावितरण च्या https://etender.mahadiscom.in/eatapp/ संकेतस्थळावर उपलब्ध करण्यात आल्या आहेत. सदर निविदा विक्रीसाठी २०.०१.२०२५ पासून ०९.०२.२०२५ पर्यंत उपलब्ध राहील.

कार्यालयीन संपर्क क्र ७८७५७६९३५५

HO पी. आर. ओ.- ३४ /२५ — कार्यकारी अभियंता, जयसिंगपुर.

**महावितरण** महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

**ई निविदा सुचना**

केडगाव विभागातील पुढील कामासाठी नामांकित नोंदणीकृत अनुभवी ठेकेदार यांचेकडुन ई निविदा मागविण्यात येत आहेत.

| निविदा क्र. | कामाचे नाव |
|---|---|
| टि-२५/ २०२४-२५ | पायाभुत विकास योजने अंतर्गत नविन सर्विस कनेक्शन देणे. |
| टि-२६/ २०२४-२५ | ब्रेकडाऊन रोहित्र देखभाल व दुरूस्ती. |
| टि-२७/ २०२४-२५ | उच्चदाब वाहीनी देखभाल व दुरूस्ती. |
| टि-२८/ २०२४-२५ | लघुदाब वाहीनी देखभाल व दुरूस्ती. |

कोरी निविदा संच महावितरणचे संकेत स्थळावर दि.२०.०१.२५ ते ११.०२.२५ पर्यंत डाऊनलोड करण्यासाठी उपलब्ध राहील. सदर निविदा शुल्क ऑनलाइन पदधतीनेच भरणे आवश्यक आहे. कोणतेही कारण न देता कोणतीही अथवा सर्व निवीदा नाकारण्याचा अधिकार निम्नस्वाक्षरी काराने स्वतः कडे राखुन ठेवला आहे. अधिक माहिती साठी व वेळोवेळी होणाऱ्या बदलांसाठी कंपनीचे संकेत स्थळ नियमित पहावे .

: https://etender.mahadiscom.in/eatApp/. क्र.७८७५७६८१४७

**पीआरओ क्र.PRO/BMTZ/30 /25 /2024-25** — **कार्यकारी अभियंता, केडगाव विभाग**

# बालिकाओं को साइकिल वितरण



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** कस्बे के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में साईकिल वितरण कार्यक्रम प्रधानाचार्य नविता वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे कक्षा 9 की 32 बालिकाओं को मुख्यमंत्री नि:शुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत साइकिलों का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य नविता ने बताया की राज्य सरकार की ओर से निशुल्क साइकिल वितरण करने से बालिकाओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े रखने के लिए यह योजना संजीवनी बूटी के साबित होगी। इस मौके पर अध्यापिका अनीता पीटर्स, शर्मिला भारिया,बिना कुमारी, कमल बागड़ी सहित छात्राएं मौजूद रहीं।

# स्काउट गाइड गतिविधियों पर की चर्चा



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट का गाइड स्थानीय संघ की मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्थानीय संघ प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर ओमदत्त सारण की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ओमप्रकाश खींवासरिया को सचिव नियुक्त किया गया। बैठक में स्काउट गाइड गतिविधि को प्रभावी रूप से चलाने की रूपरेखा तैयार की। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सारण, प्राचार्य हवासिंह सहारण, पूर्व सचिव दयानन्द बुरड़क, बजरंग पुरी गोस्वामी, स्काउटर किशोर कुमार ढाका, उपप्राचार्य अख्तर अली चेजारा, लिलूराम जोड़ी, मुकेश कुमार धानिया, नीतीश कुमार, गाइडर राजकला, जयश्री आदि उपस्थित रहे।

## सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी

**चूरू।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत मरु उड़ान राजस्थान कार्यक्रम का आयोजन चूरू ब्लॉक के खेमका विद्यालय चुरू शहर में किया गया जिसमे बालिकाओ और महिलाओं को शारीरिक स्वास्थ्य तथा सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सुपरवाइजर कृष्णा ने बालिकाओ को आत्मरक्षा तथा राज्य सरकार के द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बरों के बारे में जागरूक किया तथा आत्मरक्षा प्रशिक्षण ट्रेनर अंजना पूनिया ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में पन्नाधाय सुरक्षा एवं समान योजना केंद्र के काउंसलर सुमन चोधरी, मंजू दहिया, रौशनी, रमा और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

**रेलवे स्क्रैप सामग्री की बिक्री के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम**

डिप्टी सीएमएम/एनएफआर/न्यू जलपाईगुड़ी के अधिकार क्षेत्र के तहत रेलवे स्क्रैप सामग्री की बिक्री के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम **जनवरी' एवं फरवरी' 2025** के लिए इकाईवार निम्नानुसार तय किया गया हैं:-

**जीएसडी-न्यू जलपाईगुड़ी के लिए**

| क्र.सं. | माह | तय तिथि |
|---|---|---|
| 1 | जनवरी' 2025 | 28-01-2025 |
| 2 | फरवरी' 2025 | 07-02-25, 14-02-25, 21-02-25 एवं 28-02-25 |

**अलीपुरद्वार मंडल के लिए**

| क्र.सं. | माह | तय तिथि |
|---|---|---|
| 1 | जनवरी' 2025 | 28-01-2025 |
| 2 | फरवरी' 2025 | 07-02-25, 14-02-25, 21-02-25 एवं 28-02-25 |

**कटिहार मंडल के लिए**

| क्र.सं. | माह | तय तिथि |
|---|---|---|
| 1 | जनवरी' 2025 | 28-01-2025 |
| 2 | फरवरी' 2025 | 07-02-25, 14-02-25, 21-02-25 एवं 28-02-25 |

इच्छुक बोलीकर्ताओं से आग्रह किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in के जरिये ई-नीलामी में भाग लें।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/न्यू जलपाईगुड़ी

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफिक मंडेलिया व सांसद राहुल कस्वां का जन्मदिवस मनाया



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफिक मंडेलिया व चूरू लोकसभा सांसद राहुल कस्वां के जन्मदिवस के अवसर पर शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में शहर अध्यक्ष असलम खोखर एवं देहात अध्यक्ष किशोर धान्धू सहित समस्त कांग्रेसजनों की ओर से सामुहिक रूप से केक काटकर जन्मदिवस मनाया गया तथा रफिक मंडेलिया एवं राहुल कस्वां के उज्वल भविष्य, स्वस्थ जीवन, दीर्घायु की कामना की गई तथा रफिक मंडेलिया एवं राहुल कस्वां ने वर्चुअल माध्यम से चूरू जिले के समस्त कांग्रेसजनों एवं आमजन का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके उपरान्त डॉ. भीमराव अंबेडकर संघ के अध्यक्ष सीताराम खटीक सहित कांग्रेसजनों की ओर से कब्रिस्तान व मुक्ति धाम में 10 टेबल भेंट की गई। निवर्तमान मनोनित पार्षद संजय भाटी सहित कांग्रेसजनों की ओर से नई सड़क पर राहगिरों को बडा, दूध जलेबी खिलाई गई। युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष सोयल खान डीके एवं युवा कांग्रेसजनों की ओर से राजकीय भरतीय जिला अस्पताल में रोगियों को फल वितरण किया गया। देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, योगेष ढाका व महेन्द्र चौधरी ददरेवा एवं कांग्रेसजनों की ओर से आपणी पाठषाला एवं मधुर स्पेषल शिक्षण संस्थान में बच्चों को भोजन करवाया गया। निवर्तमान पार्षद विमल शर्मा सहित कांग्रेसजनों की ओर से वार्ड नम्बर 36 स्थिति गौशाला में गायों को दलिया खिलाया गया। निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि अजीज दिलावरखानी सहित वार्डवासियों की ओर वार्ड नम्बर 8 मे नि:शुल्क चिकित्सा जांच षिविर व वार्ड में स्थित दो विद्यालयों में विधार्थियों को मिठाई एवं पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि असलम खां मोयल, निवर्तमान पार्षद अली मोहम्मद भाटी, निवर्तमान पार्षद समीउल्लाह गौरी सहित कांग्रेसजनों की ओर से मदरसा सयदना तोकिर उल उलुम में फल वितरण किया गया।

# दिनेश अजीतसरिया की पुण्यतिथि पर की गौसेवा



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** कस्बे के भामाशाह व देवकिशन स्मृति सेवा समिति रतनगढ़ के वरिष्ठ संरक्षक दिनेश कुमार अजीतसरिया की पुण्य तिथि पर समिति सदस्यों ने आज श्री कृष्ण पिंजरापोल गौशाला तथा चूरू रोड़ स्थित पिंजरापोल गौशाला में गौवंश को गुड़ लापसी खिलाई। रेन बसेरा स्टेशन रोड़ पर इंदिरा रसोई में पुरे दिन नि:शुल्क भोजन करवाया गया। समिति के उपाध्यक्ष सीताराम जांगिड़ ने बताया कि दिनेश अजीतसरिया ने चूरू जिले में सर्वप्रथम रतनगढ़ में सीसीटीवी कैमरे लगवाए व उन्हें वाई फाई से जुड़वाया। वे अपने रतनगढ़ प्रवास के दौरान जरूरत मंदों को खुलकर मदद करते थे। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ संरक्षक देवेन्द्र यादव, सीताराम दाधीच, खींवाराम खींचड़, नरोत्तम लाल सोनी, अनूप जोशी, वैध लक्ष्मीनारायण शर्मा, भुवनेश्वर कुमार इन्दौरिया, प्रदीप कुमार जांगिड़, अशोक रांकावत, डॉ हंसराज सुथार, रामदेव पारीक सहित गौशाला स्टाफ उपस्थित था।

**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**

**Public Works Department**

**Executive Engineer, P.W. (North) Division, Dhule-424001**

**E-TENDER NOTICE NO. 29 / 2024-2025**

Online Tenders (e-tender) in " B-1 " form for the 07 (Seven) works are invited by the Executive Engineer, P.W. (North) Division, Dhule, (Phone no. 02562-288763) on Government of Maharashtra Electronic Tender Management System. http://mahatenders.gov.in from any bidder who satisfy the qualifying criteria.

As per above tender notice, 07 (Seven) works, detail tender information will be available at http://mahatenders.gov.in and can be download from 21/01/2025 at. 06:00 hrs to 04/02/2025 at 17:45 hrs.

Prebid of 2 (Two) works on 27/01/2025 Time 12.00 Hours in the office of the Chief Engineer P.W. Region, Nashik.

Prebid of 5 (Five) works on 28/01/2025 Time 12.00 Hours in the office of the Superintending Engineer, P.W. Circle, Dhule.

Opening of above works On 06/02/2025 Time 11.00 Hours (If possible) in the office of the Superintending Engineer, P.W. Circle, Dhule.

Executive Engineer,
P.W. (North) Division, Dhule

D.G.I.P.R/2024/2025/5774

# कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पायलट का किया स्वागत

*जागरूक टाइम्स संवाददाता*

*सिरोही। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के सोमवार को गोयली चौराहे पर आगमन के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष जीवाराम आर्य की अगुवाई में कार्यकर्ता एवं पायलट समर्थकों ने स्वागत किया। उदयपुर से सड़क मार्ग पर सिरोही आने पर पायलट का जगह जगह स्वागत किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष आर्य ने बताया ने बताया कि मेर मंडवाड़ा में पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव गुमानसिंह देवड़ा के पुत्र के विवाह में शरीक होने आए पायलट का सिरोही में जोरदार स्वागत किया। जिला संगठन महासचिव जैसाराम मेघवाल ने उन्हे सिरोही की तलवार भेंट की। पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव अशोक सेन, पूर्व जिला महासचिव प्रवीण नाथ गोस्वामी, अचलसिंह बालिया, परबतसिंह काबा, सुरेश रावल, पुष्पेन्द्रसिंह देवड़ा, छगनलाल कुम्हार, दिनेश खंडेलवाल, यूसूफ मंसूरी, मिश्रीमल, सत्तार खान गुजराती, गिरीश कलावंत, मुजीब खान, मूलाराम परमार, छोगाराम, जोगाराम मेघवाल, एडवोकेट दिनेश पुरोहित, विधि प्रकोष्ठ के एडवोकेट महेंद्र प्रजापत, जयकिशन विश्नोई, लक्ष्मणराम सरगरा, दिनेश माली, भंवरलाल, तोसिफ, एजाज, वरिष्ठ महिला कांग्रेसी भगवती व्यास एवं मोहनलाल सीरवी आदि मौजूद थे।*





**कालन्द्री।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं संगठन महासचिव सचिन पायलट के उप तहसील में युवा उपाध्यक्ष नटवरसिंह के नेतृत्व में स्वागत किया। पायलट ने भी युवा नेता सिंह को साफा पहनाकर बधाई दी। ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्रसिंह गहलोत, पूर्व प्रदेश सचिव, कांग्रेस हरीश परिहार, सेवादल ब्लॉक सचिव परबतसिंह, युवा ब्लॉक महासचिव नवीन पुनिया, गोपाल लखारा, सोनिया बिग्रेड जिलाध्यक्ष रामलाल लौहार, ओबीसी जिला महासचिव मदन सेन, जब्बरसिंह आदि मौजूद थे।

## सिलोइया को ग्राम पंचायत बनाने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सिलोइया और मामावली के ग्रामीणों ने राज्यमंत्री ओटाराम देवासी को ज्ञापन देकर सिलोइया और मामावली को संयुक्त पंचायत घोषित करने और सिलोइया को पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि सिलोइया पंचायत मुख्यालय के लिए पूरी तरह उपयुक्त स्थान हैं, क्योंकि यहां पंचायत भवन के निर्माण और संचालन के लिए आवश्यक सुविधाएं पहले से मौजूद हैं।दोनों गांवों के बीच बेहतर आवागमन की व्यवस्था हैं। जिससे प्रशासनिक कार्यों में कोई बाधा नहीं आएगी। सिलोइया को पंचायत मुख्यालय बनाने से ग्रामीण विकास और प्रशासनिक गतिविधियों को गति मिलेगी। ग्रामीणों ने यह भी स्पष्ट किया कि सिलोइया और मामावली के सभी निवासी इस प्रस्ताव पर सहमत हैं और चाहते हैं कि जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई की जाए।

## डामरीकरण सड़क निर्माण की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सरतरा सरपंच ने राज्यमंत्री ओटाराम देवासी को ज्ञापन देकर मामावली से सिलोइया होते हुए वलदरा तक सड़क मार्ग का डामरीकरण और चौड़ीकरण की मांग की है। सरपंच ने ज्ञापन में बताया कि यह सड़क मार्ग वर्षों पुराना है और वर्तमान में गड्ढों से भरा हुआ है। सड़क के दोनों ओर कंटीली झाड़ियां होने से हमेशा दुर्घटनाओं की संभावनाएं बनी रहती है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि अहमदाबाद से आने-जाने वाली रोडवेज बसें और भारी ट्रक इस मार्ग पर अक्सर आमने-सामने आ जाते हैं। जिससे निकलने में भारी समस्या होती हैं। यह सड़क सिरोही-जालोर और गुजरात को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है।

## साधारण सभा की बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला परिषद सभागार में जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित की अध्यक्षता में जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चंद अग्रवाल ने दी।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** कृषि विभाग के आत्मा सभागार में मंगलवार को जिला कलक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी अति. जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने दी।

## अस्पताल का किया निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** राजकीय चिकित्सालय का नव नियुक्त ब्लॉक सीएमएचओ डॉ लागं मोहम्मद राजड ने मंडार अस्पताल का निरीक्षण कर चिकित्सा अधिकारी ओर कर्मचारियों को निर्देश दिए। अस्पताल परिसर की साफ सफाई और अस्पताल आने वाले मरीजों को किसी भी तरह की असुविधा ना हो उसके लिए समय पर मरीजों का इलाज करने के साथ अस्पताल में जो कमियां को पुरा करने के निर्देश दिए। चिकित्सक बाबूलाल चौधरी, कम्पोटर दिलीपसिंह, उमेदसिंह, एएनएम सुबिता, युसूफ खान सहित अनेक कर्मचारियों उपस्थित थे।



## माधव में 'हैप्पीनेस' के तहत समाज में नई ऊर्जा का किया संचार





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ नेचुरोपैथी एंड योग के तहत चल रहे प्रोजेक्ट हैप्पीनेसने शिक्षा जगत में एक नई क्रांति ला दी है। इस प्रोजेक्ट के तहत प्रोफेसर डॉ. अनिल कश्यप योगी के नेतृत्व में विभिन्न विवि, स्कूलों, और कॉलेजों में जाकर लोगों को हैप्पीनेस के विज्ञान की जानकारी दी जा रही है। डॉ. योगी ने बताया कि यह प्रोजेक्ट केवल खुश रहने तक सीमित नहीं है। इसके तहत सेहत, लंबी आयु, तनाव प्रबंधन, और उत्पादकता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उनका कहना है कि हैप्पीनेस का विज्ञान मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। विवि के चेयरमेन डॉ. राजकुमार ने इस प्रोजेक्ट के महत्व को लेकर बताया कि यह केवल शिक्षा का हिस्सा नहीं है, बल्कि समाज को तनाव मुक्त और प्रगतिशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस पहल के जरिए विद्यार्थियों और शिक्षकों को बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस प्रोजेक्ट के तहत अब तक कई शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें हजारों लोगों ने भाग लिया। माधव विवि के प्रोजेक्ट हैप्पीनेस को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने की योजना है। डॉ. योगी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर व्यक्ति न केवल स्वस्थ रहे बल्कि अपने जीवन में सकारात्मकता और ऊर्जा का अनुभव करे।

## संतों के सानिध्य में भक्ति महोत्सव कल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** खंदरा के देवमुनि महाराज के ब्रह्मलीन दिवस बुधवार को संतों के सानिध्य में भक्ति महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पण्डित रमेश कुमार रावल ने बताया कि बुधवार सवेरे से लेकर दिनभर कई धार्मिक अनुष्ठान होंगे। धार्मिक आयोजन के संयोजक वारकरी संप्रदाय के रमेशसिंह एवं देव शंकर व्यास के अनुसार शाम को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। इसके बाद आतिशबाजी एवं गायत्री शक्ति पीठ की ओर से दीप यज्ञ का आयोजन होगा। व्यवस्थापक मोहब्बतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि रात को भजन संध्या में जोग भारती प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम का संचालन ओम आचार्य एवं भंवर परिहार करेंगे। धार्मिक आयोजन की तैयारी को लेकर आदित्यसिंह, राजवीरसिंह, कीर्तिसिंह, प्रद्युमनसिंह आदि व्यवस्था में लगे हुए है। अतिथियों का सम्मान कंकु बाई चेनमल सोनी परिवार समेत सभी भक्त एवं ग्रामीण करेंगे। समारोह में हनुमान दास एवं रामनाथ का सानिध्य रहेगा।

## चडूआल-फाचरिया को अलग पंचायत बनाने की मांग

▸ ग्रामीणों ने सांसद एवं एडीएम को दिया ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** चडूआल-फाचरिया के निवासियों ने ग्राम पंचायत के परिसीमन और पुनर्गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण मांग उठाई है। ग्रामीणों ने सांसद लुम्बाराम चौधरी एवं एडीएम दिनेश राय सोपोला को ज्ञापन देकर चडूआल-फासरिया को नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत तंवरी के अधीन चडूआल, फासरिया एवं फलवदी है। भौगोलिक दृष्टि से चार गांव होने से चडूआल व फासरिया में विकास नहीं हो रहा है। ऐसे में चडूआल एवं फासरिया को अलग पंचायत बनाकर गावों का विकास होगा। सांसद ने ग्रामीणों की उचित मांग को हर संभव पूरी की जाएगी। भाजपा कालंद्री मंडल मंत्री भूराराम प्रजापत, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष फूलाराम पुरोहित, ओमप्रकाश रावल, समाजसेवी तेजपाल राजगुरु, भाजपा नेता छगनलाल पुरोहित, जेठाराम पुरोहित एवं गोविंद के पुरोहित आदि मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल सवार के पास 9 किलो 640 ग्राम गांजा बरामद, दो गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** रोहिड़ा ने सोमवार को एक कार्रवाई कर 9 किलो 640 ग्राम गांजा बरामद कर दो जनों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी माया पण्डित ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो जने सवार होकर गोपालाबेडा की तरफ जा रहे थे। पुलिस देख दोनों जने वापस मुड़ने लगे। इस पर पुलिस की सतर्कता से दोनों को पकड़कर उनके पास रखे कट्टों के बारे में पूछा तो दोनों जने घबरा गए। पुलिस ने दोनों के पास से 9 किलो 640 ग्राम गांजा बरामद कर गोपालाबेड़ा निवासी रूपाराम पुत्र नेताराम गमेती तथा मांडवाड़ा देव दिनेश कुमार पुत्र मोहनलाल गमेती को गिरफ्तार कर बाइक जब्त की। इस दौरान एएसआई छैलसिंह, हेड कांस्टेबल रोहिताश कुमार, कांस्टेबल बजरंगलाल, रमेश कुमार, कृष्णपालसिंह का सहयोग रहा।

## खराड़ी ने किया आपरी खेड़ा पंचायत भवन का लोकार्पण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** नवीन ग्राम पंचायत भवन आपरीखेड़ा का लोकार्पण सोमवार को राज्य के जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने किया। खराड़ी ने कहा कि गांव के विकास में सभी की सहभागिता बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने आपरीखेड़ा ग्रामवासियों के सहयोग की भावना और क्षेत्र को विकसित करने की प्रतिबद्धता की सराहना की। युवाओं से कहा कि पेपर आउट करने वालों को नहीं छोड़ेंगे हमारी सरकार में एक भी पेपर आउट नहीं हुआ। विपक्ष लोगो को भ्रमित कर जातियों में बांटने का काम करती हैं उनसे सावधान रहने की बात कही। उन्होंने सभी को साथ में आकर कार्य करने एवं जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर विकास कार्य करवाने की बात कही। सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि केंद्र व राज्य की विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए एवं प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करने के लिए सभी को पूर्ण जागरूकता के साथ एक दूसरे को प्रेरित करना होगा। विधायक समाराम गरासिया ने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए क्षेत्रवासियों को नवीन पंचायत भवन के निर्माण की बधाई दी। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने आपरीखेड़ा पंचायत भवन की सराहना करते हुए इसके लिए प्रयास करने वालों एवं सहयोग करने वालों की प्रशंसा की।





उन्होंने कहा कि मिनी सचिवालय से आमजन को राहत मिलेगी। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने नवनिर्मित पंचायत भवन का अवलोकन किया। समाजसेवी रतनलाल गरासिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रधान नितिन बंसल, सरपंच मुगली देवी गरासिया, लौटाना सरपंच नवलाराम गरासिया, ग्राम विकास अधिकारी शंकरलाल, एसडीएम नरेंद्र जांगिड़, तहसीलदार शंकरलाल परिहार, धनाराम मीणा, सरमाराम गरासिया सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## बालाजी मंदिर का प्रतिष्ठा महोत्सव कल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** नया खेड़ा में नवनिर्मित बालाजी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह बुधवार को मनाया जाएगा। दिनभर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ महाप्रसादी का आयोजन होगा। नया खेड़ा के हनुमान चौराहा पर नवनिर्मित बालाजी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सवेरे नवलेश्वर महादेव मंदिर से 251 कलश के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा मुख्य मार्गो से होते हुए बालाजी मंदिर पहुंचेगी। जहां सुबह 11 बजे हवन व पूजन होगा। दोपहर एक बजे से महाप्रसादी का आयोजन होगा। वहीं शाम साढ़े छह बजे भजन संध्या व रात आठ बजे मंदिर में सुंदरकांड का पाठ होगा।

# शराब की दुकान पर डीएसपी का एक्शन

▸ मानपुर में शराब की दुकान पर डीएसपी के निर्देश पर कार्रवाई


▸ देर रात को बेची जा रही थी मदिरा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** मानपुर चौराहे के स्थित शराब की दुकान पर रविवार देर रात तक शराब की बिक्री पर डीएसपी ने एक्शन ले लिया। डीएसपी ने दुकान पर मौजूद युवक को जमकर लताड़ लगाई। सूचना पर सदर व शहर पुलिस मौके पर पहुंची। शराब जब्त की गई। साथ ही दो व्यक्तियों को पकड़ कर शहर कोतवाली ले जाया गया। अंचल में आबकारी विभाग की लुंजपुंज कार्य शैली व मिलीभगत के चलते शराब की दुकानों पर देर रात को चोर दरवाजों से शराब का विक्रय जारी है। मानपुर चौराहे के स्थित शराब की दुकान पर भी लंबे समय से नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए देर रात तक शराब की बिक्री जारी रहती है। यह सिलसिला रविवार देर रात को भी जारी रहा। मानपुर से गुजर रहे डीएसपी गोमाराम चौधरी को शराब की दुकान खुली दिखाई दे गई। मौके पर शराब पाई गई। निर्धारित समय के बाद दुकान खुली देख डीएसपी ने मौके पर मौजूद व्यक्ति को जमकर लाकर लगाई। दुकान के बोर्ड पर लाइसेंस नहीं लिखने, रेट लिस्ट नहीं होने पर नाराजगी जताई। पूर्व में कई बार वार्निंग देने के बावजूद पालन नहीं करने पर रोष जताया। डीएसपी के निर्देश पर शहर व सदर थानाधिकारी मौके पर पहुंचे। मामला शहर थाना क्षेत्र से संबंधित होने पर करीब तीन कॉर्टन शराब जब्त की गई। साथ ही दो युवकों को शहर कोतवाली ले जाया गया। गौरतलब है कि मानपुर क्षेत्र में लंबे समय से देर रात को चोर दरवाजे से मदिरा की बिक्री जारी रहती है। पूर्व में भी इसकी शिकायतें की गई। लेकिन, शराब की दुकानों की बोझ तले दबे आबकारी महकमें के अधिकारियों ने कोई कार्रवाई करने की तेहमत नहीं उठाई। आबकारी विभाग की मिलीभगत व सरपरस्ती के चलते शहर के विभिन्न स्थानों पर देर रात तक सुरा की बिक्री सहजता से देखी जा सकती है।



## एवीएम में हुई संस्कृति ज्ञान परीक्षा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक में सोमवार को अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रधानाचार्य प्रकाशचंद्र पुरोहित एवं प्रभारी अचलाराम देवासी के मार्गदर्शनमें सम्पन्न हुई। प्रधानाचार्य पुरोहित एवं संस्कृति ज्ञान प्रमुख अशोक कुमार प्रजापत के अनुसार कक्षा तृतीय से दसवीं के कुल 658 विद्यार्थिंयों ने परीक्षा में भाग लिया एवं नगर एवं ग्रामों के 23 विद्यालय के कुल 676 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले बालकों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया जाएगा।

## राजगढ़ में ऐतिहासिक वर्धापन संयम धर्म समारोह

# ऋषि परंपरा और गुरु धारणा हमारी धर्म संस्कृति का सिरमौर : साध्वी संगीतश्री



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** ऋषि परंपरा और गुरु धारणा हमारी धर्म संस्कृति का सिरमौर है। उक्त विचार राजगढ़ की नातिन तेरापंथ धर्म संघ की साध्वी संगीतश्री ने रविवार के रात्रि को व्यक्त किए। साध्वी संगीतश्री की भागवती वैराग्य दीक्षा के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जसकरण सुराणा हवेली में वर्धापन संयम का नामक समारोह हुआ। राजगढ़ की ही बेटी आचार्य महाश्रमण की विदुषी शिष्या साध्वी डॉ. शुभ प्रभा के नेतृत्व में उक्त कार्यक्रम हुआ जिसमें बड़ी संख्या श्रावक-श्राविकाओं ने भागीदारी निभाई। साध्वी संगीतश्री ने गणाधिपति गुरुदेव तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ तथा शासन माता साध्वी प्रमुखा कनक प्रभा को याद करते हुए कहा कि वह आज जो कुछ भी है सब उन्हीं की देन है। मुख्य वक्ता साध्वी डॉ. शुभ प्रभा ने मंगल भावनाएं व्यक्त करते हुए संयम खलु जीवनम की परिभाषा की विवेचना की। उन्होंने कहा कि वैराग्य युक्त संयम से जीवन उच्च बन सकता है। उल्लेखनीय बात यह रही की राजगढ़ की चार बेटियों और नातिनों का साध्वियों के रूप में पहली बार समागम हुआ। ऐसा राजगढ़ के जैन समाज इतिहास में पहली बार हुआ है। राजगढ़ की ही नातिन साध्वी कमल विभा तथा साध्वी कांति यशा ने भी अध्यात्म अभिनंदन भावों के साथ निज पर शासन फिर अनुशासन की व्याख्या की। कार्यक्रम में जब साध्वियों ने स्व:निर्मित अध्यात्म प्रतीक साध्वी संगीतश्री को स्वर्ण दीक्षा महोत्सव के उपलक्ष में भेंट किए तो पूरा समारोह स्थल ओम अर्हम की ध्वनि से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम का आगाज तेरापंथ महिला मंडल की सदस्यों के मंगलाचरण से हुआ। साध्वी शुभ प्रभा सिंघाड़े की साध्वियों कांति यशा, मंदार यशा तथा अन्यन प्रभा ने वर्धापन गीतिका की प्रस्तुति दी। साध्वी संगीतश्री की सहयोगियों साध्वी गण शांति प्रभा, कमल विभा, मुदिताश्री तथा कर्तव्य प्रभा ने भी पारंपरिक ढाल की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संयोजन मुकेश गधैया ने किया। इस अवसर पर जैन तेरापंथ सभा के अध्यक्ष नरेन्द्र श्यामसुखा, राजस्थान स्वायत शासन विभाग की अधिकारी पुष्पा राठौड़, दिल्ली से समागत सोनिया बेगवानी, सुमन मुसरफ, श्रीडूंगरगढ़ की सुप्यार और सुमन देवी के अलावा पत्रकार श्याम जैन, अभिषेक सरावगी, एसबीआई पूर्व मुख्य महाप्रबंधक मोहम्मद नशीम कुरेशी, पीयूष सुराणा प्रमोद सरावगी, कथावाचक सुशील भगतजी आदि ने भी विचार व्यक्त किए। राजगढ़ में के तेरापंथ जैन समाज में अपनी तरह के हुए इस विशिष्ट धर्मायोजन में आसपास के क्षेत्र के अलावा सुदूर प्रति से भी नातिलों श्रावक श्राविकाओं ने पहुंचकर अध्यात्म संस्कार प्राप्त करते हुए संकल्प भी लिए।

# इग्नू अध्ययन केंद्र ने किया इंडक्शन सत्र का आयोजन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखंड के निकटवर्ती कस्बा बहल मे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के जीडीसी महाविद्यालय में संचालित अध्ययन केंद्र 1079 द्वारा आज एक इंडक्शन बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य नए छात्रों को विश्वविद्यालय की शिक्षा पद्धति पाठ्यक्रम और अन्य सुविधाओं से परिचित कराना था बैठक में इग्नू के समन्वयक रवि परमार एवं सहसमन्वयक डॉ. अशोक एवं अन्य परामर्शदाताओं ने भाग लिया उन्होंने छात्रों को विश्वविद्यालय के इतिहास, मिशन और विजन के बारे में बताया इसके अलावा, उन्होंने छात्रों को उनके पाठ्यक्रम परीक्षा प्रणाली और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस के सिन्हा ने कहा हम नए छात्रों का स्वागत करते हैं और उन्हें विश्वविद्यालय के परिवार का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं उन्होंने नए पंजीकृत विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि हमारे महाविद्यालय परिसर में संचालित अध्ययन केंद्र आपकी सेवाओं में हर समय तत्पर है रविवार के दिन किसी भी समय विद्यार्थी अपनी समस्याओं के समाधान हेतु हमारे कार्यरत शिक्षकों से परामर्श ले सकते हैं हमें विश्वास है कि हमारे छात्र अपने शैक्षिक और व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होंगे बैठक में छात्रों ने भी अपने सवाल पूछे और अपनी चिंताओं को साझा किया इग्नू के अधिकारियों और शिक्षकों ने उनके सवालों का जवाब दिया और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। रवि परमार, समन्वयक,अध्ययन केंद्र ने बताया कि इस इंडक्शन बैठक का उद्देश्य छात्रों को विश्वविद्यालय के साथ जुड़ने और अपने शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करना था हमें उम्मीद है कि यह बैठक छात्रों के लिए उपयोगी और लाभदायक साबित होगी इसके अलावा बैठक में उपेंद्र इग्नू केंद्र के सहायक सुरेश कुमार, मुकेश कुमार एवं शिवकुमार आदि अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों को स्वेटर वितरण



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामनसिटी। शहर** के ग्राम भूनी में मेघवालों का बास राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को विद्यार्थियों को स्वेटर का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक प्रताप दान चारण ने कहा कि स्वेटर मिलने से बच्चों को सर्दी के मौसम में काफी राहत मिलेगी। बच्चों में स्वेटर वितरण का यह कार्य एक प्रेरणादायक पहल है, जिससे बच्चों और समाज के हित में काम करने वालों में उत्साह वर्धन होता है। शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। ओम प्रकाश तिवाड़ी ने बताया कि स्वर्गीय सत्यनारायण तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती अनारदेवी निवासी कुचामन की ओर से स्कूल के कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को यह स्वेटर उपलब्ध कराए गए हैं।अनारदेवी तिवाड़ी ने कहा उन्होंने स्कूल के कई बच्चों को सर्दी में ठिठुरते हुए देखा तो उन्होंने स्वेटर वितरित करने का निर्णय लिया। इस दौरान जयप्रकाश काकाणी, सुलोचना शर्मा, वैध प्रशांत तिवाड़ी,सायर राम गुर्जर आदि विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### मंच स्थापना दिवस पर हरीश तुलस्यान राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40वें मंच स्थापना दिवस सोमवार को राजस्थान प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के संस्थापक अध्यक्ष हरिश तुलस्यान झुंझुनूं को मंच सेवा कार्यों, सामाजिक समरसता, शाखा व सदस्यता विस्तार, राष्ट्रीय विकास एवं एकता, मंच प्रगति में उनके शानदार सहयोग, उत्कृष्ट नेतृत्व एवं अप्रतिम योगदान के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़, राष्ट्रीय महामंत्री सुंदरप्रकाश एवं प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक मेठी ने राष्ट्रीय स्तर पर अभिनंदन पत्र प्रेषित करते हुए उनका हार्दिक अभिनंदन आभार प्रकट किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष से प्राप्त अभिनंदन पत्र को डेजर्ट चौपाटी परिसर में हरीश तुलस्यान को मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भेंट किया। हरीश तुलस्यान को प्राप्त सम्मान पर मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व पदाधिकारी एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें बधाई प्रेषित की है। जिनमें संपत्त चुड़ैलेवाला, नवल खंडेलिया, निर्मल मोदी, डॉ. डीएन तुलस्यान, प्रदीप पाटोदिया, प्रमोद खंडेलिया, राजेश केजड़ीवाल, मुकेश गुप्ता एवं सुनील भोड़कीवाला प्रमुख है। विदित है कि हरिश तुलस्यान ने झुंझुनूं में मारवाड़ी युवा मंच की स्थापना की। सेवा कार्यों की बदौलत मंच को नई ऊंचाइयां प्रदान की एवं राजस्थान के विभिन्न जिलों में मंच की शाखाएं खोली। झुंझुनूं में मारवाड़ी युवा मचं झुंझुनू शाखा की विशिष्ट उपलब्धि रही राष्ट्रीय लघु अधिवेशन संपन्न करवाने की।

### साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिले



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में सोमवार को कक्षा 9 की छात्राओं को साइकिल वितरित की गयी। प्राचार्य डॉ. सुशीला बलौदा के सानिध्य एवं एसडीएमसी सदस्यों सतीश शर्मा, श्यामसुन्दर अग्रवाल, रामावतार बैरासरिया, डॉ. सुशीला काजला, नन्दकिशोर सोनी की गरिमामयी उपस्थिति में कक्षा 9 की कुल 182 छात्राओं को साइकिल वितरण से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बलौदा ने कहा कि राज्य सरकार की इस महत्त्वपूर्ण योजना से दूर से पैदल चल कर आने वाली छात्राओं को राहत मिलेगी, वहीं अभिभावकों का भी रुझान सरकारी विद्यालयों की तरफ बढ़ेगा जिससे नामांकन में भी वृद्धि हो सकेगी। चूरू जिले का सर्वाधिक संख्या में साइकिल वितरण से बालिकाओं को लाभान्वित करने वाला विद्यालय है। एसडीएमसी सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा उतरोत्तर सफलता हेतु प्राचार्य डॉ. सुशीला बलौदा एवं स्टाफ को बधाई दी। उपप्राचार्य अरुणा वशिष्ठ तथा साइकिल वितरण प्रभारी राजेन्द्र सिंह, कक्षाध्यापक सुदर्शन चाँवरिया, नवाब खान, सर्वेश, पार्थ आदि ने आभार जताया। इस अवसर पर अभिभावक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। संचालन अनिता देवी ने किया।

### राजगढ़ पुलिस थाना में कोई भी व्यक्ति अपनी पीड़ा परिवाद लेकर मिल सकता है : सिहाग

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ थाने के नवनियुक्त सर्किल इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिहाग में जन भावनाओं के अनुरूप पुलिस से संबंधित कार्य करने का संकल्प जाहिर किया है। थानाधिकारी का कार्यभार संभालने के पश्चात सोमवार को कहा कि अपनी पीड़ा या परिवाद लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान के साथ सुना जाएगा। पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए यथासंभव प्रयास किया जाएगा। राजगढ़ पुलिस थाना का क्षेत्र काफी लंबा होने के कारण पुलिस जवानों की कमी के बारे में उन्होंने कहा कि नफरी की कमी की जानकारी उच्च अधिकारियों को है तथा अधिकारी अपने हिसाब से समुचित व्यवस्थाएं करवाते रहते हैं। वह उपलब्ध संसाधनों से राजगढ़ थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखे जाने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। हरियाणा सीमा पर राजगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र स्थित होने के कारण विशेष सजगता की आवश्यकता है और उसके लिए हरियाणा के सीमावर्ती थानाधिकारियों से भी संपर्क रख कर अपराधों को पर अंकुश लगाने के लिए यथोचित कार्य किया जाएगा। राजगढ़ शहर के मुख्य बाजार की ट्रैफिक व्यवस्था के संबंध में थानाधिकारी की राजेश सिहाग ने कहा कि इसके लिए नगर पालिका और प्रशासन का सहयोग आवश्यक है।

# अलवर में पटवारियों ने निकाली रैली




## ग्रेड पे 3600 करने, पदोन्नति सहित कई मांगों के लिए सौंपा ज्ञापन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** जिला पटवार संघ ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को मोती डूंगरी से मिनी सचिवालय तक रैली निकाली। अलवर कलेक्टर को प्रमुख शासन सचिव राजस्व विभाग के नाम ग्रेड पे 3600 करने, पदोन्नति सहित 10 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिले भर से आए पटवार संघ के प्रतिनिधियों ने सरकार के खिलाफ समझौता करने के बावजूद लागू नहीं करने का आरोप लगाया। पटवार संघ के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार मीणा ने बताया कि पिछले सालों में राजस्थान सरकार ने राजस्थान पटवार संघ के साथ कई समझौते किए लेकिन उनको लागू नहीं किया। इससे पटवार मंडलों में काम करने वालों को बड़ी परेशानी होती रही। 10 सूत्री मांगों को लेकर पटवार संघ कई सालों से संघर्ष करता आ रहा है। अब भी सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन किया जाएगा। मंडल पर काम करने वाले पटवारियों का कहना है कि उन्हें लैपटॉप और प्रिंटर तक नहीं दिया गया। इस कारण ऑनलाइन कामकाज में परेशानी होती है।

# सरकारी अस्पताल परिसर में पार्किंग की अव्यवस्था से मरीज परेशान



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** शहर के जिला अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड और दवा वितरण कक्ष के पास स्टाफ की बाइकों को खड़ा करने का मामला सामने आया है। इस अव्यवस्था के कारण मरीजों और उनके परिजनों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरों में स्पष्ट दिख रहा है कि इमरजेंसी कक्ष के पास कर्मचारियों ने अपनी बाइकों को खड़ा कर रखा है। इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए सामाजिक कार्यकर्ता परसाराम बुगालिया ने जिला अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर विजय कुमार गुप्ता को शिकायत की। उन्होंने मांग की कि इमरजेंसी वार्ड के पास बाइकों को खड़ा करने वाले कर्मचारियों पर उचित कार्रवाई की जाए। परसाराम बुगालिया ने सवाल उठाया है कि क्या यह सब अस्पताल प्रशासन की अनदेखी में हो रहा है या उनकी सहमति से। उन्होंने यह भी कहा कि मरीजों और उनके परिजनों को अपनी बाइकों को अस्पताल परिसर में बने स्टैंड में खड़ा करना पड़ता है, जबकि अस्पताल के कर्मचारी अपनी बाइकों को नियमों की अनदेखी करते हुए इमरजेंसी वार्ड के पास खड़ा करते हैं। अस्पताल की इस अव्यवस्था के कारण मरीजों को इमरजेंसी वार्ड तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। पीड़ित मरीज और उनके परिजनों ने भी अस्पताल प्रशासन की इस लापरवाही पर नाराजगी जताई है।

# भाजपा नेता नंदलाल वर्मा जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** भाजपा नेता और पूर्व पार्षद नंदलाल वर्मा को जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के चुनाव शनिवार को 100 फुटी रोड स्थित एक होटल हनुमानगढ़ में निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार के निर्देशन में और सचिव जिला क्रीड़ा परिषद एवं खेल अधिकारी शमशेर सिंह राजस्थान एथलेटिक्स संघ के पर्यवेक्षक कार्तिकेय शर्मा तथा जिला ओलंपिक संघ के प्रतिनिधि हरवीर सिंह की मौजूदगी में आयोजित किए गए। इस दौरान नंदलाल वर्मा को अध्यक्ष, स्वदेश मित्र को सचिव और मुकेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया।इसके अलावा अन्य पदो पर भी निर्विरोध मनोनयन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित जिला खेल परिषद के सचिव एवं जिला खेल अधिकारी शमशेर सिंह और पर्यवेक्षक कार्तिकेय शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और एथलेटिक्स गतिविधियों को बढ़ावा देने की अपील की। नव निर्वाचित अध्यक्ष नन्दलाल वर्मा ने बताया कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में खेल गतिविधियों को और अधिक प्रोत्साहित किया जाएगा। वर्मा ने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा ।नन्दलाल वर्मा के जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नियुक्त होने पर उनके शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी है।

# ग्राम विकास अधिकारी एवं बगड़ क्रिकेट क्लब के बीच दो दिवसीय टेस्ट मैच का समापन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**रतनशहर।** माखर पंचायत मुख्यालय स्थित रतनशहर के गोदाम स्टेडियम में कैलाश केसरी अस्पताल के सौजन्य से रतनशहर यूथ क्लब के अध्यक्ष विक्रम सैनी के नेतृत्व में ग्राम विकास अधिकारी और बगड़ क्रिकेट क्लब के बीच दो दिवसीय मैत्री मैच का आयोजन हुआ। इस मैच में ग्राम विकास अधिकारियों ने बगड़ क्रिकेट क्लब को 27 रन से हराया। मैच की शुरुआत में ग्राम विकास अधिकारी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उन्होंने अपनी पहली पारी में 136 रन बनाए। इसके जवाब में बगड़ क्रिकेट क्लब सिर्फ 128 रन ही बना सका। इसके बाद ग्राम विकास अधिकारी ने अपनी दूसरी पारी में 162 रन बनाए। जबकि बगड़ क्रिकेट क्लब अपनी दूसरी पारी में 146 रन ही बना सका और यह मैच ग्राम विकास अधिकारियों ने 28 रन से जीत लिया। इस मैच में डॉ. उमेश शर्मा, डॉ. बलविंदर सिंह, डॉ. राजेश शर्मा, वीरेंद्र लामोरिया एक्स आर्मी, दीपेश कुमार अध्यापक, कपिल डांगी प्रिंसिपल, नरेश शर्मा, अरुण निर्मल जीएसटी डिपार्टमेंट सुमित नगर पालिका बगड़ एडवोकेट कृष्ण कुमार, ग्राम विकास अधिकारी जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह, अनिल कुमार, संदीप भाम्बू अलीपुर, संदीप ऐचरा, नवीन, संदीप ख्यालिया, अनिल भाम्बू, मुकेश कुमार, कुलदीप कुमार, संजय, अनिल बराला आदि ने मैच में भाग लिया। मैच के आयोजक विक्रम सैनी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया के इस युग में मैदान पर शारीरिक रुप से पसीना बहाना भी बेहद जरूरी है। जिससे मानसिक रुप से शरीर मजबूत बन सके।

# कचरा प्वाइंट का एरिया बढ़ाने का विरोध, लोग बोले-बीमारी होने का डर रहेगा

## पूरा एरिया कवर होगा : आयुक्त



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अलवर शहर में अंबेडकर नगर के सामने कचरा प्वाइंट का एरिया बढ़ाने का विरोध शुरू हो गया है। साफिया कॉलोनी और आस-पास के लोगों ने सोमवार को मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि पहले ही कचरे के कारण बीमारियां फैली है। अब एरिया बढ़ाने से गंदगी और ज्यादा बढ़ जाएगी। वहीं निगम के आयुक्त ने कहा कहा कि अब आधुनिक तरीके से कचरे को एकत्रित कर छंटनी किया जाएगा। पहले की तरह खुले में नहीं होगा। स्थानीय निवासी राजेश ने कहा कि अंबेडकर नगर के सामने पहले मुख्य रोड पर कचरा डाला जाता था। अब उस एरिया को मुख्य रोड से हटाकर उसका एरिया बढ़ाते हुए पीछे की तरफ कर दिया, जिसकी जगह भी चिह्नित कर ली है, जो साफिया सहित आसपास की कॉलोनी के पास है। कचरा डाले जाने से पहले ही बदबू से आमजन परेशान है। अब मकानों के सामने कचरा डाला जाएगा तो मुश्किल हो जाएगा। उनका कहना है कि हमारा 100 साल पुराना रोड है। यहां पास में श्मशान घाट है। बगल में मस्जिद है। अब रोड को छोड़कर पीछे के हिस्से को कचरे के लिए चिह्नित कर लिया। यह देवखेड़ा जाने वाला 100 साल पुराना रोड है। हमें दिक्कत यह है कि कचरे से परेशान हैं। यहां रहने वाले आमीन खान ने कहा कि स्कूल जाने वाले बच्चे भी बीमार हो जाते हैं। अब पहले से ज्यादा नजदीक रास्ते के पास कचरा डालने की तैयारी कर ली है। यहां शहर में पॉल्यूशन है। हमारे बच्चे बीमार हो जाते हैं। कोई हमारी सुनने वाला नहीं है। नगर निगम के कमिश्नर जितेंद्र नरूका ने कहा कि अब आधुनिक तरीके से कचरा संग्रहण होगा। उसी दिन कचरा छंटनी कर आगे डंपिंग यार्ड जाएगा। यहां केवल कचरे को छंटनी किया जाएगा। यह पूरा एरिया पहले की तरह खुला नहीं हरेगा। पूरी तरह कवर किया जाएगा। चारदीवारी के अलावा पेड़ भी चारों तरफ लगाए जाएंगे। ऐसा नहीं है कि बदबू दूर तक जाएगी। जिस दिन कचरा आएगा उसी दिन आगे भेजा जाएगा। यहां एकत्रित नहीं किया जाएगा। जैसे इंदौर में शहर के अंदर 10 संग्रहण केंद्र हैं, जहां कचरा कॉलोनियों से लाकर एकत्रित होता है और बगल में कुछ असर नहीं होता है। अभी आमजन को लग रहा है कि पहले की तरह खुले में कचरा डाला जाएगा। वैसा नहीं होगा।

# ककराना में मनाया वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह

**गुढ़ागौड़जी।** क्षेत्र के ककराना की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उदयपुरवाटी आत्माराम, विशिष्ट अतिथि सरपंच ममता सैनी, अध्यक्षता बनवारीलाल शर्मा ने की। कार्यक्रम से पहले मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व प्रधानाचार्य ने मां सरस्वती के मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित किया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य महेश कुमार सैनी ने गांव से आए हुए मेहमानों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, राजस्थानी, हरियाणवी, मारवाड़ी, पंजाबी जैसे गानों पर अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन बीरबलराम सैनी, नागरमल गुर्जर ने किया। विद्यालय में पिछले सत्र रहे होनहार छात्र-छात्राओं का मुख्य अतिथि के द्वारा मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर साथ ही भामाशाहों को भी सम्मानित किया गया।

# सादड़ी में फहरेगा 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▸▸ आजाद मैदान में आज सुबह 11 बजे होगा ध्वजारोहण

▸▸ पूर्व मंत्री पुष्पेंद्र सिंह होंगे मुख्य अतिथि

**सादड़ी।** सादड़ी में राष्ट्रीय गौरव का एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। आज मंगलवार को आजाद मैदान स्थित रांका रंग मंच पर सुबह 11 बजे 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का भव्य ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत शामिल होंगे। समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए नगर पालिका की अध्यक्ष खुमी देवी बावरी और उपाध्यक्ष हिराराम जाट भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद मीणा के अनुसार, यह ध्वजारोहण समारोह स्थानीय नागरिकों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी राष्ट्रीय एकता और स्वाभिमान का प्रतीक बनेगा। यह कार्यक्रम सादड़ी के इतिहास में एक महत्वपूर्ण



मील का पत्थर साबित होगा, जो शहर के गौरवशाली परंपरा में एक नया अध्याय जोड़ेगा।

# गुडा भोपसिंह को मिले पंचायत का दर्जा, ग्रामीणों की मांग

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** गुडा भोपसिंह राजस्व गांव को पंचायत का दर्जा मिले इसको लेकर सोमवार को घाणेराव, गुडा भोपसिंह, गरासिया कॉलोनी, संग्राम नाड़ी के ग्रामीणो ने जिला कलेक्टर के नाम देसूरी एसडीएम को ज्ञापन देकर पंचायत का दर्जा देने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने देसूरी एसडीएम विवेक व्यास को ज्ञापन डेंजर बताया कि गुडा भोपसिंह, गरासिया कॉलोनी, संग्राम नाडी क्षेत्र में पंचायत के अभाव में विकास कार्य नहीं हो पाये है। ऐसे गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा मिले इसको लेकर पिछले कई दिनों से ग्रामीणों की ओर अभियान शुरू कर मांग की जा रही है। गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा मिले इसको लेकर पुनगठन की मांग की जा रही हैं, ग्रामीणों ने बताया कि राज्य सरकार ने जिस क्षेत्र में आदिवासी लोगों की संया 2000 से अधिक है,वही पर पंचायत बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जायेगा। ऐसे गुडा भोपसिंह, गरासिया कॉलोनी, संग्राम नाडी सहित आसपास बेरे पर रहने वाले लोगों की संख्या तीन हजार से अधिक है। जिसके कारण गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा मिल सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि गुडा भोपसिंह सहित आदिवासी क्षेत्र में पंचायत की उपेक्षा के कारण विकास नहीं हुआ। और शिक्षा के लिए मात्र उच्च प्राथमिक विद्यालय मौजूद है। वहीं आदिवासी क्षेत्र में चिकित्सा की कोई सुविधा



नहीं है। इतना ही जानकारी के अभाव में आदिवासी लोग सरकारी योजनाओं से वंचित है। ऐसे में गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा मिलने पर आदिवासी क्षेत्र का विकास होगा। इससे पूर्व गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा मिले इसको लेकर ग्रामीणों की ओर जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान दिनेश आदिवाल उपसरपंच, प्रमोदपालसिंह मेघवाल पूर्व जिला परिषद सदस्य, अमरसिंह पंवार समाजसेवी, मनोहरसिंह परिहार, वार्डपंच दौलाराम चौधरी, गलाराम चौधरी, खेमराज भील, नरेन्द्र कुमार, मांगीलाल, देवासी, मांगीलाल, भीकाराम, राजु गरासिया, राजेश भील, बाबूलाल भील, नरेश भील सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# सरगरा समाज के संत महात्मा महाकुंभ स्नान को रवाना

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** रविवार को संत महात्माओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबुलाल आर्य, राष्ट्रीय युवा कार्यकरिणी के अध्यक्ष संजय पढियार सरगरा व समाज के सैकड़ों समाज बंधुओं ने सरगरा समाज के वाल्मीकि मंदिर इंदिरा कॉलोनी फालना के प्रांगण में संतों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया, योग मांगुनाथ महाराज देसूरी व राजूराम महाराज करेड़ा ने समाज को सम्बोधित करते हुए समाज में शिक्षा, नशा मुक्ति, संस्कार, योग एकता अखंडता बनाए रखने की प्रतिज्ञा दिलाई। उसके बाद में संत महात्मा रवाना हुए। इस मौके पर बाबुलाल जी आर्य, सजंय पढियार, कमल जोगी, सोहनलाल गौरी, पाबूराम सतलाना, सुरेश देवड़ा, मफाराम, मुकेश चौहान पाली, विनोद सादड़ी, पुखराज गिराली, पाबूराम जी, महेश शास्त्री, तरुण पढियार के साथ समाज के संत व सैकड़ों समाज बंधु मौजूद रहे।



## कुमटिया में अनोखी शादी

# दूल्हे ने लौटाया डेढ़ लाख का टीका, 11 रुपए में किया सम्मान



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली क्षेत्र के कुमटिया गांव में एक ऐसी शादी हुई, जिसने दहेज प्रथा को चुनौती दी। नारायण सिंह की बेटी वैशाली कंवर की शादी विरमपुरा निवासी महेन्द्र सिंह सिंदल राठौड़ के बेटे नरेंद्र सिंह से हुई। शादी में एक अभूतपूर्व घटना देखने को मिली जब दुल्हन पक्ष ने दूल्हे को दिए जाने वाले एक लाख 51 हजार रुपए के टिक्का को वापस लौटा दिया। इतना ही नहीं, परंपरागत भव्य समारोह और महंगे उपहारों की जगह दुल्हन के परिवार से मात्र 11 रुपए लेकर दूल्हे ने सम्मान दिया। यह शादी समाज में एक नई मिसाल कायम कर रही है, जो दहेज जैसी कुरीति के खिलाफ एक मजबूत संदेश देती है। इस शादी ने दिखाया कि विवाह जैसे पवित्र बंधन को सादगी से भी निभाया जा सकता है, जहां दिखावे और आर्थिक बोझ की जगह रिश्तों की मर्यादा को प्राथमिकता दी जाए।

# कोठार गांव में पैंथर का आतंक, एक बकरी का शिकार, दो लापता

## ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग से मांगी मदद

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** कोठार गांव में एक बार फिर पैंथर ने दहशत फैला दी है। सोमवार की सुबह लिलोडा पहाड़ी के पास पैंथर ने एक बकरी का शिकार कर दिया, जबकि दो अन्य बकरियां लापता हो गईं। इस घटना से क्षेत्र के निवासियों में भय का माहौल है। बकरी के मालिक विर्भानाराम देवासी ने बताया कि उन्होंने तुरंत वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को घटना की सूचना दी, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी इसी इलाके में पैंथर तीन बकरियों का शिकार कर चुका है। कोठार पंचायत के वार्ड सदस्य शंकरलाल मीणा और सामाजिक कार्यकर्ता रामाराम देवासी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि पैंथर के लगातार हमलों से ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो रहा है और उनके पशुधन को भी खतरा है। वन विभाग से पैंथर को पकड़ने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है।



# जाखोड़ा बने उदयपुर जिले के प्रभारी

**सुमेरपुर।** छात्र संगठन एनएसयूआई ने सुमेरपुर निवासी एनएसयुआई के प्रदेश महासचिव राजेन्द्र सिंह जाखोड़ा को उदयपुर जिले का प्रभारी नियुक्त किया हैं। इस नियुक्ति को लेकर सुमेरपुर पाली के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़, प्रदेश प्रभारी साहिल शर्मा व अखिलेश यादव व शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र मेघवाल ने बताया कि राजेंद्र सिंह जाखोड़ा लंबे समय से संगठन में काम कर रहे है। जाखोड़ा ने सुमेरपुर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनावों में अहम भूमिका निभाते हुए कई महाविद्यालय में पूरे पैनल के साथ एनएसआई को जिताया। संगठन के हर धरने आंदोलन में जयपुर से लेकर दिल्ली तक मजबूती से कार्यकर्ताओं के साथ भाग लिया। इसी कार्य को देखते हुए जाखड़ ने अहम जिम्मेदारी दी है। जाखोड़ा उदयपुर में संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

# वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजकीय देसूरी।** उच्च माध्यमिक विद्यालय दुदापुरा ब्लॉक देसूरी में वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। प्रधानाचार्य शान्ति लाल सोलंकी ने बताया गया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मोहन लाल बलाई मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा अभियान देसूरी और विशिष्ठ अतिथि मंगला राम नायक अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पर्यवेक्षक गोमा राम मीणा प्रधानाचार्य पी एम मुछाला महावीर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घाणेराव एवं भंवर घाँची दुदापुरा भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ब्लॉक देसूरी की उपस्थिति मां सरस्वती वंदना से किया गया। प्रधानाचार्य शान्ति लाल सोलंकी ने बताया कि विद्यालय में बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा एवं दो खिलाड़ी संदीप और अमित ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता ताइकांडों में भाग लिया एवं सरकार की लाभकारी योजना छात्रवृत्ति, ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना, एस्कार्ट भत्ता, पन्ना धाय बाल गोपाल योजना, निः शुल्क



साइकिल योजना, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, वर्क बुक, निःशुल्क यूनिफार्म, बैग, डीबीटी योजना की जानकारी दी गई। इस अवसर पर दानदाता भामाशाह को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया साथ में कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी द्वारा वर्तमान में शिक्षा के महत्व की जानकारी दी गई एवं सरकारी विद्यालय में वर्तमान में स्मार्ट कक्षा के अन्तर्गत पेनल बोर्ड द्वारा शिक्षण कार्य करवाया जा रहा है जानकारी दी गई। सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम उड़ान के अन्तर्गत छात्र छात्राओं ने प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में श्रवण कुमार प्रधानाचार्य स्वामी विवेकानंद माडल स्कूल देसूरी, सुरेश भाटी, प्रकाश देपावत एवं भामाशाह नेमाराम घांची, वेना राम काणा, समाराम चौधरी, भगा राम मेघवाल काणा, सुश्री गजरा सोलंकी व्याख्याता, शिव पाल सिंह चारण व्याख्याता, सुरेश कुमार कांवडिया वरिष्ठ अध्यापक, नारू कुमावत, कालू सिंह परमार, बाल किशन, चैनाराम, राम लाल, जितेन्द्र मीणा, लाला राम चौधरी शारीरिक शिक्षक, मानवेन्द्र सिंह, मोहम्मद हारून, गणपत लाल, प्रताप सिंह कनिष्ठ सहायक, दरिया मैडम पंचायत शिक्षिका, भूतपूर्व प्रधानाचार्य श्री मोहन लाल चौहान, भूतपूर्व शिक्षक नेता विक्रम सिह जैतावत, राम निवास यादव उपस्थित थे एवं मंच संचालन सुरेश कुमार कांवडिया द्वारा किया गया।

# बलराम धर्मेंद्र ने दी बढ़ते साइबर क्राइम को रोकने की जानकारी

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** कस्बे के राजकीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को बढ़ते साइबर क्राइम से बचने व विभिन्न एप को इंस्टॉल न करने को लेकर देसूरी थाना कांस्टेबल बलराम चौयल व धर्मेंद्र कुमार ने विस्तृत रूप से जानकारी दी। राजस्थान पुलिस द्वारा एक जनवरी से 31 जनवरी तक साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम विद्यालयों समेत आमजन को सावधान व बचने के लिए आयोजित किए जा रहे है। कांस्टेबल बलराम चौयल द्वारा विशेष जानकारी दी गई कि साइबर क्राइम कैसे होता है साइबर क्राइम से कैसे बचे व क्राइम होने पर क्या करना चाहिए। इस दौरान कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार ने छात्राओं को विशेष साइबर क्राइम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि साइबर अपराध के प्रति जागरूकता ही बचाव है। धर्मेंद्र कुमार ने छात्राओं को जानकारी दी कि अनजान को किसी भी प्रकार की अपनी बैंक व्हाट्सप फेसबुक इंस्टाग्राम व किसी भी प्रकार की कोई ओटीपी न दे। ऐसा करने पर



आपके साथ ठगी हो सकती है। उन्होंने बताया कि साइबर कई तरह के होते है जिसमे हैकर्स, धोखेबाज किस्म के अपराधी पीड़ितों की प्रतिष्ठा, वित्त, व्यवसाय आदि को प्रभावित करने वाले विभिन्न साधनों का उपयोग करते है। समय के साथ साइबर अपराधी साइबर क्राइम करने के तरीके बदल रहे है। उन्होंने बताया कि आपकी सहायता करने के लिए आपको यदि कोई बैंक बिजली निगम टेलीफोन एक्सचेंज आयकर या किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर आपसे कोई जानकारी मांगता है तो आप उसे अपनी कोई जानकारी न दे। उन्होंने आने वाले वीडियो कॉल को भी रिसीव नहीं करने की जानकारी दी। इन दिनों एक एप जो एआई के नाम से आ रहा है जो महिलाओं समेत पुरुषों को ब्लैकमेल करने जैसे फोटोज एक चेहरे से हटाकर दूसरे चेहरे पर लगाकर ब्लेकमेल कर सकता है ।इन सभी साइबर क्राइम से बचने की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# कोल्ड वॉटर विद आरओ किया भेंट

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** नाडोल कस्बे के राजकीय माध्यमिक विद्यालय नंबर 1 में वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की प्रेरणा से गर्मी आने से पहले विद्यार्थियों को स्वस्थ पानी पीने के लिए कोल्ड वाटर विथ आर ओ की सुविधा अपने पिता की याद में प्रवीण कुमार मोटाबा चौधरी नाडोल ने अपने परिवार सहित उपस्थित होकर घोषणा की। इसके साथ ही रमेश कुमार चौधरी नाडोल एवं हेमराज चौधरी नाडोल हाल पुणे, कानाराम कालबेलिया जोगी ने स्वयं उपस्थित होकर विद्यालय के रंग रोगन करने की घोषणा की, जिससे विद्यालय स्वस्थ एवं सुन्दर बन सके भामाशाह का विधालय स्टाफ द्वारा बहुमान किया गया। इस अवसर पर के के शाह, पूर्व उपसरपंच रूपाराम चौधरी, पुर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष ओगडराम चौधरी व गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रधानाध्यापक सुमेर सिंह , शारीरिक शिक्षक राजेन्द्र सिंह व अध्यापक,स्टाफ ने नेक कार्य हेतु सराहना की।



# 975 बालिकाओं को कैबिनेट मंत्री ने बांटी नि:शुल्क साइकिलें




▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▸▸ साइकिल पाकर चेहरे खिल उठे

**सुमेरपुर।** नगर के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुमेरपुर में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के सानिध्य में आयोजित किया गया। उपखण्ड अधिकारी कालुराम कुम्हार, प्रधान उर्मिला कंवर एवं ब्लॉक विकास अधिकारी प्रमोद दवे, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धनाराम सोलंकी, नोडल प्रभारी गजेन्द्र सिंह राणावत एवं डिम्पल चैधरी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कुमावत ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए दूर-दराज से आने वाली 975 बालिकाओं को अपने हाथों से साइकिल वितरण की एवं संदेश दिया कि किसी भी परिस्थितियों में अपनी पढ़ाई को सुचारू रखे एवं बालिका शिक्षा के प्रतिशत को ऊपर तक ले जाए। एसडीएम कुम्हार ने कहा कि राजस्थान सरकार की इस निःशुल्क साइकिल वितरण योजना से जो छात्राएं अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ देती थी उससे निजात मिल गई है। नोडल प्रभारी राणावत ने इस योजना पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अन्त में सीबीईओ सोलंकी ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। साईकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिल उठे। साइकिल वितरण प्रभारी शिवदयाल सोनी व बलवीरसिंह राणावत ने कार्यक्रम में सहयोग किया। इस मौके पर एवं विधालय एसएमसी सदस्य उमराव सिंह राठौड़, बाबुलाल, नरेन्द्र आस्था, मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल, गणेश भाटी, महेन्द्र माली, जाफर सिलावट, इन्द्रसिंह राठौड़, परबत सिंह, अनोप सिंह राठौड़, प्रेमचन्द बरूद, मुकेश मोदी, पुखाराम आदि मौजूद रहे।

# पायलट का देसूरी में जोरदार स्वागत



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का देसूरी आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। राठेलाव चौराहे पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। पायलट ने कुछ समय देसूरी में रुककर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनकी समस्याओं और विचारों को सुना। इसके बाद वे सिरोही के लिए रवाना हो गए। पायलट के साथ पीसीसी सदस्य दुर्गासिंह राठौड़ सहित कई अन्य नेता मौजूद थे। स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रमोदपाल सिंह मेघवाल, युवक कांग्रेस जिला सचिव प्रदीप मीणा, अल्ताफ राजा, ब्लॉक संगठन महामंत्री अमरसिंह पंवार, घाणेराव उपसरपंच दिनेश आदिवाल, भंवरसिंह राजपुरोहित, नवाब खान पठान, फकीर भाई, रमेश आना, मनोहरसिंह परिहार, जयसिंह रानीगांव, विक्रमसिंह छोडा और दलपतसिंह डायलाना सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## सचिन पायलट ने महाराणा प्रताप को किया नमन

▸▸ बाली में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, जिला-संभाग समाप्ति पर सरकार को घेरा

**बाली।** बाली में महाराणा प्रताप चौक पर कांग्रेस नेता सचिन पायलट का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्लॉक अध्यक्ष यशपाल सिंह राजपुरोहित, नगर अध्यक्ष अकरम कुरैशी और पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल भाटी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहे। मीडिया से बातचीत में पायलट ने राजस्थान सरकार के जिलों और संभागों को समाप्त करने के निर्णय की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से गलत है और इसमें कोई पारदर्शिता नहीं है। पायलट ने सवाल उठाया कि एक साल के अंतराल में ऐसा क्या बदलाव आया कि सरकार को यह कदम उठाना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने इस निर्णय के लिए न तो कोई भौगोलिक मापदंड तय किया और न ही कोई अन्य पारदर्शी आधार बनाया। कांग्रेस नेता ने स्पष्ट किया कि वे इस मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाएंगे और सरकार से जवाब मांगेंगे। उन्होंने कहा कि अगर सरकार के पास कोई स्पष्ट मापदंड होते, तो इस विषय पर सार्थक चर्चा की जा सकती थी।



## विधानसभा में उठाएंगे जिलों और संभागों को समाप्त करने का मुद्दा : पायलट

पायलट ने अपने संबोधन में जिलों और संभागों को समाप्त करने के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि बिना चर्चा और पारदर्शी मापदंड के सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय पूरी तरह गलत है। उन्होंने सवाल उठाया कि एक साल बाद ऐसा क्या बदला जो इस फैसले की जरूरत पड़ी। पायलट ने कहा कि सरकार ने न तो कोई भौगोलिक मापदंड तय किया और न ही किसी अन्य पारदर्शी आधार का पालन किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे इस मुद्दे को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाएंगे। देसूरी में पायलट का आगमन कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार कर गया। उनके स्वागत के लिए दूर-दूर से लोग आए, जिससे पार्टी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का भी प्रदर्शन हुआ।


बृहन्मुंबई महानगरपालिका

ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | हायड्रोलिक इंजीनियर |
| उप विभाग | डीवाय. हायड्रोलिक इंजीनियर (भांडुप कॉंप्लेक्स) |
| महाटेंडर्स बोली आमंत्रण क्र. | 2024-एमसीजीएम-1138494-1 |
| विषय एवं बोली क्र. | भांडुप कॉंप्लेक्स में वायरलेस संचार नेटवर्क हेतु उपयुक्त साइज के ट्रे सहित 1/2" आरएफ कोएक्सिबल केबल का प्रतिस्थापन। |
| बोली का विक्रय | दिनांक 21.01.2025 को 11.00 बजे से<br>दिनांक 06.02.2025 को 16.00 बजे तक<br>**लिफाफा ए, बी एवं सी जमा करना (ऑनलाइन) को 16.00 बजे तक। नियत दिनांक: 06.02.2025** |
| वेबसाइट | http://portal.mcgm.gov.in |
| संपर्क अधिकारी | ए.ई. (वायरलेस) भांडुप कॉंप्लेक्स |
| ए) नाम | श्रीमती दीपाली जे. राणे |
| बी) फोन नं. (कार्यालय) | 022-25658531 |
| सी) मोबाइल नं. | 9930260565 |
| डी) ई-मेल पता | **aewirelessbc.he@mcgm.gov.in** |

**निविदाकार को जांच शुल्क के रूप में रु. 1320/- + 18% जीएसटी (9% सीजीएसटी + 9% एसजीएसटी) का भुगतान निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग के पूर्व ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से करना होगा।**

कृते
बृहन्मुंबई महानगर पालिका
ई.ई. (एस.आई.पी.एस.)
बी.सी.

PRO/2275/ADV/2024-25

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ स्वच्छ धोएं।

# सलामी बल्लेबाजों के लिए स्थान निश्चित है : अक्षर पटेल

## बाकी सभी को लचीला होना चाहिए



**कोलकाता।** भारतीय टी20 लाइन-अप में सलामी बल्लेबाज ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका स्थान निश्चित है और इसके बाद बल्लेबाजी क्रम में 'कई फ्लोटर्स' शामिल होंगे, यह बात नए उप-कप्तान अक्षर पटेल ने सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज से पहले टीम की रणनीति के बारे में बताते हुए कही। भारत बुधवार को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

### श्रृंखला के लिए टीम प्रबंधन का हिस्सा

बल्लेबाजी क्रम में उतार-चढ़ाव के बारे में पूछे जाने पर ऑलराउंडर ने जवाब दिया, '...यह सिर्फ़ मेरे बारे में नहीं है; यह टीम में सभी पर लागू होता है। 2024 की शुरुआत से ही, हमने एक निश्चित ओपनिंग स्लॉट रखने का फैसला किया था और नंबर 3 से नंबर 7 तक सभी को स्थिति, संयोजन और मैच-अप के आधार पर लचीला होने के लिए कहा गया है।' अक्षर, जो अब श्रृंखला के लिए टीम प्रबंधन का हिस्सा हैं, ने इस तरह से बात की जो 2023 वनडे विश्व कप से पहले रोहित शर्मा की बातचीत की याद दिलाता है, जहां उन्होंने मध्य-क्रम में लचीलेपन का आह्वान किया था। उन्होंने कहा, 'कोई निश्चित स्थान नहीं है जहां कोई विशेष बल्लेबाज हमेशा खेलेगा...यह उस श्रेणी (नंबर 3 से 7 के बीच) में सभी के लिए समान है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि किसका दिन अच्छा चल रहा है, जिसका हम अभ्यास सत्रों के दौरान आकलन करते हैं। टी20 क्रिकेट में यह सही स्थिति में सही बल्लेबाज का उपयोग करने के बारे में है।'

सूर्यकुमार यादव के उप-कप्तान के तौर पर अक्षर के लिए बहुत कुछ नहीं बदला है, सिवाय इसके कि अब वह टीम प्रबंधन द्वारा लिए जाने वाले कुछ सख्त फैसलों का हिस्सा होंगे। अक्षर ने कहा, 'अभी सिर्फ एक दिन हुआ है। हां, हमने (कप्तान सूर्य, मुख्य कोच गौतम गंभीर और मैं) चर्चा की है। नेतृत्व समूह पर अतिरिक्त जिम्मेदारी है। ज्यादा बदलाव नहीं है। जाहिर है, हमारे पास एक स्थिर टी20 टीम है, ज्यादा दबाव नहीं है। जब आप नेतृत्व समूह में आते हैं, तो जाहिर है आपको कुछ कठोर फैसले लेने पड़ते हैं। हमने उन पर भी बात की है। यह एक सच्ची राय रखने और एक-दूसरे पर भरोसा बनाए रखने के बारे में है।'

ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में मिली हार के बाद यह राष्ट्रीय टीम का पहला मैच है और ऑलराउंडर पिछली बातों को लेकर परेशान नहीं होना चाहते। उन्होंने कहा, 'हम ये भी बात करते हैं कि, जो हो गया वो हो गया, वो वापस नहीं आने वाला। यह हमारी अगली सीरीज में सकारात्मकता लाने के बारे में है।' अक्षर ने 19 नवंबर 2023 को वनडे विश्व कप फाइनल के बाद पहली बार राष्ट्रीय टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी का भी स्वागत किया।

टखने की सर्जरी से उबरने के बाद शमी घुटने की परेशानी से जूझ रहे थे। उन्होंने शमी की घरेलू सर्किट में हाल ही में हुई वापसी का जिक्र करते हुए कहा, 'यह टीम के लिए बहुत सकारात्मक बात है। पिछली बार उन्होंने (शमी) वनडे विश्व कप फाइनल में खेला था और ठीक होने के बाद से उन्होंने सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे टूर्नामेंट दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है। जब भी कोई सीनियर खिलाड़ी वापसी करता है तो इससे टीम को बहुत बढ़ावा मिलता है। हम सभी जानते हैं कि शमी भाई क्या कमाल करते हैं, चाहे वह नई गेंद से हो या डेथ ओवरों में। उनकी मौजूदगी, खास तौर पर नई गेंद से, टीम के लिए बहुत बड़ा फायदा है। उम्मीद है कि वह विश्व कप में दिखाए गए अपने उसी फॉर्म को जारी रखेंगे।

## प्रज्ञानंद ने हमवतन हरिकृष्णा को हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने हमवतन पी हरिकृष्णा को हराया, जबकि अर्जुन एरिगेसी को टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौरे में ड्रॉ से संतुष्ट होना पड़ा। इससे पहले हाल ही में खेल रत्न से सम्मानित होने वाले विश्व चैंपियन गुकेश ने रूसी मूल के ब्लादीमिर फेडोसीव से ड्रॉ खेला था, जबकि लियोन ल्यूक मेंडोसा को उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने हराया।

19 वर्ष के प्रज्ञानंद ने डिफेंस और जवाबी हमलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरिकृष्णा को मात दी। वहीं हरिकृष्णा टुकड़ों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद लय कायम नहीं रख सके। एरिगेसी ने पहले दौर में गुकेश को हराने के करीब पहुंचे स्थानीय खिलाड़ी अनीश गिरि से ड्रॉ खेला। फेबियानो कारूआना ने नीदरलेंड के जोर्डन वान फोरीस्ट को मात दी।

चैलेंजर वर्ग में आर वैशाली ने चीन की 14 वर्ष की मियाओइ लू से अंक बांटे। दिव्या देशमुख ने चेक गणराज्य की शीर्ष वरीयता प्राप्त एंगुयेन थाइ वान डैम से ड्रॉ खेला।

### आईपीएल 2025

## ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने बनाया कप्तान



**नई दिल्ली।** आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2025 सीजन से पहले ऋषभ पंत को अपना कप्तान नियुक्त किया है, टीम के प्रमुख मालिक संजीव गोयनका ने सोमवार को यह जानकारी दी। शनिवार को जानकारी सामने आई थी कि आईपीएल 2025 से पहले पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स का नया कप्तान नियुक्त किए जाने की संभावना है। पंत पिछले साल जेद्दा में आईपीएल मेगा नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे, जब उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। वह अब केएल राहुल, निकोलस पूरन और क्रुणाल पांड्या के बाद आईपीएल में खेलने के अपने इतिहास में एलएसजी के चौथे कप्तान होंगे। आईपीएल 2022 और 2023 सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद एलएसजी 2024 में पहली बार प्लेऑफ से चूक गई, क्योंकि वे खराब नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर रहे।

दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व करने के बाद पंत दूसरी आईपीएल टीम की कप्तानी करेंगे। पंत आईपीएल के 2021 से 2024 संस्करणों तक डीसी के कप्तान थे, 2023 सीजन को छोड़कर जब दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना में वह बाल-बाल बचे थे। लेकिन आईपीएल 2025 की रिटेंशन डेडलाइन से पहले, उन्हें डीसी ने रिलीज़ कर दिया जिसमें नेतृत्व की भूमिका 31 अक्टूबर को समाप्त होने वाले फ्रैंचाइज़ी के साथ उनके 9 साल के जुड़ाव के पीछे मुख्य कारण थी। एलएसजी में पंत मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के साथ काम करेंगे जिनसे उनकी मुलाकात ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के दौरान हुई थी। बल्लेबाजी विभाग में पंत के साथ निकोलस पूरन, डेविड मिलर, मिशेल मार्श और एडेन मार्कराम के साथ-साथ आयुष बडोनी, आर्यन जुयाल, अब्दुल समद और हिम्मत सिंह शामिल होंगे। गेंदबाजी विभाग में उनके पास भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और अवेश खान के साथ-साथ पहले से रिटेन किए गए खिलाड़ी रवि बिश्नोई, मयंक यादव और मोहसिन खान भी होंगे।

### आस्ट्रेलिया ओपन

## यानिक सिनर ने रूने को हराया



**नई दिल्ली।** इटली के यानिक सिनर और डेनमार्क के होल्गर रूने दोनों को 32 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में खेले गए आस्ट्रेलियाई ओपन मैच में मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा और इसके बाद सिनर की दमदार सर्विस पर रॉड लावेर एरिना का नेट निकल जाने से 20 मिनट का विलंब हुआ। आखिर में गत चैम्पियन सिनर ने 13वीं वरीयता प्राप्त रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर गर्मी से निपटने के लिये चेहरे पर ठंडा तौलिया रखते दिखे और कई बार गर्दन पर पानी भी गिराया। तीसरे सेट में दस मिनट से ज्यादा विलंब के बीच वह लॉकर रूम में चिकित्सा सहायता के लिये गए। सिनर का सामना अब आस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनाउर या अमेरिका के गैर वरीय एलेक्स मिचेलसन से होगा। इटली के ही 55वीं रैंकिंग वाले लोरेंजो सोनेगो ने अमेरिकी क्वालीफायर लर्नर टियेन को 6-2, 6-3, 3-6, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के बेन शेल्टन या फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से होगा। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में नोवाक जोकोविच की टक्कर कार्लोस अल्काराज से और अलेक्जेंडर ज्वेरेव की भिडंत टॉमी पॉल से होगा।

## शमी ने टी20 सीरीज से पहले शुरू की ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में भारतीय टीम के साथ ट्रेनिंग शुरू की। जसप्रीत बुमराह के आगामी पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम से बाहर होने के बाद शमी के मेन इन ब्लू अटैक की अगुआई करने की उम्मीद है। पिछले साल शमी टखने की सर्जरी के बाद बंगाल के साथ घरेलू क्रिकेट में लौटे थे जिसके कारण वे लगभग एक साल तक बाहर रहे। शमी विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल की टीम का भी हिस्सा थे। शमी ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शानदार वापसी की थी, उन्होंने आखिरी बार वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में हिस्सा लिया था। टखने की सर्जरी के बाद और कई परेशानियों से उबरने के बाद उन्होंने नवंबर में मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में बंगाल के लिए वापसी की। इससे पहले 11 जनवरी को शमी को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था। बीसीसीआई ने 34 वर्षीय खिलाड़ी के मेन इन ब्लू के साथ ट्रैक पर वापस आने की कुछ तस्वीरें साझा कीं। टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल चोट से वापस आने के बाद अपने पहले अभ्यास सत्र के दौरान शमी पर कड़ी नजर रख रहे थे। इस बीच, शमी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'एक बार फिर आप सभी को गौरवान्वित करने के लिए पूरी तरह तैयार हूं.. अपना प्यार और समर्थन बनाए रखें।' गौर हो कि पांच मैचों की टी20आई सीरीज 22 जनवरी को कोलकाता में शुरू होगी। दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 25 और 28 जनवरी को चेन्नई और राजकोट में होगा। सीरीज का चौथा मैच 31 जनवरी को पुणे में खेला जाएगा। मुंबई 2 फरवरी को टी20 सीरीज के अंतिम मैच की मेजबानी करेगा।

आप सभी को गौरवान्वित करने के लिए पूरी तरह तैयार हूं



### महिला अंडर-19 विश्वकप

## नाइजीरिया ने न्यूजीलैंड को हराया



**कुचिंग (मलेशिया)।** कप्तान लक्की पिटी (19), लिलियन उडेह (18) रन की पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर नाइजीरिया की महिला टीम ने सोमवार को वर्षा बाधित मैच में न्यूजीलैंड को हराकर महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप में अपनी पहली जीत दर्ज की।

आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नाइजीरिया की टीम ने कप्तान लक्की पिटी (19), लिलियन उडेह (18) रन की पारियों के योगदान से निर्धारित 30 ओवरों में छह विकेट पर 65 रन बनाए। नाइजीरिया के छह बल्लेबाजों का स्कोर दहाई आंकड़े के नीचे रहा। नाइजीरिया के 65 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत सलामी बल्लेबाज केट इरविन की पहले ही गेंद पर रन आउट होने से हुई।

# मनोरंजन

## डेन्यूब प्रॉपर्टीज के ब्रांड एंबेसडर बने कार्तिक आर्यन



**डेन्यूब प्रॉपर्टीज** ने बॉलीवुड के दिलों की धड़कन कार्तिक आर्यन को अगले दो वर्षों के लिए बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर इस कार्यक्रम में नई टैगलाइन, "डेन्यूब है ना" का भी हुआ लांच, यह ब्रांड के भरोसे, गुणवत्ता और व्यापक होम ओनर्स समाधानों पर देता है जोर पिछले कुछ वर्षों में, डेन्यूब प्रॉपर्टीज दुबई के रियल एस्टेट बाजार में लीडर के रूप में उभरी है। दुबई की एक प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर, डेन्यूब प्रॉपर्टीज ने आधिकारिक तौर पर बॉलीवुड के युवा सुपरस्टार कार्तिक आर्यन को अगले दो वर्षों के लिए अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में स्वागत किया है। यह सहयोग डेन्यूब के नवाचार, भरोसे और गुणवत्ता के मूल्यों को रेखांकित करता है, जो फिल्म उद्योग में अभिनेता की प्रेरक यात्रा को दर्शाता है। मुंबई में मनीष पॉल की मेजबानी में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में, डेन्यूब प्रॉपर्टीज ने अपनी नई टैगलाइन, "डेन्यूब है ना" को लांच किया, जो घर मालिकों को व्यापक समाधान प्रदान करने के लिए ब्रांड की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 30 से अधिक वर्षों की विरासत के साथ, डेन्यूब प्रॉपर्टीज दुबई के रियल एस्टेट बाजार में एक अग्रणी लीडर के रूप में उभरी है। अपनी अभिनव 1% भुगतान योजना, पूरी तरह से सुसज्जित अपार्टमेंट और 40 से अधिक विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले प्रोजेक्ट्स के लिए जाना जाने वाला यह ब्रांड लगातार किफायती लक्जरी जीवन शैली में नए मानक स्थापित कर रहा है। उत्कृष्टता के लिए डेन्यूब की प्रतिबद्धता का एक प्रमुख आकर्षण समय से पहले प्रोजेक्ट को पूरा करने का इसका ट्रैक रिकॉर्ड है, जैसा कि डेन्यूब द्वारा हाल ही में जेमजेड के पूरा होने से पता चलता है, जिसे वादे से पाँच महीने पहले सौंप दिया गया।

## करणवीर ने जीता बिग बॉस का खिताब




बिग बॉस के लाडले विवियन को दी मात

बिग बॉस 18 के ग्रैंड फिनाले को जीतकर करणवीर मेहरा ने ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया है। करणवीर ने विवियन डीसेना को रेस में पीछे छोड़कर बिग बॉस 18 का टाइटल जीत लिया है। इसी के साथ करणवीर मेहरा ने 50 लाख रुपये का कैश प्राइज भी जीता है। करणवीर की इस जीत से उनके फैंस और घरवाले बेहद खुश नजर आए। बिग बॉस 18 से पहले पिछले साल करणवीर खतरों के खिलाड़ी का खिताब भी जीते थे। उन्होंने शो की शुरुआत में कहा था कि वो बिग बॉस की ट्रॉफी भी घर ले जाएंगे। टॉप 6 की रेस में ईशा सिंह, चुम दरांग, अविनाश मिश्रा, रजत दलाल, करणवीर मेहरा और विवियन डीसेना थे। फिनाले में सबसे पहले ईशा बाहर हुईं। उसके बाद चुम और फिर अविनाश बाहर हुए। रजत दलाल टॉप 3 तक पहुंचे, लेकिन टॉप 2 में अपनी जगह नहीं बना पाए। घर में कैसा रहा करणवीर का सफर बिग बॉस का ये सफर लगभग 3 महीने पहले 06 अक्टूबर को शुरू हुआ था। ये तीन महीने करणवीर मेहरा के लिए काफी उतार-चढ़ाव वाले रहे। करणवीर के निजी जीवन से लेकर घर में उनके खाने तक पर लड़ाइयां और बातें होती देखी गईं। बिग बॉस के घर में उन्हें उनकी ही दोस्त शिल्पा शिरोडकर से कई बार धोखा मिला। करणवीर को कई बार उनके गेम और सुस्त व्यवहार के लिए टोका भी गया। खेल में अपनी कमियों को पीछे छोड़कर करणवीर ने अपना खेल सुधारा और बिग बॉस के विनर बनकर जनता के सामने आए। घर में करणवीर की जर्नी की बात करें तो उनकी इस जर्नी का चुम दरांग खास हिस्सा रहीं। करणवीर और चुम दरांग के रिश्ते को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया गया। करणवीर और चुम के फैंस ने उनका हैशटैग तक बना दिया। करणवीर और चुम के बीच रिश्ते में मजबूती शो के अंदर लगातार देखने को मिली। चुम दरांग आज जब घर से बेघर हुईं तो उन्होंने करणवीर से कहा कि ट्रॉफी घर ही आनी चाहिए।

## 'कन्नप्पा' में अक्षय बनेंगे भगवान शिव



अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी फिल्म 'स्काय फोर्स' को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म 24 जनवरी को रिलीज होने वाली है। इसी बीच एक्टर ने अपनी एक और फिल्म की घोषणा कर दी है। इस फिल्म का नाम 'कन्नप्पा' है जिससे उनका पहला लुक सामने आ चुका है। अक्षय कुमार 'कन्नप्पा' में भगवान शिव के अवतार में नजर आ रहे है। तो वहीं काजल अग्रवाल माता पार्वती के रूप में दिखाई दे रही हैं। यह माइथोलॉजिकल फिल्म है जिसमें अक्षय कुमार भगवान शिव के रोल में पर्दे पर देखे जाएंगे। मेकर्स ने 'कन्नप्पा' से एक्टर का लेटेस्ट लुक रिवील कर दिया है। पोस्टर में अक्षय कुमार के एक हाथ में डमरू और दूसरे हाथ में त्रिशूल देखा जा सकता है। अक्षय का नया अवतार फैंस के बीच काफी चर्चा में है। एक्टर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर कन्नप्पा से अपना पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- 'कन्नप्पा के लिए भगवान शिव की पावन आभा में प्रवेश कर रहा हूं। इस महाकाव्य कहानी को जीवंत करने का अवसर मिला। भगवान शिव इस दिव्य यात्रा में हमारा मार्गदर्शन करें। ओम नमः शिवाए!' इसके अलावा कन्नप्पा में माता पार्वती के रोल में अभिनेत्री काजल अग्रवाल नजर आएंगी। उनका पोस्टर पहले ही जारी किया जा चुका है। पोस्टर में काजल सफेद साड़ी पहने एक पर्वत पर बैठीं माता पार्वती के लुक में दिखाई दे रही हैं। बता दें, कन्नप्पा पैन इंडिया फिल्म है जिसे 5 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। अक्षय और काजल के अलावा फिल्म में मोहन बाबू, विष्णु मंचू, प्रभास और मधू अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं।

## नवाजुद्दीन के काम आया दिलीप कुमार का कोट



बॉलीवुड के एक्टर अपनी अदाकारी को नैचुरल बनाने के लिए कितनी डिटेलिंग में काम करते हैं इस बात का अंदाजा दर्शकों को नहीं होता। दर्शकों को एक्टर का हुनर तब समझ आता है जब उन्हें एक्टर की जगह बस वो किरदार पर्दे पर नजर आने लगता है। साथ ही जब वो उस किरदार के हंसने पर हंसने और उसके रोने पर इमोशनल होने लगते हैं। नवाजुद्दीन सिद्दीकी को भी एक एक्ट के दौरान दिलीप कुमार से ऐसी ही एक टिप इनडायरेक्टली मिली थी। हुआ यूं कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी को एक सीरियल में किरदार करना था और इसके लिए उन्हें एक कोट पहनना था। तब उन्हें दिलीप कुमार साहब का कोट पहना दिया गया। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया, "अभी जैसा फिल्मों में होता है कि आप सेट पर गए और आपको कॉस्ट्यूम लाकर दे दी, उसी तरह की एक्टिंग भी दिखती है। लोग बहुत सुपरफिशियल लेवल पर एक्टिंग करके चले आते हैं। जैसे दिलीप साहब इस बारे में क्या किया करते थे कि एक बार जब मैं उनके यहां सीरियल कर रहा था तो एक कोट की जरूरत थी।" नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बताया, "कोट मेरे लिए कहीं से आ नहीं सका तो फौरन दिलीप साहब का कोट मुझे पहना दिया गया। जब मैं कोट पहनकर एक्टिंग कर रहा था तो मैंने जेब में हाथ डाला। तो जेब में मुझे एक पुराना सा काजल मिला जिस पर कुछ आयतें लिखी हुई थीं। उस पेज के बहुत छोटे-छोटे रेशे हो चुके थे। मैंने जब उनसे पूछा कि यह क्या था तो सारा जी के भाई ने मुझे बताया कि दिलीप साहब हमेशा... जब भी कोई रोल करते थे तो हमेशा उनके पास दो-तीन प्रॉप्स रहती ही रहती थीं, वो जेब में हाथ डालकर फील करते थे, महसूस करते थे उसको कि मैं कोई दूसरा आदमी नहीं हूं, वही आदमी हूं।"

## कंगना ने दीपिका पर साधा निशाना



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों इमरजेंसी को लेकर खूब चर्चा में हैं। वो लगातार इंटरव्यूज दे रही हैं। जहां वो कई दावे कर रही हैं। ये बताने के बाद कि फिल्म मेकर संजय लीला भंसाली ने उन्हें 'गोलियों की रासलीला राम लीला' में डांस नंबर ऑफर किया था। कंगना अब ये दावा कर रही हैं कि भंसाली ने उन्हें 'पद्मावत' में रानी पद्मावती का किरदार भी ऑफर किया था। हालांकि बाद में इस रोल को दीपिका पादुकोण ने निभाया था। इंटरव्यू में कंगना बोलीं, 'मैं एक फीमेल आर्टिस्ट के तौर पर दूसरे लेवल पर जाना चाहती थी। मुझे लगा कि मैं नकली पलकें, बोटोक्स वगैरह से बेहतर की हकदार हूं। मैं ऐसी इंसान नहीं हूं। ये बदलाव मुझमें धीरे-धीरे आया। तनु वेड्स मनु और क्वीन के बाद, मेरे अंदर निराशा पैदा हो गई थी। अगर आप टॉप के पांच डायरेक्टर्स को देखें, तो उनकी फिल्मों में महिलाओं की भूमिकाएं कैसी है? उन्हें मुश्किल से पांच मिनट मिलते हैं। मुझे बड़ी फिल्मों के लिए बहुत से ऑफर मिले, जिनमें खान्स भी शामिल रहे हैं। लेकिन, उनमें रोल मुश्किल से 10-15 मिनट का होता है, और वो भी अपमानजनक। वे महिलाओं को बेहतर नहीं दिखाते हैं।' कंगना ने भंसाली का नाम लिए बिना इशारों में कहा, 'एक और एग्जाम्पल इस बड़े डायरेक्टर का है। उन्होंने हीरामंडी, बाजीराव मस्तानी आदि के साथ वेश्याओं की एक पूरी दुनिया बनाई है। लड़कियां और भी तो काम करती हैं ना। ये बहुत ज्यादा परेशान करने वाला है। मेरा मतलब सेक्स वर्कर्स को नीचा दिखाना नहीं है, क्योंकि मैंने भी 'रज्जो' में एक सेक्स वर्कर का किरदार निभाया है।'

राजस्थान : बजट पूर्व चर्चा

# राज्य की अर्थव्यवस्था का आधार 'उद्योग' : शर्मा

## न्यायसंगत कर प्रणाली को राज्य सरकार प्रतिबद्ध





**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य में उद्योग के लिए अपार संभावनाएं हैं तथा उद्योग एवं सेवा क्षेत्र राजस्थान की अर्थव्यवस्था में तीन-चौथाई योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन दोनों क्षेत्रों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक ले जाने के संकल्प को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधियों के सुझावों का समुचित परीक्षण के पश्चात आगामी बजट 2025-26 में शामिल करने के हरसंभव प्रयास किया जाएगा। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में उद्योग, व्यापार, कर सलाहकार संघों एवं सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ दो सत्रों में आयोजित बजट पूर्व चर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक वृद्धि से अर्थव्यवस्था के मजबूत होने के साथ ही, लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले ही साल में राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन, आर्थिक क्षेत्र के लिए नवीन नीतियां लागू करना, बड़े निवेश समझौते करना जैसे निर्णय किए, जिससे राज्य में आर्थिक दिशा को एक नई गति मिली।

### वैट की दरों को बनाया तर्कसंगत

- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने आमजन को राहत पहुंचाने के लिए अभूतपूर्व निर्णय किए हैं। हमारी सरकार ने डीजल व पेट्रोल पर प्रचलित वैट की दरों को तर्कसंगत बनाते हुए 2 प्रतिशत की कमी की जिससे दरों में एकरूपता आई।

### इन प्रतिनिधियों की रही मौजूदगी

- इस दौरान उद्योगपतियों ने राइजिंग राजस्थान समिट के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। बैठक में सी.आई.आई, राजस्थान चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, फोर्टी राजस्थान चैप्टर दलित इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ, गारमेंट एक्सपोर्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, राजस्थान सर्राफा संघ, एसोचेम, फिक्की, राजस्थान टैक्स बार एसोसिएशन, दी राजस्थान टैक्स कंसल्टेंट एसोसिएशन, लघु उद्योग भारती, रेवाड़ी औद्योगिक एसोसिएशन, फेडरेशन ऑफ माइंस एसोसिएशन, विश्वकर्मा औद्योगिक संगठन, कोटा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, स्टील चेंबर्स, सोप मैन्युफैक्चरिंग, ऑयल, सीमेंट, प्लास्टिक, सिरेमिक, टाउनशिप, रियल स्टेट, टैक्सटाईल सहित विभिन्न सेक्टर्स के संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### सौर एवं पवन ऊर्जा में प्रदेश अग्रणी

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से आज राजस्थान औद्योगिक विकास, निवेश, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन जैसे सभी क्षेत्रों में एक विशेष पहचान बना रहा है। पिछले एक साल में करीब 5 लाख सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के पंजीकरण हुए हैं तथा एमएसएमई इकाइयों के पंजीयन में राजस्थान का चौथा स्थान है।

### संतुलित एवं समावेशी विकास के प्रावधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 लाई गई है, जिससे प्रदेश के संतुलित एवं समावेशी विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। सरकार कृषि एवं कृषकों के संपूर्ण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### राजस्व संग्रहण विकास कार्यों का आधार

शर्मा ने कहा कि कर केवल राजस्व संग्रह का माध्यम नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के विकास का आधार है। कर से होने वाली आय का उपयोग अधिकतम जनकल्याणकारी कार्यों में हो, इसी सिद्धांत को आत्मसात कर राज्य सरकार कार्य कर रही है।

माइनिंग सेक्टर

# राजस्थान ने समूचे देश में फहराया परचम

## ▶▶ मेजर मिनरल ब्लॉक के ऑक्शन में राजस्थान को प्रथम पुरस्कार



**जयपुर।** राज्य के माइंस विभाग ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जो स्वयं खान मंत्री भी हैं, के नेतृत्व में समूचे देश में माइनिंग सेक्टर में राजस्थान का परचम पहरा दिया है। राजस्थान वर्ष 2023-24 में देश भर में एक्जेंप्लेरी परफॉरमेंस इन मिनरल ब्लॉक ऑक्शन में प्रथम स्थान पर रहा है। सोमवार को ओडिशा के कोणार्क में केंद्रीय खान मंत्री जी. किशन रेड्डी, ओडिसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी और केंद्रीय खान सचिव वी. कांताराव ने प्रमुख शासन सचिव माइंस, भूविज्ञान व पेट्रोलियम टी. रविकांत को इस उपलब्धि पर पुरस्कार प्रदान किया। टी. रविकांत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदेश में खनिज क्षेत्र में नई नीतियों से लेकर खोज खनन और राजस्व संग्रहण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित की गई है। केंद्र सरकार ने राजस्थान की उपलब्धि को अनुकरणीय बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्ष 2023-24 में देश भर में सर्वाधिक 31 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी की गई। नई सरकार गठन के तीन माह में ही मेजर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन के योजनाबद्ध प्रयासों से राजस्थान ने यह उपलब्धि अर्जित की है। उन्होंने कहा कि माइंस विभाग की पूरी टीम द्वारा टीम भावना से किए गए समग्र प्रयासों से यह संभव हो पाया है।

### राजस्थान बनाएगा नया रिकॉर्ड

रविकांत ने बताया कि 31 मेजर मिनरल ब्लॉकों में 22 माइनिंग लीज व 9 कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की गई। इनमें लाईम स्टोन के 22, बेसमेटल के 5 और आयरन के 4 ब्लॉक हैं। उन्होंने बताया कि मिनरल ब्लॉकों की नीलामी के क्षेत्र में इस वित्तीय वर्ष में भी राजस्थान नया रिकॉर्ड रचने जा रहा है।

### राष्ट्रीय स्तर पर बनी पहचान

माइंस निदेशक भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि राजस्थान में खनिज खोज, खनन प्लाटों का डिलेनियेशन, भारत सरकार के ई पोर्टल पर नीलामी, अवैध खनन पर प्रभावी रोक, रात्रिकालीन गश्त, व अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही आदि से विभाग को नई गति व राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी है।

## महाकुंभ के रंग में भंग डालने की कोशिश : नकवी



**नई दिल्ली।** भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को एक बातचीत के दौरान उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के आयोजन पर भी राजनीति गरमा गई है। महाकुंभ को संसार का सबसे बड़ा सनातन समागम बताया जा रहा है, जो न केवल धार्मिक बल्कि मानवता के स्तर पर भी महत्वपूर्ण है। इस समागम में लाखों लोग एकत्रित होते हैं और यह सफलता की दिशा में एक कदम है। लेकिन अफसोस की बात यह है कि कुछ लोग इस आयोजन में रंग में भंग डालने की कोशिश कर रहे हैं। उनका प्रयास लोगों में भ्रम फैलाने का है, लेकिन उन्हें कोई फायदा नहीं होने वाला है। अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर आरोप लगाए हैं कि वह उनके खिलाफ हमले करवा रही है। इस पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा, "झाड़ू का झाड़ और झूठ का पहाड़। केजरीवाल की 'झांसा यात्रा' अब पूरी तरह से खत्म हो चुकी है।"

जानलेवा बनी जीवनदायिनी

# लॉक जाम होने से एंबुलेंस में महिला की मौत

- चिकित्सा विभाग ने गठित की जांच कमेटी



**भीलवाड़ा।** तकनीकी गड़बड़ी के कारण 108 एम्बुलेंस का लॉक खराब होने से महिला की मौत होने के बाद चिकित्सा विभाग ने घटना की पूरी पड़ताल करने के लिए एक जांच समिति का गठन किया है। भीलवाड़ा में हाल ही में हुई एक दर्दनाक घटना ने चिकित्सा विभाग को गंभीर कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। स्थानीय समाचार पत्रों में एम्बुलेंस का लॉक जाम होने से महिला की मौत संबंधी खबर प्रकाशित होने के बाद चिकित्सा विभाग ने तुरंत संज्ञान लेते हुए घटना की बिंदुवार जांच के लिए चार सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. सी.पी. गोस्वामी ने बताया कि यह घटना प्रतापनगर क्षेत्र में हुई, जब एक घायल महिला को अस्पताल लाने के दौरान 108 एम्बुलेंस का लॉक तकनीकी कारणों से जाम हो गया। एम्बुलेंस के दरवाजे न खुलने के कारण महिला को शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस गंभीर घटना को लेकर चिकित्सा विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच के आदेश जारी किए हैं। डा. गोस्वामी ने बताया कि चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

### सख्त कार्रवाई की मांग

- डा. गोस्वामी ने कहा, हमारे लिए प्रत्येक मरीज की सुरक्षा और स्वास्थ्य प्राथमिकता है। इस घटना ने एम्बुलेंस सेवाओं में तकनीकी समस्याओं की जांच की आवश्यकता पर जोर दिया है। भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने को ठोस कदम उठाए जाएंगे। शहर में चिकित्सा सेवाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आम जनता ने इस घटना को लेकर अपनी चिंता जताई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

'अभियान' की तैयारियां जोरों पर

# उत्तरप्रदेश दिवस पर उत्तरभारतीयों का मुंबई में 24 को महाकुंभ





### आयोजन में शामिल होंगे यूपी-महाराष्ट्र के मंत्री एवं फिल्मी हस्तियां



**मुंबई।** मुंबई की सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था अभियान द्वारा 24 जनवरी शुक्रवार को उत्तरप्रदेश दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। 35 वर्ष पहले अभियान द्वारा शुरू किए गए इस आयोजन में इस बार भी उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र के कई मंत्री, फ़िल्मी सितारे और नेतागण शामिल होंगे। सांताक्रुज़ पश्चिम के मिलन सबवे स्थित लायंस क्लब मैदान पर होनेवाले इस भव्य समारोह में भोजपुरी फ़िल्मों के सुपर स्टार व गोरखपुर के सांसद रवि किसन शुक्ला के साथ अभिनेत्री अंजना सिंह, भोजपुरी फ़िल्मों के अभिनेता-गायक रितेश पांडेय, मशहूर गायिका प्रियंका सिंह,युवा गायक अर्जुन पांडेय और सुप्रसिद्ध लोकगायक राकेश तिवारी बबलू आदि अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। समारोह के आयोजक अभियान के संस्थापक व मुंबई भाजपा के उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने बताया कि समारोह का उद्घाटन सुप्रसिद्ध कथाकार पूज्य राजनजी महाराज के हाथों होगा। समारोह के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष व राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, मुंबई भाजपा अध्यक्ष व महाराष्ट्र के सूचना प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक कार्यमंत्री आशीष शेलार, यूपी के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण होंगे। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली मशहूर उत्तरभारतीय हस्तियों का इस अवसर पर सम्मान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूरे देश में 24 जनवरी को उत्तरप्रदेश स्थापना दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन करने की शुरुआत मुंबई की सामाजिक सांस्कृतिक संस्था अभियान ने ही किया था।

मुंबई भाजपा के उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र के नेतृत्व में 1989 से अभियान के बैनरतले यह आयोजन प्रति वर्ष किया जाता है। 2018 से यूपी की योगी सरकार ने भी उत्तरप्रदेश दिवस समारोह मनाने की शुरुआत की। तत्कालीन राज्यपाल राम नाइक के प्रयासों से यह शुरू हुआ था। तब इसे शुरू करनेवाले भाजपा नेता अमरजीत मिश्र का सम्मान भी उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा किया गया था।

## राजस्थान : 'कुर्ता पजामा' बना एग्जाम ड्रेस

### ▶▶ मेटल चेन और जिप वाले जींस-पैंट और जैकेट बैन

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षा में अभ्यर्थियों को अब कुर्ता-पजामा पहनकर परीक्षा देने जाना होगा। बोर्ड की ओर से ड्रेस कोड में बदलाव किया गया है। बोर्ड अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने सभी अभ्यर्थियों को मेटल चेन और मेटल जिप वाले जींस-पैंट या जैकेट पहनने पर रोक लगाई है। यदि अभ्यर्थी ऐसे कपड़े पहनकर परीक्षा केंद्र पहुंचेंगे तो उसे परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। दरअसल, हाल ही में आयोजित कराई गई जूनियर इंस्ट्रक्टर भर्ती परीक्षा में डमी कैंडिडेट को रोकने और पारदर्शी परीक्षा के उद्देश्य से डीटेल्ड फ्रिस्किंग, बायोमेट्रिक और सीसीटीवी लाइव कवरेज की शुरुआत की गई थी। डीटेल्ड फ्रिस्किंग के दौरान अभ्यर्थियों की मुख्य द्वार पर ही मेटल डिटेक्टर से जांच की गई, जिसमें छात्रों की ओर से पहने गए जैकेट, जींस और पैंट में लगी जिप और चेन की वजह से मेटल डिटेक्टर में बीप की आवाज आई। ऐसे में अभ्यर्थियों की और गहनता से जांच करनी पड़ी कि कहीं उनके पास कोई ऐसा उपकरण तो नहीं, जिससे परीक्षा में नकल या अनियमितता की जा सके। परीक्षा के बाद हुई बोर्ड की इंटरनल समीक्षा में इस पर चर्चा की गई कि सभी पुरुष अभ्यर्थी पैंट और जींस पहनकर ही परीक्षा देने पहुंचते हैं। कुछ महिला अभ्यर्थी भी जींस पहनकर एग्जाम देने आती हैं। सर्दी का मौसम होने के चलते महिला और पुरुष अभ्यर्थी जैकेट का इस्तेमाल भी करते हैं।

# अब बिना रिजर्वेशन करें यात्रा

- इंडियन रेलवे ने शुरू की 10 नई ट्रेनें
- इन ट्रेनों में होंगे जनरल और चेयर-कार



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने 10 नई ट्रेनें शुरू की हैं, जो बिना पूर्व आरक्षण टिकट वाले यात्रियों के लिए उपलब्ध हैं। ये ट्रेन बिना आरक्षण के यात्रा करने वाले यात्रियों की समस्याओं के समाधान के लिए लाई गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन ट्रेनों का संचालन सोमवार से शुरू हो जाएगा। भारतीय रेलवे अधिक यात्रियों की संख्या वाले रूटों पर इन ट्रेनों की सेवा उपलब्ध कराएगा।

### खरीदना होगा जनरल टिकट

इन ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को इस बात का ध्यान रखना होगा कि उन्हें स्टेशन के टिकट काउंटर से जनरल टिकट खरीदना होगा। इसके अलावा, वे यूटीएस ऐप के जरिए भी टिकट बुक कर सकते हैं। इन ट्रेनों में जनरल और चेयर-कार कोच होंगे। आईआरसीटीसी की ओर से शुरू की गई ये नई ट्रेनें देश भर के प्रमुख शहरों को जोड़ेंगी।

### ट्रेनें और उनका रूट

- **मुंबई-पुणे सुपरफास्ट :** सुबह 7 :30 बजे मुंबई से रवाना होगी और 11 :00 बजे पुणे पहुंचेगी।
- **हैदराबाद-विजयवाड़ा एक्सप्रेस :** सुबह 7 :30 बजे हैदराबाद से रवाना होगी और दोपहर 2 :00 बजे विजयवाड़ा पहुंचेगी।
- **दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस :** सुबह 6 बजे दिल्ली से रवाना होगी और दोपहर 1 :30 बजे जयपुर पहुंचेगी।
- **लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस :** सुबह 7 :00 बजे लखनऊ से रवाना होगी और दोपहर 1 :30 बजे वाराणसी पहुंचेगी।
- **कोलकाता-पटना इंटरसिटी :** सुबह 5 :00 बजे कोलकाता से खुलेगी और दोपहर 2 :00 बजे पटना पहुंचेगी।
- **अहमदाबाद-सूरत सुपरफास्ट :** सुबह 7 :00 बजे अहमदाबाद से रवाना होगी और दोपहर 12 :30 बजे सूरत पहुंचेगी।
- **पटना-गया एक्सप्रेस :** सुबह 6 :00 बजे पटना से खुलेगी और रात 9 :30 बजे गया पहुंचेगी।
- **जयपुर-अजमेर सुपरफास्ट :** सुबह 8 बजे जयपुर से रवाना होगी और रात 11 :30 बजे अजमेर पहुंचेगी।
- **चेन्नई-बैंगलोर एक्सप्रेस :** सुबह 8 :00 बजे चेन्नई से रवाना होगी और दोपहर 3 :30 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी।
- **भोपाल-इंदौर इंटरसिटी :** सुबह 6 :30 बजे भोपाल से रवाना होगी और दोपहर 12 :00 बजे इंदौर पहुंचेगी।

# नीरज चोपड़ा ने रचाई शादी

- हिमाचल में लिए सात फेरे
- गुपचुप पूरी की वैवाहिक रस्में



**सोलन।** ओलंपिक चैंपियन रहे भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा कुमारहट्टी-नाहन नेशनल हाईवे-पांच पर गांधीग्राम के पास एक निजी रिजॉर्ट में गुपचुप तरीके से विवाह के बंधन में बंधे। हिमाचल की शांत वादियों के बीच नीरज चोपड़ा ने पूर्व टेनिस खिलाड़ी हिमानी मोर से शादी की। विवाह 15 से 17 जनवरी के बीच हुआ। रविवार को नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर बताया कि उन्होंने हिमानी से शादी रचाई है। इस खबर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई है। लोग हिमानी के बारे में जानने के लिए काफी उत्सुक हैं।

### ▶▶ 66 करीबी लोग ही शामिल

बता दें कि प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी भनक नहीं लगी। शादी में केवल 66 करीबी लोग शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया में शादी की तस्वीर को साझा किया। सूत्रों के मुताबिक शादी की अवधि के दौरान रिजॉर्ट कर्मचारियों और आए मेहमानों के मोबाइल भी जमा कर दिए थे। यहीं नहीं सीसीटीवी पर भी टेप लगाकर वैवाहिक रस्मों को पूरा किया गया। विवाह के बाद वे तुरंत रिजॉर्ट से चले गए। इसके बाद ही मोबाइल कर्मचारियों को दिए गए। बताया जा रहा है कि कर्मचारियों को भी सख्त हिदायत थी कि कोई विवाह के बारे में नहीं बताएगा। इस कारण किसी को कानों कान नीरज की शादी की भनक नहीं लगी। नीरज चोपड़ा ने जब इसकी जानकारी स्वयं सोशल मीडिया पर साझा की।

# भाजपा का आरोप : हिंदुओं को बदनाम कर रहा विपक्ष





- सैफ के बांग्लादेशी हमलावर को बताया हिंदू

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने रविवार को सैफ अली खान पर हमला मामले में गिरफ्तार एक व्यक्ति को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया और कहा कि अंतरराष्ट्रीय साजिश से संबंधित अभियोजन पक्ष की दलील को खारिज नहीं किया जा सकता है। बॉलीवुड स्टार सैफ अली खान पर हमले के मामले में अब भारतीय जनता पार्टी विपक्षी दलों पर निशाना साध रही है। पार्टी ने विपक्ष से 'हिंदुओं को बदनाम' करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने रविवार को ही साफ किया है कि अभिनेता के घर में घुसपैठ और हमला करने वाला बांग्लादेशी नागरिक है। आरोपी को 5 दिनों की हिरासत में भेजा गया है। भाजपा के आईटी हेड अमित मालवीय ने लिखा, 'मुंबई पुलिस ने पुष्टि कर दी है कि सैफ अली खान पर हमला करने वाला शरीफुल इस्लाम बांग्लादेश का है और अवैध प्रवासी है। उसने हिंदू पहचान रख ली थी।

### अंतर्राष्ट्रीय साजिश से इंकार नहीं

- मुंबई की एक अदालत ने रविवार को सैफ अली खान पर हमला मामले में गिरफ्तार एक व्यक्ति को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया और कहा कि अंतरराष्ट्रीय साजिश से संबंधित अभियोजन पक्ष की दलील को खारिज नहीं किया जा सकता है। पुलिस ने अदालत को बताया कि कथित हमलावर बांग्लादेशी नागरिक है।

ताहिर हुसैन की याचिका पर टिप्पणी

# जेल से चुनाव लड़ने पर सुको सख्त



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सख्त टिप्पणी की कि ऐसे सभी लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। इसके साथ ही पीठ ने पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों क आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर सुनवाई 21 जनवरी तक टाल दी है, जिन्होंने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत मांगी है। मामले में न्यायमूर्ति पंकज मिथल और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने समय की कमी के कारण सुनवाई स्थगित कर दी, लेकिन जैसे ही दिन की कार्यवाही शुरू हुई, ताहिर हुसैन के वकील ने मामले का उल्लेख किया और 21 जनवरी को सुनवाई का अनुरोध किया।

> कहा - ऐसे लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए

### जेल से चुनाव जीतना आसान

पीठ ने जवाब में टिप्पणी की, 'जेल में बैठकर चुनाव जीतना आसान है। ऐसे सभी लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए।' उनके वकील ने जानकारी देते हुए कहा कि ताहिर हुसैन का नामांकन स्वीकार कर लिया गया है। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने 14 जनवरी को ताहिर हुसैन को एआईएमआईएम के टिकट पर मुस्तफाबाद निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए पैरोल दी थी।

### आरोपों को नहीं कर सकते नजरअंदाज

हालांकि, इसने चुनाव लड़ने के लिए 14 जनवरी से 9 फरवरी तक अंतरिम जमानत के लिए उनकी याचिका को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि हिंसा में मुख्य अपराधी होने के नाते ताहिर हुसैन के खिलाफ आरोपों की गंभीरता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, जिसकी वजह से कई लोगों की मौत हो गई। हाईकोर्ट ने कहा कि दंगों के सिलसिले में उनके खिलाफ लगभग 11 एफआईआर दर्ज की गई थीं।